सुप्रभात
रांची, शनिवार
28.09.2024
** नगर संस्करण। पेज : 12
khabarmantralive.com

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net | आश्विन, कृष्ण पक्ष, एकादशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 79 | 06 अंत्योदय से समृद्ध होगा भारत




# अबुआ आभार हेमन्त सरकार

नियुक्ति नियमावली में अड़चनों को दूर कर नियुक्तियों की कड़ियां जोड़ती हेमन्त सरकार

## नव चयनित 444 प्रशिक्षण अधिकारियों को

## मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन

## एवं मंत्रीगण सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

दिनांक: 28 सितम्बर, 2024 | समय: अपराह्न 12:00 बजे | स्थान: जैप-1 ऑडिटोरियम, डोरण्डा, रांची

### युवाओं के सपने, हेमन्त सरकार के हैं अपने

- कृषि पदाधिकारी समेत कई पदों पर राज्य गठन के बाद पहली बार नियुक्ति
- विभिन्न विभागों में हजारों युवाओं की हुई नियुक्ति
- JPSC अथवा JSSC द्वारा अनुशंसित विभिन्न पदों में 75% से 100% झारखण्ड के अभ्यर्थियों की नियुक्ति
- इस वित्तीय वर्ष में 5,403 स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों एवं 539 लैब सहायकों की नियुक्ति
- JSSC द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में चयनित 327 अभ्यर्थियों एवं Re-counselling के उपरांत चयनित 200 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति
- गरीब-गुरुबा परिवार के युवा बने अफसर
- JPSC में रिकॉर्ड समय पर नियुक्ति
- निजी क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को 75% आरक्षण के साथ 1 लाख से अधिक युवाओं को मिला ऑफर लेटर

PRNO 337433 (IPRD) 24-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

मुख्य सचिव का जिलों के अधिकारियों को निर्देश

# दुर्गा पूजा में राज्यभर में डीजे बजाने पर प्रतिबंध

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने दुर्गा पूजा को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुक्रवार को सभी प्रमंडल आयुक्त, उपायुक्त और पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देश दिया कि त्योहार को आपसी भाईचारे और सद्भावना के साथ मनाने की जरूरत है। इसके लिए आवश्यक तैयारियों को सुनिश्चित करें। उन्होंने दुर्गा पूजा के दौरान डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है। साथ ही उन्होंने कहा कि थाना स्तर पर शांति समिति के साथ बैठक आयोजित करें जिसमें समाज के प्रबुद्ध व्यक्तियों को शामिल किया जाये।

**ये रहेगी व्यवस्था**

**सीसीटीवी की व्यवस्था :** सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा ताकि असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा सके। वहीं वॉलिंटियर्स पूजा पंडालों में पर्याप्त संख्या में वॉलिंटियर्स की तैनाती का निर्देश दिया गया। जिससे कि व्यवस्था कंट्रोल में रहे।

**ट्रैफिक व्यवस्था :** सभी जिलों में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखने और बेहतर कम्युनिकेशन प्लान बनाने को जरूरी बताया गया।

**मूर्ति विसर्जन की व्यवस्था :** तालाबों और नदियों में मूर्ति विसर्जन के दौरान सावधानी बरतने के लिए साइनेज लगाने का आदेश दिया गया।

बैठक में प्रधान सचिव वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता सहित अन्य ने भाग लिया।



## पंकज मिश्रा के ट्रायल की दें जानकारी : हाईकोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने अवैध खनन और मनी लॉउंड्रिंग के आरोपी पंकज मिश्रा का निचली अदालत में चल रहे ट्रायल की स्थिति की जानकारी मांगी है। पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करते हुए अदालत ने ट्रायल की स्थिति की जानकारी 18 अक्तूबर तक देने को कहा है। पंकज मिश्रा ने जमानत के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। पंकज मिश्रा को ईडी ने जुलाई 2022 में गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान ईडी ने पंकज मिश्रा, दाहू यादव और उनके सहयोगियों के बैंक खातों में जमा 11.88 करोड़ भी जब्त कर चुकी है। अवैध खनन मामले में ईडी ने साहिबगंज, बरहेट, राजमहल, मिर्जा चौकी और बरहरवा में 19 स्थानों पर तलाशी ली थी। इस दौरान ईडी ने कई दस्तावेज और 5.34 करोड़ कैश जब्त किए थे।

भाजपा का आरोप : हेमंत सरकार के कारण देश की संप्रभुता खतरे में

# सीजीएल परीक्षा पर मुख्यमंत्री सामने आकर दावों की करे बात : अमर बाउरी

**परीक्षा पर खतरा**

- राज्यपाल ने मामले में लिया संज्ञान, वहीं जेएसएससी चेयरमैन ने कहा- गड़बड़ी हुई है तो सूबत पेश करें



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा प्रकरण में कोर्ट ने सरकार को फ्रॉड कह कर संबोधित किया है। श्री बाउरी शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा पहले ही कह रही थी कि यह सरकार महाठग है। आम जनता को ठगकर 2019 में सरकार बनाई थी। युवाओं को हर साल 5 लाख नौकरी देने के नाम पर ठगा। उन्होंने कहा कि हाल ही में सीजीएल-जेएसएससी परीक्षा हुई है। परीक्षा को लेकर विज्ञापन के माध्यम से बड़े-बड़े दावे किये गये। उन्होंने कहा कि सरकार ने परीक्षा के नाम पर पूरे राज्य का इंटरनेट बंद कर दिया था। उन्होंने कहा कि असम की तर्ज पर यह काम किया है। असम सरकार ने तो परीक्षा से काफी पहले सूचना देकर इंटरनेट बंद किया था। इस सरकार की तरह 18 घंटे पहले सूचना नहीं दी थी। सरकार को इस बात की जानकारी थी कि परीक्षा का प्रश्न पत्र जिन्हें बेचा गया है, उनके हाथ से निकलकर यह बाजार में आ गया है। अपनी चोरी और पाप को छिपाने के लिए फिर रात के 2 बजे नेट बंद किया गया। इसके बाद झामुमो के सारे हैंडलर्स सक्रिय हो गया। परीक्षा के आयोजन को उपलब्धि बताने लगे। पूर्ववर्ती रघुवर दास सरकार के कार्यकाल में नौकरी के लिए कई परीक्षाएं हुई। किसी में भी दाग नहीं लगा। सीजीएल परीक्षा को लेकर जिस किसी ने भी विरोध किया, उसको स्थानीय प्रशासन से मिल कर सरकार डरा-धमका रही है। उनपर कानूनी कार्रवाई की बात कही जा रही है। परीक्षा से पहले ही आंसर सीट आ चुके हैं। छात्रों ने इसका वीडियो बनाकर दिखाया है। उन्होंने कहा कि मेरे पास सुबह 4 बजे पूरा लिखा हुआ आंसर सीट आ गया था। भाजपा का साफ कहना है कि गड़बड़ी करके कोई बच नहीं सकता है।

श्री बाउरी ने कहा कि राज्यपाल ने इसपर संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा कि जेएसएससी के चेयरमैन ने कहा कि गड़बड़ी हुई है तो इसका सूबत पेश करे। जेएसएससी के समक्ष छात्रों ने सारे पुख्ता सबूत पेश किये हैं। इसका वीडियो और फुटेज भी है। उन्होंने कहा कि जिन छात्रों ने सच के साथ खड़ा होने का काम किया, उनको धमकी मिल रही है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी छात्र का बाल का बांका होता है तो इसके जिम्मेवार मुख्यमंत्री होंगे।

उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले पर मुख्यमंत्री को सामने आना चाहिये। दावों और सच्चाई की बात करनी चाहिये। मामले में जेएसएससी के दोषी पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिये। इस अवसर पर प्रतुल शाहदेव और शशांकराज भी थे।

# मंइयां सम्मान यात्रा सरकारी धन का बंदरबांट : अर्जुन मुंडा

**परिवर्तन यात्रा**

- स्वास्थ्य सेवाओं की नाकामी के लिए राज्य की गठबंधन सरकार को ठहराया जिम्मेवार
- भाजपा के दिग्गज आदिवासी नेता ने कहा : जनता कर रही त्राहिमाम



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/खरसावां।** भाजपा के दिग्गज आदिवासी नेता अर्जुन मुंडा ने कहा है कि स्वास्थ्य सेवाओं की नाकामी का नाम हेमंत सरकार है। श्री मुंडा शुक्रवार को खरसावां के कुचाई प्रखंड स्थित बिरसा मुंडा स्टेडियम में आयोजित परिवर्त्तन यात्रा में बोल रहे थे। उन्होंने आमदा में अधूरे पड़े मेडिकल कॉलेज अस्पताल को सरकार की नाकामी करार दिया। वहीं, बंद पड़ी अभिजीत कंपनी के नीलाम होने की सूचना पर उन्होंने मंच से राज्य सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ऐसी मंशा रखती है, तो इसके विरोध में मैं धरना पर भी बैठूंगा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अभिजीत कंपनी में जिन किसानों की जमीन ली गई है, उन्हें वह जमीन वापस करनी पड़ेगी। उन्होंने झामुमो सरकार द्वारा निकाली गई मंईया सम्मान यात्रा पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह सरकारी राशि का बंदरबांट है। राज्य में ट्रांसफर-पोस्टिंग कुटीर उद्योग का रूप ले चुका है। जनता त्राहिमाम कर रही है और सरकार बंसी बजा रही है। राज्य की जनता ने इस बार परिवर्तन का मन बना लिया है।

इस दौरान जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा ने भी कहा कि हेमंत सोरेन सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है।

सीएनटी उल्लंघन मामला

## जिला अवर निबंधक सुजीत सिन्हा पर चलेगी विभागीय कार्यवाही

**रांची।** तत्कालीन जिला अवर निबंधक ग्रामीण क्षेत्र हिनू, रांची सुजीत कुमार सिन्हा के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही चलेगी। उनके खिलाफ रांची उपायुक्त ने 18 जनवरी 2022 को ही आरोप पत्र तय करके कार्रवाई की अनुशंसा की थी। यह आरोप था कि उन्होंने सीएनटी- 1908 की धारा-46 1 बी का उल्लंघन किया था। पूरे मामले में उनसे स्पष्टीकरण भी पूछा गया था। सरकार ने डीसी से मंतव्य भी लिया जिसके बाद विभागीय कार्यवाही चलाने का फैसला लिया गया। जांच संचालन पदाधिकारी रिटायर आइएएस कमला जॉन लकड़ा को बनाया गया है। अपर समाहर्ता रांची को उपस्थापन पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। इस संबंध में राजस्व निबंधन भूमि सुधार विभाग ने अधिसूचना जारी किया है। सुजीत सिन्हा अभी निबंधन कार्यालय के निरीक्षक, कोल्हान प्रमंडल जमशेदपुर के पद पर पदस्थापित हैं।

# बाबूलाल और कर्मवीर सिंह से मिले लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष

**राजनीतिक चर्चा**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोक जनशक्ति पार्टी ( आर ) के प्रदेश अध्यक्ष बीरेन्द्र प्रधान शुक्रवार को पार्टी पदाधिकारियों के साथ भाजपा प्रदेश कार्यालय में कर्मवीर सिंह एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से उनके आवास पर मुलाकात की। मुलकात के दौरान विधानसभा चुनाव को लेकर लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने दोनों नेताओं से बीजेपी के साथ गठबंधन को लेकर चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष ने झारखंड में गठबंधन के तहत कई सीटों पर चुनाव लड़ने को लेकर बाबूलाल मरांडी एवं कर्मवीर सिंह को प्रस्ताव सौंपा। उन्होंने कहा कि पार्टी के संस्थापक स्व रामविलास पासवान एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के काफी चाहने वाले हैं। झारखंड में हमारा संगठन काफी मजबूत है और जिस तरह से गठबंधन के तहत विगत लोकसभा चुनाव में पड़ोसी राज्य बिहार में पार्टी सौ प्रतिशत स्ट्राइक रेट के साथ जीत दर्ज की है, उसी प्रकार प्रदेश विधानसभा चुनाव में भी लोजपा-भाजपा गठबंधन सौ प्रतिशत सफलता हासिल करेगी।

गृह जिला में जाने के लिए मिल रहे हैं पुलिस मुख्यालय में आवेदन

# पुलिस मुख्यालय ने पुलिसकर्मियों के मनपसंद जगह पर ट्रांसफर के लिए निकाला विज्ञापन

**सुनहरा अवसर**

- नक्सल ग्रस्त इलाकों में जाने से कतरा रहे हैं पुलिसकर्मी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड पुलिस में पदस्थापित आरक्षी, जमादार, हवलदार अपने गृह जिला लौटना चाहते हैं। ऐसा इसलिये संभव हो पाया है कि पुलिस मुख्यालय ने पुलिसकर्मियों को उनकी मनपसंद जगह पर जाने के लिए इश्तेहार निकाला है। पुलिस मुख्यालय ने 12 जिलों में मनचाहा पोस्टिंग का ऑफर निकाला है। पसंदीदा जगह पर जाने पर पुलिसकर्मियों को एक आवेदन पत्र भरना है, उसके बाद उनकी पोस्टिंग उस जिले में करने की बात कही गयी है।

जानकारी के मुताबिक, झारखंड पुलिस में कॉन्स्टेबल रैंक के हजारों पुलिसकर्मी किसी-किसी जिलों में दस साल से ज्यादा समय तक तैनात हैं, अधिकारियों के तबादला तो हो जाता है, लेकिन वह चाह कर भी जिलों से निकल नहीं पाते लेकिन अब झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने वैसे सभी पुलिसकर्मियों को एक मौका दिया है। यह सुविधा सभी कॉन्स्टेबल रैंक के पुलिसकर्मियों के लिए है।

**इन-इन जिलों के लिए निकाला गया आवेदन :** पुलिस मुख्यालय के द्वारा जिन 12 जिलों की लिस्ट बनाई गई है, उनमें गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, सिमडेगा, खूंटी, गुमला, चाईबासा, चतरा, साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़, जामताड़ा के साथ-साथ जंगल वारफेयर स्कूल नेतरहाट और सीटीसी मुसाबनी भी शामिल है।

**नक्सलग्रस्त इलाकों में जाने से कन्नी काट रहे हैं पुलिसकर्मी :** झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र होने की वजह से गढ़वा, पलामू, लातेहार और लोहरदगा जैसे जिलों में पुलिसकर्मी जाना नहीं चाहते हैं। हालांकि कुछ ऐसे भी पुलिसकर्मी हैं, जो इन जिलों में इसलिए जाना चाहते हैं क्योंकि उनका घर वहां नजदीक है। यही वजह है कि झारखंड के इन 12 जिलों में कॉन्स्टेबल रैंक के पुलिसकर्मियों को मनपसंद जगह जाने का मौका दिया जा रहा है। आवेदन पत्र का रिस्पांस भी बहुत बेहतरीन मिल रहा है। बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी रूरल जिलों में जाने के लिए आवेदन कर रहे हैं।

धनबाद में पुलिस के खिलाफ एफआइआर मामला

# हाईकोर्ट ने मेंटीबिलिटी पर फैसला सुरक्षित रखा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** एक निजी चैनल के मालिक अरूप चटर्जी के खिलाफ धनबाद में दर्ज विभिन्न केस के अनुसंधानकर्ता, तत्कालीन एसपी और डीएसपी समेत कुछ गवाहों के खिलाफ केस दर्ज करने को लेकर दाखिल याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट की एकल पीठ में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पैरवी की। उनकी ओर से मामले में मेंटीबिलिटी ( याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं) पर बहस की गई। कपिल सिब्बल की ओर से कहा गया कि यह याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। पुलिस अधिकारियों के खिलाफ धनबाद में कोयले के अवैध व्यापार में वसूली का प्रार्थी ने जो आरोप लगाया है वह बेबुनियाद है, प्रार्थी प्रभावित व्यक्ति नहीं है। उनके खिलाफ पुलिस ने जो कार्रवाई की है इसीलिए पुलिस को फंसाने के लिए उन्होंने उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आवेदन दिया है। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद मेंटीबिलिटी पर फैसला सुरक्षित रख लिया। पूर्व में कोर्ट ने राज्य सरकार को इस केस की मेंटीबिलिटी के संबंध में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था।

# राजद कार्यकर्ताओं की मांग : राजधानी में हटिया और रांची विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी उतारे राजद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश राजद कार्यालय में राजद कार्यकर्ताओं की बैठक शुक्रवार को प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव की मौजूदगी में हुई। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि राजद को हटिया और रांची विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशी खड़ा करना चाहिए, क्योंकि रांची में 1990 से तकरीबन सात बार बीजेपी के विधायक निर्वाचित हुए जिसमें राजद दो बार बहुत कम वोटों से पीछे होकर द्वितीय स्थान पर रहा और कांग्रेस तीसरे स्थान पर रही। वहीं हटिया में भी कमोवेश वैसी ही स्थिति रही। 1990 से बीजेपी के विधायक रामजीलाल शारदा कई बार विधायक रहे उसके बाद सिर्फ दो बार 2005, 2009 में गोपाल नाथ शाहदेव विधायक निर्वाचित हुए। इस क्षेत्र में राजद करीब 3 बार द्वितीय स्थान पर रहा और कांग्रेस तीसरे स्थान पर रही, सिर्फ पिछली बार कांग्रेस द्वितीय स्थान पर रही। कार्यकर्ताओं का कहना था कि अब तक एक बार आजसू, जेवीएम और बीजेपी इस क्षेत्र से प्रतिनिधित्व करते आ रही है, इसलिए राजद को इस बार दोनो सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा करने की जरूरत है। कांग्रेस इन दोनों विधानसभा क्षेत्रों में प्रभावहीन हो गयी है।

महासचिव कैलाश यादव ने कहा कि कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करना पार्टी का दायित्व है। निश्चित रूप से पार्टी को इस प्रस्ताव को अवगत कराया जाएगा। पार्टी आलाकमान के निर्देश के बाद प्रदेश राजद इन दोनों सीटो पर चुनाव लड़ने की तैयारी करेगी। उन्होंने कहा कि राजद का सीधा लड़ाई बीजेपी से है। बीजेपी ध्रुवीकरण कर सामाजिक भावनाओं पर चोट पहुंचाने का काम कर रही है। बीजेपी घुसपैठ के नाम पर तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। राजद इसका मुंहतोड़ जवाब देगी।

बैठक में रामकुमार यादव, शब्बर फातमी, विवेक यादव, दीपक यादव, मुन्ना पासवान, अभिषेक सिंह, सुनील यादव, जावेद अंसारी, मो. रिजवान अहमद, निरंजन प्रसाद, सुरेश राय, योगेंद्र शर्मा, देवानंद महतो, संतोष सिंह, दिनेश यादव, कुंदन यादव, अमरजीत सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## छवि रंजन मामले में अब सात अक्टूबर को सुनवाई

**रांची।** बरियातू के चेशायर होम रोड स्थिति एक एकड़ जमीन की खरीद-फरोख्त के फर्जीवाड़े में संलिप्त रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की ओर से दाखिल डिस्चार्ज याचिका पर शुक्रवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। आगे की सुनवाई के लिए अदालत ने 7 अक्तूबर की तारीख निर्धारित की है। संभवतः उसी दिन अदालत आदेश भी पारित कर सकती है। मामले में अपने को निर्दोष बताते हुए छविरंजन की ओर से 19 जुलाई को डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। मामला आरोप गठन पर है।

# नेताओं के नफरत फैलाने वाले बोल पर निर्वाचन आयोग कार्रवाई करे : सीपीएम

- निर्वाचन आयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने का केवल ढोल पीट रहा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीपीएम राज्य सचिवमंडल के सदस्य प्रकाश विपल्व ने कहा है कि झारखंड मे जैसे-जैसे चुनाव करीब आता जा रहा है, भाजपा के केंद्रीय मंत्रियों और उनके मुख्यमंत्रियों द्वारा झारखंड आकर सांप्रदायिक नफरत और वैमनस्य फैलाने वाले बोल तेज होते जा रहें हैं। उन्होंने कहा है कि पिछले 23 सितंबर को चुनाव आयोग की पुरी टीम ने झारखंड आकर राजनीतिक पार्टियों के साथ हुई बैठक में यह भरोसा दिलाया था कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए वह हर संभव प्रयास कर रहा है। चुनाव आयोग की टीम से मुलाकात करने वाले सीपीएम के प्रतिनिधि मंडल ने उन्हें लिखित रूप से एक ज्ञापन देकर मांग की थी कि सांप्रदायिक वैमनस्य फैलाने वाले सार्वजनिक वक्तव्यों पर वह संज्ञान ले, लेकिन निर्वाचन आयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने का केवल ढोल पीट रहा है, क्योंकि भाजपा नेताओं के नफरती बोल पर अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया है।

सीपीएम का राज्य सचिवमंडल राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी समेत केंद्रीय निर्वाचन आयोग से मांग करता है कि आपत्तिजनक वक्तव्य देने वाले केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों द्वारा दिए गए वक्तव्यों का पेपर क्लिप और इलेक्ट्रानिक मीडिया को दिए गए उनके बाईट के फुटेज को खंगाले और नफरती बोल के उनके वक्तव्यों पर जांच कर कानूनी कार्रवाई करने का काम करे। यदि चुनाव आयोग इस दिशा में आगे नहीं बढता है तब उसकी विश्वसनीयता पर संदेह पैदा होना स्वाभाविक है।

# गांधी और शास्त्री जयंती पर प्रदेश कांग्रेस चुनावी अभियान करेगी शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस चुनाव अभियान समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश मौजूद थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि राष्ट्रपिता एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के दिन से पूरे प्रदेश में कांग्रेस चुनाव अभियान की शुरूआत करेगी ।

**विकास के एजेंडे को हर व्यक्ति तक पहुंचाना कांग्रेस का लक्ष्य :** बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से हमें राज्य के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है। हमें विकास के एजेंडे और भावी कार्यक्रमों को हर व्यक्ति तक पहुंचाना होगा ताकि झारखंड के विकास मे उनकी सहभागिता हो सके। जनता की समस्याओं को जड़ से जानना और निराकरण का रास्ता हमें इस अभियान से प्राप्त कर उस पर अमल करना है। हर व्यक्ति की तरक्की हमारा निर्धारित लक्ष्य है।

बैठक में पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदीप कुमार बालमुचु, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, ममता देवी, रविंद्र सिंह, राकेश सिन्हा, शहजादा अनवर, भीम कुमार, डॉ राजेश गुप्ता, रमा खलको, गीताश्री उरांव, निरंजन पासवान, अनुपमा सिंह, आदि थे।



### कार्यकर्ताओं को विघटनकारी शक्तियों से सावधान रहने की जरूरत : रामेश्वर उरांव

विधायक दल नेता डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहा कि झारखंड में एक अलग तरह का माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस के चुनावी अभियान का आधार जनता को विघटनकारी शक्तियों से सावधान करना होना चाहिए। झारखंड की अस्मिता के सवाल पर यह चुनाव लड़ा जायेगा। झारखंडी मान सम्मान की रक्षा कांग्रेस के चुनावी अभियान का आधार होगा। पंचायत से लेकर शहरी क्षेत्र तक चुनावी धार को में मजबूत रखना है ताकि झारखंडी जनता के बीच घृणा फैलाने वाली ताकतें सावधान रहें।

### संविधान की मूल प्रस्तावना की रक्षा कांग्रेस का मूल मकसद : सुबोधकांत सहाय

समिति के अध्यक्ष सुबोध कांत सहाय ने कहा कि अभियान के माध्यम से महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की अवधारणा को मजबूत करने की दिशा में कदम उठाना है। संविधान की मूल प्रस्तावना की रक्षा हमारे अभियान का मूल मकसद है। उन्होंने कहा कि संविधान पर लगातार हमले हो रहे हैं, सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है, अल्पसंख्यकों, दलितो, आदिवासियों की अस्मिता को विरोधी दल खतरे में डाल रहे हैं। उनके अधिकारों के हनन का प्रयास किया जा रहा है, ऐसे तत्वों से सावधान रहने और उनके खिलाफ जनता को जागरूक करना हमारा मकसद होगा।

बैठक में लिये गये निर्णय की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि आगामी 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के अवसर पर कांग्रेस का चुनावी अभियान पूरे राज्य में प्रारंभ किया जाएगा। भारतीय लोकतंत्र और गांधी के विचारों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता को लेकर जिलों में सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जिसमें बौद्धिक वर्ग से जुड़े लोगों, स्वतंत्रता सेनानियों, सामाजिक संगठनों,समाज के प्रबुद्ध लोगों को आमंत्रित कर उनके विचारों को जाना जाएगा।

# मंत्री इरफान ने पंचायत सचिवालय सहायक संघ को दिया आश्वासन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय सहायक संघ के हजारों की संख्या में सदस्यों ने शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार के नेतृत्व में ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी के आवास पर शुक्रवार को मुलाकात की। मौके पर मंत्री इरफान अंसारी ने सभी पंचायत सहायक सदस्यों को आश्वासन दिया कि आज कैबिनेट में आप लोगों की चर्चा मुख्यमंत्री से करेंगे और जो काम रुका हुआ है, उसको चालू करवाएंगे। इस सरकार में सबका काम हो रहा है, आप लोगों का भी काम होगा। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार, युगल किशोर प्रसाद, बाल गोविंद महतो, लव कुश प्रजापति, आनंद कुमार गुप्ता, मंटू , गौतम, पंकज, अक्षय, सुबोध, दिलचंद, अजय, बालेश्वर, विभा, सुनीता, बनिता,पूनम, रजनी एवं 24 जिला के पंचायत सहायक के सदस्य हजारों की संख्या में उपस्थित थे।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, शनिवार
28.09.2024
नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com

khabarmantra.net | आश्विन, कृष्ण पक्ष, एकादशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 79



12 फिल्म मातृ देवो भव: की शूटिंग शुरू

### न्यूज डायरी

### सुप्रीम कोर्ट से छविरंजन को नहीं मिली जमानत

**रांची।** रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को जमानत देने से सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इनकार कर दिया। शीर्ष कोर्ट ने हाइकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। सेना के जमीन घोटाले में ईडी कोर्ट और हाईकोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद छवि रंजन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी।

### पूजा सिंघल को फिर झटका, नहीं मिली बेल

**रांची।** मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद पूजा सिंघल को चौथी पर झटका लगा है। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका खारिज कर दी है। याचिका पर सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने 20 सितंबर को आदेश सुरक्षित रख लिया था। पूजा दूसरी बार जमानत की गुहार लगाते हुए 12 सितंबर को याचिका दाखिल की थी।

### रामगढ़ स्वास्थ्य विभाग घोटाले की सीआईडी जांच

रामगढ़। स्वास्थ्य विभाग में घोटाले की जांच अब सीआइडी करेगी। रामगढ़ जिला प्रशासन ने जांच करने के लिए एक अनुरोध पत्र सीआइडी को भेजा है। शुक्रवार की शाम प्रेस कांफ्रेंस में डीसी चंदन कुमार ने किया है। डीसी ने बताया कि पहले एक करोड़ रुपये के घोटाले को लेकर यह मामला सामने आया था लेकिन जांच के दौरान अब तक 3.90 करोड़ तक जा पहुंचा है।

### धनबाद में दिनदहाड़े पांच लाख की छिनैती

**धनबाद।** बाइक सवार अपराधियों ने दिनदहाड़े बीच सड़क पर पांच लाख नकदी छीन लिया। पीड़ित बैक से पैसे निकाल जैसे ही रोड पर आया, अपराधी बैग छीन कर कर भाग गये।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 71600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 94000 रु./प्रति किलो |




नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में सीजीएल विवाद पर बोले सीएम

# मीडिया ट्रायल से सरकार को बदनाम करने की साजिश

## "पूर्ववर्ती सरकार ने न नियमावली बनायी और ना बहाली की

- अब नियुक्तियों चल पड़ा है सिलसिला
- नियुक्ति पत्र पाकर खिल उठे लोगों के चेहरे



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को जेएसएससी की ओर से अनुशंसित 527 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस दौरान उन्होंने सीजीएल विवाद पर कहा कि मीडिया ट्रायल के जरिये विपक्ष के लोग सरकार पर कालिख पोतने का काम हो रहा है। सीएम शुक्रवार को डोरंडा स्थित जैप- 1 के शौर्य सभागार में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अभी जेएसएससी का एक एग्जाम हुआ है। उसमें मीडिया ट्रायल चल रहा है। वास्तविकता का किसी को अता-पता नहीं। उन्होंने कहा कि विपक्षी लोग सरकार को कितना कालिख पोत सकें, लगे हुए हैं। हमलोगों ने बिल्कुल संकल्पित होकर काम किया है।

उसी का नतीजा है कि अब निरंतर सरकार नियुक्तियां कर रहे हैं। पांच वर्षों में अनगिनत नियुक्तियां की हैं। नियुक्तियों के साथ पोस्टिंग में बरती जा रही पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता बरती गयी है। निजी क्षेत्रों में चुने गये बच्चे तो विदेशों तक में नौकरी कर रहे हैं।

**527 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र :** शुक्रवार को जिन्हें नियक्ति पत्र मिला उनमें 120 पीजीटी और टीजीटी शिक्षक, 200 सहायक शिक्षक एवं 56 प्रयोगशाला सहायक। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में 47, पथ निर्माण विभाग में 25, जल संसाधन विभाग में 49, नगर विकास एवं आवास विभाग में 28, वित्त- वाणिज्य कर एवं खाद्य आपूर्ति विभाग में एक-एक और रिम्स में तीन अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिला।

**रिकॉर्ड समय में परीक्षा की प्रक्रिया पूरी :** सीएम ने कहा कि हमारी सरकार बनने के बाद जेपीएससी की परीक्षा बिना किसी विवाद के रिकॉर्ड समय में पूरी हुई। आज बीडीओ, सीओ, डीएसपी और अन्य अधिकारी राज्य को अपनी सेवा दे रहे हैं। इससे पहले जेपीएससी की एक परीक्षा प्रक्रिया पूरी होने कई वर्ष लग जाते थे।

**दौड़ में मौत, तह तक जाने की मांग :** उन्होंने कहा कि कोरोना के बाद उत्पाद सिपाही की नियुक्ति में शारीरिक दक्षता वाला पहला एग्जाम रहा। (शेष पेज 11 पर)

### जितनी खुशी आपको, उससे अधिक हमें भी

नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद सीएम ने कहा कि आज का दिन आपके और आपके परिवार के लिए जितना खुशी और उत्साह का है, उतना ही हमारे लिए भी है। आप सभी सरकार के अभिन्न अंग के रूप में जुड़ रहे हैं। इसे सिर्फ एक नौकरी ना समझें, बल्कि आपको सामाजिक दायित्व निभाने का अवसर प्राप्त हो रहा है। मुझे पूरी उम्मीद है कि आप अपनी क्षमता और दक्षता का इस्तेमाल राज्य के विकास के पहिए को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। नियुक्ति पत्र पाकर खिल उठे सबके चेहरे।

# पांच लाख नये राशन कार्ड बनेंगे, डीलर कमीशन बढ़ा

## कैबिनेट ने सिल्ली में डिग्री कॉलेज समेत 49 प्रस्तावों को दी मंजूरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड मंत्रिपरिषद की शनिवार को बैठक में 49 प्रस्ताव पारित किये गये। झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा में संशोधन किया गया और लाभुक की संख्या 20 लाख से बढ़कर 25 लाख लाभुक किया गया। अब राशन कार्ड 5 लाख बढ़ा दिया गया। डीलर कमीशन भी 100 से बढ़ाकर डेढ़ सौ रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में डिग्री कॉलेज स्थापना के लिए 59 करोड़ 69 लख रुपए की स्वीकृति दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट सचिव बंदना डाडेल ने बताया कि झारखंड राज्य युवा आयोग प्रक्रिया संचालन 2024 की स्वीकृति दी गयी। मोटरयान स्क्रेपिंग सुविधा 2024 की स्वीकृति दी गयी।

कैबिनेट सचिव ने बताया कि 15 साल से अधिक अवधि वाले सरकारी वाहन का संचालन बंद किया जायेगा। उन्हें कबाड़ घोषित किया जायेगा। हालांकि, निजी वाहनों को कुछ शर्तों के साथ छूट दी जायेगी। स्क्रैप वाहन सर्टिफिकेट के आधार पर नये वाहनों की खरीद पर निबंधन शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट ले सकेंगे। स्टेट ऑफ आर्ट घोषित करने के लिए राजकीय पॉलिटेक्निक साहिबगंज में नये भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गयी। चतरा के तत्कालीन कार्यपालक दंडाधिकारी आशुतोष कुमार को सेवा से बर्खास्त करने का दंड बरकरार रखने की स्वीकृति दी गयी। पारा मेडिकल कर्मियों की नियुक्ति नियमावली में संशोधन की किया गया। राजकीय पॉलिटेक्निक खरसावां नये भवन की स्थापना के लिये 38 करोड़ 55 लख रुपये की मंजूरी दी गई। बीआइटी सिंदरी में इन्नोवेशन सेंटर स्थापना की स्वीकृति।

**पांच लाख हरा राशन कार्ड बनेगा :** राज्य सरकार हरा राशन कार्ड की सीमा को 15 लाख से बढ़ाकर 20 लाख तक करेगी। गरीबों को इसके माध्यम से निः शुल्क राशन उपलब्ध कराया जायेगा। राजकीय पॉलिटेक्निक कोडरमा के लिये नये भवन बनाने के लिये 39 करोड़ 5 लख रुपये योजना की स्वीकृति दी गयी। जगन्नाथ महतो मेडिकल कॉलेज बोकारो के नाम से अब मेडिकल कॉलेज होगा। खान एवं खनिज अधिनियम 1947 झारखंड जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट नियमावली 2024 का गठन किया है। कृषक मित्रों को दे आकस्मिक राशि में वृद्धि की गयी। वर्तमान में इन्हें 1000 मिल रहा है जिसे बढ़ाकर 2000 पर प्रतिमाह किया गया। इसका लाभ 16532 कृषक मित्रों को मिलेगा।

### शुल्क नियामक आयोग बनेगा

उन्होंने बताया कि झारखंड में प्रोफेशनल एजुकेशन इंस्टीट्यूट के लिए शुल्क नियामक आयोग का गठन होगा। निजी कॉलेज का शुल्क निर्धारण इसके जरिये होगा। राजकीय पॉलिटेक्निक आदित्य पर महिला पॉलिटेक्निक जमशेदपुर और पॉलिटेक्निक खरसावां और जगन्नाथपुर के विद्यार्थी को प्रशिक्षण के लिये संशोधित करते हुये इंडो डाइनिंग टूल जमशेदपुर का चयन करते हुये ट्रेनिंग दी जायेगी।

जमशेदपुर कोऑपरेटिव लॉ कॉलेज के विकास के लिए 31 करोड रुपए की योजना स्वीकृत की गयी। फूलो झानू चिकित्सा महाविद्यालय दुमका में नर्सिंग कॉलेज के पद सृजन की मंजूरी दी गयी। मेदिनी नगर दुमका में दो स्थाई जिला न्यायाधीश करने की मंजूरी दी गई।

रांची में रविंद्र भवन के लिये 290 करोड़ के पुनरीक्षित प्राक्कलन की स्वीकृति दी गयी। डिजिटल पंचायत योजना में संशोधन किया गया पंचायती राज विभाग अंतर्गत प्रति ग्राम पंचायत 7550 पहले था, उसके साथ जीएसटी राशि को जोड़ा गया है। भारत सरकार द्वारा अनब्लॉक के जरिये नाल नदी इत्यादि के जल प्रवाह बदलने के लिये बनाया गया है।

# ग्रामीण विकास सचिव को कोर्ट ने कहा, गुमराह न करें



खबर मन्त्र संवाददाता

### अवमानना मामला

**रांची।** डीआरडीए कर्मियों की ओर से झारखंड सरकार के कर्मियों की तरह नियमित किये जाने को लेकर दाखिल एक अवमानना याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान ग्रामीण विकास विभाग के सचिव कोर्ट में सशरीर हाजिर हुए। कोर्ट ने उन्हें जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए कहा कि वह बतायें कि प्रार्थी की कही गयी बातें गलत है, प्रार्थी ने कहा है कि वह इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट नहीं गये हैं। कोर्ट ने मौखिक कहा कि अगर प्रार्थी या प्रतिवादी, राज्य सरकार द्वारा कोर्ट को गलत जानकारी दी जायेगी तो और उनके खिलाफ कड़ा आदेश पारित किया जायेगा। कोर्ट को गुमराह करने की कोशिश ना की जाये।

दरअसल, डीआरडीए में पदस्थापित कर्मियों ने झारखंड सरकार के कर्मियों की तरह अपनी सेवा स्थाई करने का आग्रह किया था। उनकी ओर से कहा गया था कि उन्हें दूसरे विभाग में सामंजय करते हुए संविदा पर नियुक्त किया जा रहा है, जबकि वे डीआरडीए में स्थाई कर्मी के रूप में नियुक्त हुए थे। मामले को लेकर अनिल कुमार एवं अन्य की ओर से याचिका दाखिल की गयी है। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वह सुप्रीम कोर्ट नहीं गया है, हाई कोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला दिया था। डीआरडीए के कुछ कर्मी स्थाई वेतनमान को लेकर सुप्रीम कोर्ट गए थे वहां उनके मामले में पारित आदेश पर कोर्ट ने मुहर लगा दी है।

### 'तरक्की' के लिए तंत्र मंत्र में बच्चे की बलि

**हाथरस।** यूपी के हाथरस जिले के सहपऊ क्षेत्र में बच्चे की हत्या मामले में पुलिस ने घिनौनी घटना का खुलासा किया है। स्कूल की तरक्की के लिए तांत्रिक क्रिया के तहत कृतार्थ की बलि दे दी गयी। पुलिस ने इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह घटना रासगवां गांव स्थित एक आवासीय स्कूल डीएल पब्लिक स्कूल से संबंधित है। दूसरी कक्षा के छात्र कृतार्थ कुशवाहा (11 साल) की हत्या गला दबाकर की गयी थी। छात्र का शव स्कूल प्रबंधक की कार से बरामद किया गया था। पुलिस के अनुसार, इस घटना की जड़ स्कूल के प्रबंधक दिनेश बघेल के पिता जशोधन सिंह से है। वह तंत्र-मंत्र करता था। स्कूल प्रबंधक और उसके पिता ने बच्चे की हत्या इसलिए की क्योंकि उनका मानना था कि बच्चे की बलि देने के बाद उनका स्कूल और काम धंधा अच्छा चलने लगेगा। उन्होंने स्कूल की तरक्की के लिए तांत्रिक क्रिया के तहत कृतार्थ की बलि दी।

# घोषणा पत्र में युवा, महिला व किसानों पर होगा फोकस


## भाजपा की सरकार बनी तो महिलाओं को मिलेंगे 2100

### केंद्रीय कृषि मंत्री ने किया दावा झारखंड में सत्ता परिवर्तन तय

### शिवराज सिंह चौहान से खबर मन्त्र की विशेष बातचीत

उदय चौहान

**रांची।** केंद्रीय कृषि मंत्री व झारखंड प्रदेश भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में तो झारखंड में सत्ता परिवर्तन तय है। जनता ने यह फैसला कर लिया है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया जायेगा।



भाजपा के चुनाव घोषणा पत्र में युवा, महिला व किसानों पर फोकस होगा। महिलाओं के नाम पर संपत्ति की रजिस्ट्री मात्र एक रूपये में फिर शुरू की जायेगी। यह योजना पूर्ववर्ती रघुवर सरकार में शुरू की गयी थी। इसी प्रकार लक्ष्मी लाडली योजना की तर्ज पर यहां की महिलाओं को सीधे 2100 रुपये दिये जायेंगे। यह योजना भाजपा की है। **श्री चौहान खबर मन्त्र** से बातचीत में बोल रहे थे।

**नकल है मंइयां योजना :** श्री सिंह ने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार ने लक्ष्मी लाडली योजना की नकल के रूप में मईयां योजना लागू की है। उन्होंने गठबंधन सरकार पर जनता को भ्रमित करने का आरोप लगाया और कहा कि केवल चुनाव में लुभाने के लिए मईयां योजना शुरू की है। हमारा महिला सशक्तिकरण का कमिटमेंट है। जैसे हम भाजपा शासित राज्यों में बहनों को सीधे पैसे दे रहे हैं, वैसे ही झारखंड में भी देंगे। हेमंत सरकार ने 4 साल 10 महीने तक माता-बहनों की सुधि नहीं ली। अब चुनाव के आहट होते ही उन्हें माता-बहनों की याद सताने लगी है। उन्होंने गरीब महिलाओं को प्रति माह 2 हजार रुपये चूल्हा खर्च देने का वादा किया था, जो पूरा नहीं किया। झारखंड सरकार केवल चुनाव के नजदीक आते ही बहनों को टुकड़ों-टुकड़ों में पैसा दे रही है। झारखंड की बहनें सब समझती और जानती है, इसका जवाब अब बहनें चुनाव में देंगी।

**यहां के लोगों की जीवनशैली शानदार :** श्री चौहान ने झारखंड के आदिवासी-मूलवासी की जीवनशैली की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यहां का खाना-पीना काफी पौष्टिक व शुद्ध है। यहां श्रीअन्न (मोटे अनाज) रागी की रोटी, मक्के की रोटी, अलग-अलग भाजी और अलग-अलग रोटी, पत्ते में सेंक कर रोटी बनायी जाती है। बांस के फूल की सब्जी, बांस का सलाद, सब कुछ अद्भुत और भोजन बहुत स्वादिष्ट है।

(शेष पेज 11 पर)



# आरबीआइ रांची कार्यालय में स्वच्छता माह एवं स्वच्छ मुद्रा सप्ताह का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** आरबीआई@90 के अंतर्गत अपने नवोन्मेषी प्रयासों और पहलों की श्रृंखला में एक और अभिनव पहल के रूप में भारतीय रिजर्व बैंक, रांची ने स्वछता अभियान और स्वच्छ मुद्रा अभियान को एक साथ जोड़ते हुए 27 से 03 सितंबर 2024 तक 'स्वच्छ मुद्रा सप्ताह' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है, ताकि पूरे प्रदेश में साफ सुथरे नोटों और सिक्कों की सर्वत्र सहज उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह ने शुक्रवार सुबह झारखंड में अवस्थित सभी बैंको के प्रमुखों एवं प्रतिनिधियों की उपस्थिति में इस स्वच्छ मुद्रा सप्ताह का शुभारंभ किया। बैंक अधिकारियों को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय निदेशक ने 'एक ध्येय दस सूत्र' साझा करते हुए यह अशन किया कि समेकित प्रयासों के जरिये; जिनमे नोट विनिमय जागरूकता, सभी बैंक शाखाओं द्वारा नये व साफ सुथरे नोट जारी करना, वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा स्वयं निरीक्षण, निगरानी व मार्गदर्शन से सुनिश्चित करना कि स्वच्छ नोट हाट-बाजार व परिवहन स्थानों जैसे अन्य जनबहुल क्षेत्रों में उपलब्ध हों, शाखा अधिकारियों द्वारा आसपास के इलाकों में नोट विनिमय अभियान चलाना, एलडीएम के जरिये ग्रामीण व अर्धशहरी जगहो पर शिविर लगाना, अन्य गतिविधियों के साथ स्वच्छ नोट अभियान का समेकन, अभियानपर्यंत हर दिन एवं यथासंभव सप्ताहांत में भी नोट विनिमय शिविर का आयोजन, हर शाखा में स्वच्छ नोट सप्ताह एवं विनिमय संबन्धित पोस्टर व जानकारी तथा आवश्यक प्रशिक्षण सम्मिलित हैं। इसका एकमात्र उदेश्य पूरे प्रदेश को स्वच्छ मुद्रा प्रदेश बनाने का है।

# तीन दिवसीय झारखंड युवा सदन की शुरुआत




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार के (इंडस्ट्री) सचिव आईएएस जितेंद्र कुमार सिंह और झारखंड सरकार के (लेबर) सचिव आईएएस मुकेश कुमार ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को झारखंड युवा सदन 4.0 का उद्घाटन किया। तीन दिवसीय कार्यक्रमे के पहले दिन अथिति के रूप मे चैम्बर ऑफ कॉमर्स के आद्यक्ष किशोर मंत्री, सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया से अधिवक्ता ऋषिनद्र विक्रम सिंह, आईपीआस संजय रंजन और इंडियन स्टार्ट उप एसोसिएशन के आद्यक्ष राठिन भाद्रा सम्मिलित हुए। राज्य के 81 प्रखंडों से 81 युवा इस कार्यक्रम मे संमलित हुए है। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के पार्लियामेंट्री सेशन मे मानव तस्करी विधेयक बिल पर संसदीय सत्र 28 और 29 सितंबर को अयोजित है। मुख्य अथिति मुकेश कुमार सभा को संबोधित करते हुए कहा की जब भी संविधान को पढ़े तो उसके एसेंस को जाने।

भारत मिश्रित सभ्यता से भरा बहुमूल्य देश है, संविधान के पहले एसेंस समाज में अलगाव के दायरे को पहचान कर हर किसी के वैल्यू को रिस्पेक्ट करना जरूरी है। (इंडस्ट्री) सचिव आईएआस जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा की आज के युवा को इंस्टाग्राम का ट्रेंड और लेटेस्ट गेम्स के बरे मे पूरी जानकारी है, लेकिन सांविधानिक मूल्यों की नहीं। सभी युवाओ को कांस्टीट्यूशन का प्रियंबल पढ़ना चाहिए, प्रियंबले मे लिखे गए प्रत्येक शब्द का आर्थ बहुमूल्य है। इस कार्यक्रम के आयोजन मे युवा सदन के अध्यक्ष आकाश पांडे, डायरेक्टर कृष्णानु आनंद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम में बच्चों को बताये गये ड्रग्स के साइड इफेक्ट

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** बोड़ेया स्थित विद्या विकास पब्लिक स्कूल में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान में डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस अथॉरिटी झारखंड, सीआईडी झारखंड, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने कक्षा 8 से 12 के छात्रों को अवैध ड्रग्स के नकारात्मक प्रभावों और कानूनी पहलुओं के बारे में जानकारी दी। सीआईडी झारखंड के पुलिस अधिकारी रिजवान अंसारी ने छात्रों को डीएसपी रैंक के अधिकारियों के मोबाइल नंबर और बार कोड प्रदान किए। जिससे वे किसी भी अवैध ड्रग्स से संबंधित शिकायत या जानकारी साझा कर सकेंगे।

कार्यक्रम में डालसा के पैनल अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा, एनसीबी के इंटेलिजेंस ऑफिसर मनोहर मंजुल, ड्रग्स कंट्रोल के असिस्टेंट डायरेक्टर कुंज बिहारी और सीडब्ल्यूसी रामगढ़ की सदस्य आरती वर्मा ने अपने विचार साझा किए। अधिकारियों ने अवैध ड्रग्स के खिलाफ बने कड़े कानूनों, विशेषकर एनडीपीएस एक्ट के तहत रोकथाम के प्रावधानों पर चर्चा की। अंत में सभी उपस्थित छात्रों और शिक्षकों ने नशा मुक्ति की शपथ लिया।

# मारवाड़ी सहायक समिति की वार्षिक सभा 29 को प्रस्तावित संविधान संशोधन का व्यापक विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मारवाड़ी समाज के सभी अंग यथा अग्रवाल, ब्राशण, माहेश्वरी, जैन ,ओसवाल , सैन, विजयवर्गीय, खंडेलवाल आदि की संयुक्त संस्था 111 वर्ष पुरानी मारवाड़ी सहायक समिति के संविधान में संशोधन का प्रयास पिछले 10 वर्षों से विवाद में चल रहा है। सन 1958 में बिहार में निबंधित इस संस्था का कार्य लगभग 50 वर्षों तक इस संविधान के आधार पर चल रहा था। वर्ष 2000 के पहले वासुदेव प्रसाद बुधिया व राजकुमार केडिया के कार्यकाल में संशोधनों पर विचार करके विशेष साधारण सभा में संशोधन किया गया। 2002 में विश्वनाथ नारसरिया व धर्मचंद जैन

## चुनाव पद्धति में बड़े फेरबदल के प्रस्ताव संपत्ति संरक्षण मंडल के गठन का प्रस्ताव

रारा के कार्यकाल में मामूली संशोधन किया गया। तब से अब तक इस संविधान के आधार पर यह संस्था बहुत अच्छे से चल रही है और इसकी सभी संपत्ति भी सुरक्षित हाथों में हैं। मारवाड़ी सहायक समिति में कुछ लोग संविधान में अपने ढंग से संशोधन करने का प्रयास पिछले 6-7 वर्षों से लगातार कर रहे हैं। विगत दो सत्रों में कार्यकारिणी समिति ने इन संशोधनों को अस्वीकृत कर दिया था। पुनः वर्तमान तीसरे सत्र में वही सब संशोधन लेकर 29 सितंबर को वार्षिक साधारण सभा बुलाई गई है। इन संशोधनों में पदाधिकारियों के योग्यता की सीढ़ीनुमा शर्तें डालना आम सदस्यों के अधिकारों का हनन है, साथ ही सक्षम और युवा लोगों को रोकना है । तथा इसकी विशाल संपत्ति के उपयोग हेतु पूर्व अधक्षों की एक संपति संरक्षण मंडल का प्रस्ताव दिया गया है। इस लिस्ट में एक ही परिवार के कई सदस्य है। इन संशोधनों के विरोध में प्रमुख लोगो ने एक विरोध पत्र जमा किया है।

इस विरोध पत्र में तीन पूर्व अध्यक्ष सर्व विश्वनाथ नारसरिया , अरुण बुधिया, प्रदीप राजगरिया सहित अजय मारू, रविशंकर शर्मा, कृष्णा लाल शर्मा , सुरेश कु जैन, विनय सरावगी एवम प्रेम मित्तल के हस्ताक्षर है।

# रांची में नया मेडिकल कॉलेज खोलने की मंजूरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने दुर्गा पूजा से पहले शुक्रवार को हुई कैबिनेट की बैठक में रांची में नया मेडिकल कॉलेज, गंगा नदी पर फोर लेन पुल बनाने समेत कई प्रस्तावों को मंजूरी दे दी। सीएम की अध्यक्षता में मंत्रालय भवन में हुई कैबिनेट की बैठक में रांची में नया मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के साथ-साथ राजमहल में गंगा नदी पर फोर लेन पुल के निर्माण की स्वीकृति दे दी है। रांची के कांके स्थित रिनपास में 10,74,68,00,700 (10 अरब 74 करोड़ 68 लाख 700 रुपए) रुपए की लागत से एक नया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निर्माण होगा। पश्चिम बंगाल के मानिकचक और झारखंड के राजमहल के बीच गंगा नदी पर एक फोरलेन उच्चस्तरीय पुल का निर्माण होना है। इसका निर्माण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI) करायेगा। पुल निर्माण (पहुंच पथ निर्माण, भू-अर्जन, युटिलिटी शिफ्टिंग) की अनुमानित लागत की 50 फीसदी राशि राज्य सरकार खर्च करेगी। इससे संबंधित प्रस्ताव को भी आज की बैठक में मंजूरी दे दी गयी। केंद्र प्रायोजित पीएम पोषण (मध्याह्न भोजन) योजना अंतर्गत रसोईया-सह-सहायिका को राज्य योजना अंतर्गत राज्य योजना मद से अतिरिक्त मानदेय के रूप में प्रति माह 1000 रुपए की वृद्धि की गयी है।

पहले इन्हें 10 माह तक प्रति माह 1,000 रुपए मिलते थे, वहीं अब इन्हें प्रति माह 2,000 रुपये मिलेंगे। कैबिनेट की बैठक के बाद कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने यह जानकारी दी।

## बालाजी मंदिर में इंदिरा एकादशी अनुष्ठान आज

**रांची।** तिरुपति बालाजीद्ध मंदिर में शनिवार को आश्विन कृष्ण पक्ष की इंदिरा एकादशी व्रत मनाया जायेगा । इस अवसर पर प्रातः 4. 30 बजे से उद्यास्तमन सेवा महानुष्ठान के अंतर्गत पारब्रश परमेश्वर श्रीश्रीनिवास दम्पति का महाभिषेक होगा। भगवान को फलाहारी प्रसाद का भोग, महाआरती, महास्तुति, तदियाराधन और गोष्ठी एशठारी के बाद मासिक अर्चना होगी। तदोपरान्त प्रातः 7 बजे से आम श्रद्धालु अपने-अपने अभीष्टों के लिये भगवान की पूजा -अर्चना कर सकेंगे । एकादशी की पूर्व तिथि दशमी में शुक्रवार 27 सितंबर को भगवान श्रीमन्नारायण का दूध, दही एहल्दी,चंदनए शहद, गंगाजल और डाभयुक्त जल से महाभिषेक हुआ। रजनीगंधा और गुलाब पुष्प के मालाओं से भव्यातिभव्य श्रृंगार निवेदन करके महाआरती की गई।

# सीयूजे के विद्यार्थियों का सीआईटी में एक दिवसीय प्रशिक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखण्ड के एनर्जी इंजीनियरिंग विभाग के पांचवें सेमेस्टर के 28 विद्यार्थियों ने शुक्रवार को कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग लैब में एक दिवसीय प्रशिक्षण लिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने रनिंग लोड करंट, एसी व डीसी पावर जनरेशन, शंट मोटर स्पीड कंट्रोल, डीसी सीरीज मोटर के बारे में संस्थान के विशेषग्यो से प्रायोगिक रूप से प्रशिक्षण प्राप्त किया।

इस दौरान संस्थान के प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन, उप प्राचार्य प्रो रसीका नवनीत सिंह, ट्रिपल ई डिपार्टमेंट के विभगध्यक्ष डॉ बी सी साहा, डॉ नैयर मुमताज, प्रो बी एन घोष, प्रो.पी पी दास, प्रो. सुजीत, अनुप्रिया, खुशबू लुगुण आदि शिक्षकों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

विद्यार्थियों के साथ मौजूद सीयूजे के सहायक प्राध्यापक डॉ संदीप गुप्ता ने कहा की संस्थानों का परसपर सहयोग विद्यार्थियों के लिये काफी हितकर है। प्राचार्य डॉ रंगनाथन ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शिक्षकों के प्रति आभार जताया।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मदर्स इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को में फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ स्कूल के डायरेक्टर अंबुज कुमार झा ने किया। दंत चिकित्सक डॉ.रश्मि सौरभ, नेत्र रोग विशेषज्ञ मो.साकिब, डॉ. रम्सा शफी सहित पारा मेडिकल टीम ने छात्रों के स्वास्थ्य की जांच कर स्वस्थ रहने की परामर्श दी। निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर को सफल आयोजन में स्कूल एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर डॉ. साक्षी झा, मदर्स इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग के सचिव अमित मोहन आदि मौजूद थे।

# चंपई के गढ़ में कल्पना ने कहा, हेमंत दादा को जितायें



**रांची।** पूर्व सीएम व अब भाजपा नेता चंपई सरायकेला में शुक्रवार को मंईयां सम्मान यात्रा के तहत कल्पना सोरेन ने रोड शो किया। सरायकेला के कांड्रा मोड़ पर रोड शो में कल्पना सोरेन का जोरदार अभिनंदन किया। कल्पना सोरेन अपनी कार के छत पर जा बैठीं मौके पर महिलाओं ने पत्ते से बने झारखंडी टोपी और माला कल्पना सोरेन को भेंट की। अपने वाहन की छत पर बैठकर कल्पना सोरेन ने लोगों का अभिवादन करते हुए पूछा कि मंईयां सम्मान योजना की राशि उनके खाते में आ रही है ना। हेमंत दादा जिताएंगे ना।

## मृतक के स्वजनों को मिला 52 किलो अनाज

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के हेसातु निवासी पिंटू उरांव की 28 वर्षीय सुषमा देवी की पिछले दिनों आकस्मिक मृत्यु हो गई। जिसकी जानाकरी मिलने पर शुक्रवार को विधायक के सलाहकार रमेश उरांव पहुंचे और मृतक के स्वजनों को अनाज दिया। कहा 52 किलो चावल विधायक राजेष कच्छप के सौजन्य से मुहैया कराया गया है। विधायक द्वारा मृतक के प्रति दुख भी जताया गया है। कहा इस दुख के घड़ी में विधायक मृतक परिवार के साथ हैं।

# झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ की स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह की तैयारी को लेकर बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ की स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह कार्यक्रम की तैयारी को लेकर मुख्य संरक्षक उदय शंकर प्रसाद की अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक हुईं। मुख्य संरक्षक ने बताया कि प्रदेश संगठन ने सांसद मनीष जायसवाल ,सांसद आदित्य साहु ,सांसद ढुल्लू महतो , केबिनेट मंत्री झारखन्ड सरकार बन्ना गुप्ता, विधायक नवीन जयसवाल, विधायक अमित मंडल, विधायक अम्बा प्रसाद, विधायक बिरेंची नारायण जैसे अनेक लोगों को निमंत्रित कर स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र भेजा गया है। झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ की चयन समिति ने सुंडी समाज में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले 8 लोगों का नाम चयनित किया है, जिन्हें सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ शिविर भी लगाया जायेगा।

# छठ घाट का सफाई अभियान चला

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने स्वच्छता ही सेवा के तहत शुक्रवार को कांके डैम के छठ घाट में सफाई अभियान का नेतृत्व किया। इस स्वच्छता अभियान में संस्थान के निदेशक (तकनीकी/ईएस) शंकर नागाचारी, महाप्रबंधक व विभागागध्यक्ष एवं कर्मचारीगण सहित रांची नगर निगम के वार्ड-1 के पूर्व पार्षद नकुल तिर्की ने हिस्सा लिया। इस अभियान के दौरान करीब 500 लोगों द्वारा घाट की सफाई की गयी और लगभग 5000 किलोग्राम कूड़ा निपटान हेतु एकत्र किया गया।

कांके डैम, रांची के छठ घाट की सफाई स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत रांची नगर निगम द्वारा सीएमपीडीआई (मुख्यालय), रांची को सौंपे गए स्वच्छता लक्ष्य इकाई में से एक है। स्वच्छता लक्ष्य ईकाई का निर्धारण स्थानीय निगम द्वारा नियत मानकों के आधार पर किया जाता है।

# शहीद-ए-आजम भगत सिंह व्यक्ति नहीं विचारधारा : स्टूडेंट फोडरेशन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन एवं ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन द्वारा संयुक्त रूप से शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह की 117वी जयंती के अवसर पर रांची में सीपीआई राज्य कार्यालय के सभागार में मनाई गई। इस मौके पर आयोजित परिचर्चा में छात्र और नौजवानों के एकता पर बल दिया। परिचर्चा में नेताओं ने एक स्वर में कहा कि भगत सिंह व्यक्ति नहीं एक विचारधारा का नाम है। उन्होंने कम उम्र में ही अंग्रेजों से लड़ते हुए हंसते-हंसते फांसी पर चढ़ गए। झारखंड में यूथ स्टूडेंट के संगठन को विस्तार कर शहीद-ए-आजम की विचारधारा को जन-जन तक ले जाने की जरूरत है। इसीलिए पूरे राज्य में 25000 छात्रों को गोलबंद कर संगठन का विस्तार करने का संकल्प लिया गया और 50 हजार नवजवानों का संगठन से जोड़ने की बात कही गयी। सभी जिलों में जिला सम्मेलन करने एवं राज्य सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। जयंती समारोह के मुख्य उद्देश्य वर्तमान राजनीतिक स्थिति में युवाओं छात्रों की भूमिका पर सभी नेताओं ने प्रकाश डाला।

**परिचर्चा में इन्होंने भाग लिया**

आयांजित परिचर्चा में राज्य सचिव महेंद्र पाठक, एआईएसएफ के पूर्व राज्य सचिव जैनेंद्र कुमार भंते, एआईकेएस राज्य सचिव पुष्कर महतो, अजय कुमार सिंह, राज्य कार्यकारिणी के सदस्य जितेंद्र सिंह, डॉ जितेंद्र कुमार, ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन के राज्य सचिव विष्णु कुमार ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन के सचिव विक्रम कुमार, बीकेएमयू के राज्य सचिव इम्तियाज खान ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय कुमार सिंह ने किया।

इसके पूर्व शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर गगन भेदी नारों के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का उदघाटन एआईएसएफ के पूर्व राज्य सचिव ज्ञानेंद्र कुमार ने किया।

## शिक्षकों के पदस्थापन में पैरवी और पैसा को ध्यान में रखा जा रहा हैं न कि छात्र हित : यशवंत

**रांची।** जिले के माध्यमिक विद्यालय में छात्र संख्या को नजरंदाज कर रांची शहरी क्षेत्र अवस्थित ऐसे विद्यालय में अंतर जिला से आए शिक्षकों को पदस्थापित कर दिया गया हैं, जहां पहले से छात्र अनुपात में शिक्षकों की संख्या काफी ज्यादा हैं। झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष यशवंत विजय ने कहा कि जिस तरह से शिक्षकों के पदस्थापन विभाग द्वारा किया जा रहा हैं। इससे प्रतीत होता हैं कि पैरवी और पैसा को ध्यान रखा जाता हैं न कि छात्र हित। जिले में बहुत से विद्यालय हैं जहां काफी संख्या में छात्र हैं और वहां छात्र अनुपात में शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं रहने के कारण विद्यालय संचालन सुचारू रूप से संभव नहीं हो पाता हैं। जब जब शिक्षकों की पदस्थापन होती हैं, पूरी तरह से विभाग शहरी क्षेत्र के विद्यालयों पर ही केंद्रित करती हैं। शहरी क्षेत्र के विद्यालयों में पदस्थापन का मुख्य वजह यही रहता हैं, अन्य विद्यालयों के अपेक्षा यहां दुगुना आवास भत्ता और अतिरिक्त परिवहन भत्ता मिलता है। उदाहरण के तौर पर शहर के छोटानागपुर बालिका उच्च विद्यालय जहां वर्ग नवम और दशम में छात्रों की संख्या लगभग 150 हैं और वहां पहले से ही 17 शिक्षक पदस्थापित हैं।

# एक्सपो उत्सव ने शहरवासियों का दिल जीता, खूब हुई खरीदारी

**फैशन शो : रैंप पर उतरी सुंदरियां**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** एक्सपो उत्सव के भव्य उद्घाटन के बाद राजधानी के लोगों ने बारिश के बावजूद जमकर खरीदारी की। एक्सपो के 27वें संस्करण ने शहरवासियों का दिल जीत लिया है। जहां बच्चों को फनगोला एम्यूजमेंट पार्क बेहद पसंद आ रहा है, वहीं महिलाओं को बनारसी साड़ी, बॉलीवुड सूट और होम एप्लायंसेस जैसी वस्तुएं आकर्षित कर रही हैं। पुरुष वर्ग के लिए ऑटोमोबाइल जोन मुख्य आकर्षण बना हुआ है। यहां मर्सिडीज, ऑडी, मारुति, बीएमडब्ल्यू जैसी चार पहिया वाहन और सुजुकी, ट्रायम्फ जैसे दो पहिया वाहनों का भव्य प्रदर्शन किया गया है। इस बार एक्सपो में अंतरराष्ट्रीय उत्पादों की भी धूम है। थाईलैंड के फुटवियर, ईरान के कालीन, अफगानिस्तान के ड्राई फ्रूट्स, बांग्लादेश की साड़ियां और कुर्तियां भी खरीदारों को खूब पसंद आ रही हैं। साथ ही, तुर्की की प्रसिद्ध मिठाई बकलावा भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। हर दिन नई-नई प्रतियोगिताओं और शोज का आयोजन किया जा रहा है। फैशन शो में बेहतरीन मॉडलों ने रैंप पर उतरकर नये परिधान और आभूषणों का शानदार प्रदर्शन किया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा, डॉग शो में भी कई नयी नस्लों के कुत्तों का प्रदर्शन हुआ, जिसे देखकर लोग रोमांचित हो गए। एक्सपो में हर वर्ग के लोगों के लिए कुछ न कुछ खास है, जो इसे शहर का सबसे बड़ा और सबसे लोकप्रिय कंज्यूमर फेयर बना रहा है।

- *बनारसी साड़ी, बॉलीवुड सूट और होम एप्लायंसेस जैसी वस्तुएं ग्राहकों को कर रहीं आकर्षित।*
- *पुरुष वर्ग के लिए ऑटोमोबाइल जोन मुख्य आकर्षण का केंद्र, मर्सिडीज, ऑडी, मारुति, बीएमडब्ल्य का प्रदर्शन।*



**अंतरराष्ट्रीय उत्पादों की धूम : थाईलैंड के फुटवियर, ईरान के कालीन, अफगानिस्तान के ड्राई फ्रूट्स और बांग्लादेश की साड़ियां खूब भा रहीं**



## बीएससी नर्सिंग प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा आज, परीक्षा केंद्रों पर धारा-163 लागू

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा परिषद द्वारा आयोजित बीएससी नर्सिंग (बेसिक/पोस्ट बेसिक) प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा शनिवार को रांची के सात केंद्रों पर आयोजित है। परीक्षा को कदाचारमुक्त वातावरण में कराने को लेकर सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने धारा-163 के अंतर्गत परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी कि है, जो 28 सितंबर को सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक प्रभावी रहेगा। इन परीक्षा केन्द्रों पर रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा द्वारा पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति भी की गई है। इस दौरान पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होने पर पाबंदी रहेगी (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों तथा सरकारी कार्यक्रम एवं शवयात्रा को छोड़कर)।



**परीक्षा केन्द्र का नाम**

**बीएससी नर्सिंग (बेसिक)**

(1) बिरसा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (ट्रस्ट), देवी दर्शन मंदिर रोड गेतलातू, नेवरी विकास, रांची (2) आर.टी.सी हाई स्कूल हिन्दी मीडियम, पी एच.ई.डी. बुटी रांची (3) ग्रीनलैण्ड पब्लिक स्कूल, रोड नं-05 प्रेम नगर हेसाग हटिया रांची, (4) सत अन्ना गर्ल्स हाई स्कूल डॉ. कामिल बुलके पथ, पुरुलिया रोड़ रांची (5)संत अन्ना इंटरमिडिएट कॉलेज पुरुलिया रोड रांची (6) संत जॉन हाई स्कूल, कर्बला टेंक रोड, रांची।

**बीएससी नर्सिंग (पोस्ट बेसिक)**

आरटीसी हाई, स्कूल हिन्दी मिडियम, पी.एच.ई.डी. बूटी रांची।

## बिजली अलर्ट : आज और कल 4 घंटे पावर कट रहेगा

**रांची।** दुर्गा पूजा में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए रांची बिजली आपूर्ति सिस्टम का मेंटेनेंस किया जायेगा। इसके लिए हटिया ग्रिड का 132/33 और 33 केवी हाफ मेन बेस का मरम्मत का कार्य किया जाएगा। 28 सितंबर को सुबह 11: 15 बजे से लेकर दोपहर 3.30 बजे तक 33 केवी राजभवन सब स्टेशन, हरमू सबस्टेशन, रातु सब स्टेशन, ब्रांबे, टाटी सिल्वे सब स्टेशन बंद रहेगा। जिससे संबंधित क्षेत्रों में करीब 3:30 घंटे बिजली नहीं रहेगी। वहीं 29 सितंबर को भी सुबह 11.15 बजे से लेकर दोपहर 3.30 बजे तक कांके पुंदाग, धुर्वा, रातु, बेड़ो, अरगोड़ा, आरएंड सेल, हाई कोर्ट फीडर बंद रहेगा। इससे संबंधित क्षेत्र में साढ़े तीन घंटे बिजली नहीं रहेगी। वहीं 28 सितंबर को सुबह 11:00 बजे लेकर 4:00 तक 33 केवी हटिया, तुपुदाना, हाजम फीडर बंद रहेगा। इसके कारण इससे संबंधित क्षेत्र में चार घंटे बिजली नहीं रहेगी।

# सदर अस्पताल में न्यूरोसर्जरी और क्रिटिकल केयर विभाग होगा शुरू

**प्रस्ताव पारित**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार, रांची जिले के सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने शुक्रवार को समाहरणालय में अस्पताल प्रबंधन समिति सामान्य परिषद की बैठक की। बैठक में निदेशक रिम्स के प्रतिनिधि, उपाधीक्षक सदर अस्पताल, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, अस्पताल प्रबंधक सदर अस्पताल, डीपीएम रांची, राम कृष्ण मिशन रांची के प्रतिनिधि, शिशु रोग विशेषज्ञ सदर अस्पताल रांची, यूनिसेफ के प्रतिनिधि एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



**अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक में लिये गये निर्णय**

- सदर अस्पताल के सौंदर्यीकरण के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया
- सदर अस्पताल के पैथोलॉजी से सभी प्रखंडों को जोड़ने के प्रस्ताव को पारित किया गया
- प्रखंडों से प्राप्त मुख्यमंत्री अस्पताल रख रखाओ योजना से संबंधित प्राप्त प्रस्ताव को पारित किया गया
- अस्पताल प्रबंधन समिति के एग्जीक्यूटिव बॉडी का गठन पुनः करने का निर्णय लिया गया
- कैथलैब लगाने से संबंधित प्रस्ताव को पारित किया गया
- सदर अस्पताल के इक्विपमेंट मेन्टेनन्स के लिए एएमसी/ सीएमसी करने का निर्णय लिया गया
- सदर अस्पताल रांची में न्यूरोसर्जरी विभाग, क्रिटिकल केयर विभाग, पी एस एम विभाग शुरू करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

## शहर में नौ अल्ट्रासाउंड सेंटर के रजिस्ट्रेशन की मिली स्वीकृति

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर शुक्रवार को जिला सलाहकार समिति (पीसी एवं पीएनडीटी) की बैठक हुई। इस बैठक में अल्ट्रासाउंड सेंटर के रजिस्ट्रेशन, रिन्यूअल, संस्थानों को मशीन के फॉर्म-इ में एंट्री, चिकित्सकों की जॉइनिंग, यूएसजी मशीन खरीदने और स्थान परिवर्तन पर विचार-विमर्श किया गया। इसमें एक अल्ट्रासाउंड सेंटर के रिन्यूअल और नौ सेंटर के रजिस्ट्रेशन की स्वीकृति प्रदान की गयी। इसके अलावा तीन संस्थानों को मशीन के फॉर्म-बी में एंट्री, एक सेंटर के स्थान परिवर्तन, आठ चिकित्सकों की जॉइनिंग और चार संस्थानों को यूएसजी मशीन खरीदने के अभ्यावेदन को मंजूरी दी गयी।

**अल्ट्रासाउंड सेंटर के निरीक्षण को लेकर दिये दिशा-निर्देश :** सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने अल्ट्रासाउंड सेंटर के निरीक्षण को लेकर दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सेंटर का निरीक्षण करें और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियम संगत कार्रवाई करें। बैठक में पीसी एवं पीएनडीटी समिति सदस्य, डीपीओ प्रबंधक प्रवीण कुमार सिंह एवं राकेश राय थे।

## अभिनेत्री अमीषा पटेल से संबंधित चेक बाउंस का मामला निष्पादित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल ने चेक बाउंस की पूरी रकम 2 करोड़ 75 लाख रुपये शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह को चुका दी है। अंतिम किस्त के रूप में 19 लाख बकाया थे। इसका भुगतान 14 लाख एवं 5 लाख रुपये की दो किस्तों में किया गया। इस प्रकार अमीषा पटेल के खिलाफ 2018 से चल रहा चेक बाउंस का मामला निपट गया। इससे पूर्व रकम पूरी मिल जाने के बाद शिकायतकर्ता ने अपने अधिवक्ता बिजय लक्ष्मी श्रीवास्तव के माध्यम से शुक्रवार को न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में निष्पादित याचिका दाखिल की। साथ ही अनुरोध किया गया कि समझौता का वादा पूरा हो चुका है। इसको देखते हुये केस को निष्पादित कर दिया जाये। अमीषा पटेल को केस खत्म होने से बड़ी



राहत मिली है। इसी केस में अमीषा पटेल को रांची की निचली अदालत में आकर 17 जून 2023 को सरेंडर कर जमानत लेनी पड़ी थी।

**राष्ट्रीय लोक अदालत में हुआ था ऑनलाइन समझौता :** तीन करोड़ रुपये के चेक बाउंस से जुड़े मामले में अमीषा पटेल एवं अजय कुमार सिंह के बीच बीते नौ मार्च को लगी राष्ट्रीय लोग अदालत में झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस एसएन प्रसाद की मौजूदगी में ऑनलाइन समझौता हुआ था। इसमें 2.75 करोड़ रुपए चुकाने पर सहमति बनी थी। इसी सुलह के तहत अमीषा पटेल ने 2.75 करोड़ का भुगतान किस्तों में कर चुकाई। जानकारी हो कि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में हुई ऑनलाइन समझौता में अमीषा पटेल में ने कहा था कि मैं आगे मुकदमा लड़ना नहीं चाहती हूं। चेक बाउंस की राशि का जल्द ही भुगतान हो जायेगा।

**क्या है मामला :** फिल्म मेकर रांची के अरगोड़ा निवासी अजय कुमार सिंह ने देसी मैजिक फिल्म बनाने के नाम पर अमीषा पटेल को साल 2017-18 में ढाई करोड़ रुपये दिया था। लेकिन फिल्म नहीं बनी। इसके बाद अमीषा से पैसे वापस मांगा। जिस पर सितंबर 2017 में उसने ढाई करोड़ एवं 50 लाख रुपये का दो चेक दी थी। दोनों चेक बाउंस कर गया। इसको लेकर अजय कुमार सिंह ने अमीषा पटेल एवं कुणाल ग्रूमर के खिलाफ धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुये कोर्ट में 17 नवंबर 2018 को मुकदमा दर्ज कराया था।

## साक्ष्य के अभाव में जानलेवा हमले के चार आरोपी बरी



**रांची।** अपर न्यायायुक्त संजीव झा की अदालत ने जानलेवा हमले के चार आरोपियों राज कुमारी देवी उसका बेटा अजय यादव, फूल कुमारी देवी उसका बेटा करिया यादव उर्फ सिकंदर यादव को सबूत के अभाव में बरी कर दिया है। सभी आरोपी सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के मेजर कोठी खटाल मिश्रा कॉलोनी निवासी है। मामले में सुनवाई के दौरान सिर्फ जांच अधिकारी गौतम कुमार चौधरी की गवाही दर्ज की गई। अन्य कोई गवाही देने नहीं पहुंचा। आईओ की गवाही के बावजूद घटना को कोर्ट में स्थापित नहीं किया जा सका। दरअसल जानलेवा हमला, मारपीट समेत अन्य आरोप को लेकर रंजन यादव ने चारों के खिलाफ 17 जून 2021 को नगड़ी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें कहा गया था कि चारों ने मिलकर लालगुटवा में मेरे पिता पर अचानक लाठी.डंडे से हमला बोल दिया। इसमें पिता की दांत टूट गई थी। हाथ भी टूट गया था। मेडिकल रिपोर्ट भी कोर्ट में साबित नहीं कराया गया था। इसका लाभ आरोपियों को मिला।

## शिवराज सिंह चौहान आज मेदिनीनगर में परिवर्तन यात्रा का करेंगे समापन

**रांची।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पलामू जिले के डाल्टनगंज स्थित शिवाजी मैदान में शनिवार को दोपहर दो बजे प्रमंडल परिवर्तन यात्रा समापन सभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी भी अपने विचार रखेंगे।

एक अन्य खबर के अनुसार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 28 सितंबर को चक्रधरपुर में करेंगे परिवर्तन महासभा। भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री नगेंद्र नाथ त्रिपाठी 28 सितंबर को पलामू जिले के डाल्टनगंज में योग स्थल सिंगरा में आयोजित कार्यक्रम में सुबह 10 बजे हिस्सा लेंगे। इसके बाद वे डाल्टनगंज के शिवाजी मैदान में आयोजित परिवर्तन महासभा में शिरकत करेंगे।

## जेएसएससी की जांच कमेटी गठित एक सप्ताह में सौंपेगी अपनी रिपोर्ट

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने छात्रों के हंगामे के बीच दो सदस्यीय जांच कमेटी का गठन कर दिया है। कमेटी परीक्षा में हुई कथित गड़बड़ी की शिकायतों की जांच करेगी। कमेटी की अध्यक्षता जेएसएससी के सचिव सुधीर कुमार गुप्ता करेंगे। कमेटी में दो सदस्य बनाए गए हैं। आयोग की संयुक्त सचिव मधुमिता कुमारी और उप-सचिव सह परीक्षा नियंत्रक अरविंद कुमार लाल को कमेटी का सदस्य बनाया गया है। कमेटी एक सप्ताह के अंदर जांच कर रिपोर्ट सौंपेगी।

## बिजली व इस्पात उद्योग की जरूरतों पर दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मेकॉन की ओर से शुक्रवार को बिजली और ऊर्जा उपकरण निमार्ताओं और आपूर्तिकर्ताओं के लिए विक्रेता विकास कार्यक्रम और इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन मेकॉन सामुदायिक हॉल में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें विक्रेताओं को भारतीय बिजली और इस्पात उद्योग की उभरती जरूरतों और भविष्य की व्यावसायिक संभावनाओं के बारे में बताया गया। विक्रेताओं ने अपने उत्पादों के बारे में बताया। साथ ही विक्रेता पंजीकरण से जुड़े अपने मुद्दे भी सामने रखे।

मौके पर धातु के ईडी एसके भट्टाचार्जी, अनुबंध, एनएमडीसी और सेवाएं के सीजीएम प्रभारी वीके झा, सतर्कता सीजीएम केके मिश्रा, अनुबंध सीजीएम नीलेश बी सोकी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## रामगढ़ स्वास्थ्य विभाग में घोटाले की होगी सीआइडी जांच : उपायुक्त

**अमजद हुसैन ने किया 3.90 करोड़ का घोटाला**

एजेंसी

**रामगढ़।** जिले के स्वास्थ्य विभाग में घोटाले की जांच अब सीआईडी करेगी। रामगढ़ जिला प्रशासन ने जांच करने के लिए एक अनुरोध पत्र सीआईडी को भेजा है। इस बात का खुलासा शुक्रवार की शाम प्रेस कांफ्रेंस के दौरान रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने किया है।

डीसी ने बताया कि एक महीने पहले एक करोड़ रुपये के घोटाले को लेकर यह मामला सामने आया था लेकिन जांच के दौरान अब तक 3.90 करोड़ तक का घोटाला उजागर हो चुका है। हालांकि, अभी तक यह जांच पूरी नहीं हो पाई है। घोटाले की गहराई बढ़ती जा रही है और जिला प्रशासन का दायरा सीमित है। इसलिए सीआईडी के द्वारा ही इसकी जांच कराई जानी उचित है।

डीसी ने बताया कि एक महीने पहले डॉक्टर राहुल उमरे के पैन कार्ड में वेतन के भुगतान को लेकर शिकायत दर्ज हुई थी। जब जांच की गई तो पता चला कि पांच डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मियों के नाम पर फर्जी एकाउंट खोलकर अनुसेवक अमजद हुसैन करोड़ों का घोटाला कर रहा था। उस समय सिर्फ एक वर्ष की जांच रिपोर्ट सामने आई थी। इसके बाद रामगढ़ एसडीएम आशीष गंगवार के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम ने इस घोटाले की जांच शुरू की। एक महीने के मैराथन जांच के बाद यह पता चला कि अमजद हुसैन ने वेतन के नाम पर 2.39 करोड़ रुपये का भुगतान अपने और अपनी पत्नी के अकाउंट में किया है।

दूसरा सबसे बड़ा घोटाला फायर इक्विपमेंट लगाने के नाम पर किया गया। सवा करोड़ रुपये एक ऐसी कंपनी को दिए गए, जिसके लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी नहीं की गयी। यहां तक कि उस कंपनी को लगातार एडवांस पेमेंट किया गया, जिसमें नियमों की भारी अनदेखी हुई। डीसी ने बताया कि घोटाले का यह सिलसिला यहीं तक नहीं रुका। वाउचर के भुगतान को लेकर भी काफी गड़बड़ी हुई है। 55 लाख रुपये का घोटाला सिर्फ वाउचर के नाम पर हुआ है। उसका भुगतान अमजद हुसैन के खाते में किया गया है। तीसरा सबसे बड़ा घोटाला टीडीएस के नाम पर हुआ। वेतन का टीडीएस आयकर विभाग के खाते में ना जाकर अमजद हुसैन और उसकी पत्नी के खाते में भेजा गया। यह सारे मामले एक बड़े घोटाले की ओर इशारा कर रहे हैं।

डीसी चंदन कुमार ने बताया कि अप्रैल 2021 से सितंबर 2024 तक की जांच की जा चुकी है। हालांकि कई वर्षों के वाउचर और कई संचिकाएं उपलब्ध नहीं हुई हैं।

## सीसीएल में 38वां क्षेत्रीय खान बचाव सुरक्षा प्रतियोगिता का समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** 38वां खान सुरक्षा प्रतियोगिता समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन शुक्रवार को सीसीएल दरभंगा हाउस के कन्वेंशन सेंटर में किया गया। प्रतियोगिता 25 एवं 26 सितंबर तक एमआरएस रामगढ़ और भुरकुंडा यूजी, बरका सयाल क्षेत्र में मनाई गई। इस प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने भाग लिया। सीसीएल में मनाये गये समारोह के आरंभ में आर्मी बैंड ने गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया।



कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर डॉ एस एस प्रसाद, उप महानिदेशक डीजीएमएस तथा मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएल सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह उपस्थित थे। इस समारोह में आफताब अहमद, एवं एन पी देवरी, सहित खान सुरक्षा महानिदेशालय के वरीय अधिकारीगण भी उपस्थित थे। अवसर विशेष पर निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (तकनीकी) हरीश दुहान, निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) सतीश झा, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार तथा अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

कार्यक्रम का आरंभ गणमान्यों ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत महाप्रबंधक (सुरक्षा) एसके सिंह ने सभी गणमान्य व्यक्तियों को संबोधित करते हुए सीसीएल की बचाव सेवा का संक्षिप्त विवरण दिया। कार्यक्रम के दौरान डीएवी ,गांधीनगर के छात्रों ने नृत्य एवं नाट्य की सुंदर प्रस्तुति देकर उपस्थित सभी का मन मोह लिया। इस प्रतियोगिता में हुए सभी प्रतिस्पधाओं को एक लघु फिल्म के माध्यम से सभी के समक्ष रखा गया।

**प्रतियोगिता में आठ प्रतिस्पर्द्धा में कर्मियों ने हिस्सा लिया**

1. रिले रेस, 2. ऑनलाइन टेस्ट, 3. फ्लैग होस्टिंग, 4. फर्स्ट एड प्रतियोगिता, 5. स्टेटूटोरी टेस्ट, 6. एफएबी, 7. रेस्क्यू एवं 8. रिकवरी। कार्यक्रम के अंत में गणमान्यों द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

## सशक्त महिलाओं के बल पर ही समाज बढ़ेगा : शिल्पी नेहा

**रांची।** मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि सशक्त महिलाओं के बल पर ही समाज आगे बढ़ सकता है अन्यथा दुनिया की कोई भी ताकत न केवल समाज या देश, बल्कि घर-परिवार को भी आगे नहीं बढ़ा सकती। तिर्की ने कहा कि आज समाज की सबसे बड़ी जरूरत महिलाओं में जागरुकता का व्यापक प्रसार करना है और इसके लिये स्वयं महिलायें ही भूमिका निभा सकती हैं। मांडर प्रखण्ड के मंदरों में झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के महिला समूह की बैठक में शुक्रवार को तिर्की ने कहा कि महिलाओं के स्वाबलम्बन के लिए सरकार हर कदम पर साथ खड़ी है। सुश्री तिर्की ने बेड़ो प्रखंड के जहानाबाद में चबूतरा निर्माण और पीसीसी पथ का शिलान्यास भी किया और वहां ग्रामीणों से समस्याओं के सन्दर्भ में बातचीत की।

# योग वैज्ञानिक विधा

अमेरिका,यूरोप व खासकर चीन में योग को लेकर बड़े शोध किए जा रहे हैं। कुछ समय पहले नोबेल पुरस्कार के सम्मानित एक अमेरिकी न्यूरो सर्जन ने माना था कि प्राणायाम मानसिक रोगों के उपचार में सबसे ज्यादा प्रभावी है। हालांकि, आज सारी दुनिया में योग बाजार सजाकर अरबों का कारोबार किया जा रहा है, लेकिन भारत में योग के प्रति वैसी दीवानगी नजर नहीं आती। निस्संदेह, मोदी सरकार को देश-विदेश में योग को प्रतिष्ठित करने तथा एलोपैथी व अन्य चिकित्सा विधाओं में समन्वय की दिशा में सार्थक पहल करने का श्रेय दिया जाना चाहिए। हाल ही में आईआईटी व एम्स दिल्ली द्वारा एमआरआई के जरिये कराये गए एक अध्ययन में इस बात की पुष्टि हुई कि योग निद्रा से न केवल नींद की गुणवत्ता बढ़ती है बल्कि मन के भटकाव को रोककर नींद को भी नियंत्रित किया जा सकता है। दरअसल, योग निद्रा सोने और जागने के बीच एक सचेतन अवस्था है। जिसका उपयोग योगी ध्यान साधना के लिये करते रहे हैं। योग निद्रा की मानसिक सेहत के लिये उपयोगिता निर्विवाद रही है। अब आईआईटी व एम्स दिल्ली के शोध में भी यह बात स्वीकारी गई कि इससे आराम के गहरे अहसास होते हैं। वहीं दूसरी ओर नियमित योग व ध्यान करने वाले प्रतिभागियों की नींद को नियंत्रित करने की क्षमता सामान्य प्रतिभागियों से अधिक पायी गई।

इस वैज्ञानिक शोध में कई महत्वपूर्ण खुलासे हुए। निस्संदेह, जिन लोगों को कई तरह के मनोकायिक रोग होते हैं, उनके लिये योग निद्रा रामबाण सिद्ध हो सकती है। यही वजह है कि अमेरिका व आस्ट्रेलिया आदि देशों में व्यावसायिक तनाव कम करने हेतु योग निद्रा पर जोर दिया जाता है। दिल्ली में हुए शोध में योग निद्रा से चेतना के उच्चतम स्तर को हासिल करने के तथ्य को भी स्वीकारा गया।

## आज का राशिफल

**मेष : शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। शुभांक-3-5-7**

**वृष : अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। शुभांक-5-6-9**

**मिथुन : व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यो में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8**

**कर्क : समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-4-6-7**

**सिंह : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-3-5-8**

**कन्या : जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-5-7**

**तुला : प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-6-8-9**

**वृश्चिक : स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की दौड़-भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आय के अच्छे योग बनेगें। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-5-6-8**

**धनु : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभाओं में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। पुराने मित्र से मिलन होगा। आत्मचिंतन करें। शुभांक-4-6-8**

**मकर : लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभ कार्यो की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-9**

**कुंभ : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-1-5-8**

**मीन : धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-1-6-9**

## कार्टून वर्ल्ड



# अंत्योदय से समृद्ध होगा भारत



देश की समृद्धि के लिए अंत्योदय अत्यंत आवश्यक है। अंत्योदय का अर्थ है- समाज के अंतिम व्यक्ति का उदय। दूसरे शब्दों में- समाज के सबसे निचले स्तर के लोगों का विकास करना ही अंत्योदय है। अंत्योदय के बिना देश उन्नति नहीं कर सकता, क्योंकि जब तक देश के अति निर्धन वर्ग का उत्थान नहीं होता, तब तक वह मुख्यधारा में सम्मिलित नहीं हो सकता। ऐसी स्थिति में देश भी समृद्ध नहीं हो पाएगा। इसलिए अंत्योदय आवश्यक है।

अंत्योदय के माध्यम से केवल भारत ही नहीं, अपितु समग्र विश्व का विकास हो सकता है। इसके सुनियोजित योजना एवं उत्तरदायित्व आवश्यक है। विश्व के बहुत से विकसित राष्ट्र हालांकि किसी भी योजना के बिना ही वर्तमान आर्थिक विकास की दर प्राप्त करने में सफल रहे हैं, जिससे कुछ लोगों को यह अनुभव हो रहा है कि योजनाएं न केवल अनावश्यक हैं, अपितु निहायत अवांछनीय भी हैं। इसके बावजूद आम सहमति इस बात पर भी है कि यदि अविकसित राष्ट्र थोड़े समय में वही हासिल करना चाहते हैं, जो विकसित देशों ने लगभग एक शताब्दी में प्राप्त किया है तो विकास को अपनी प्राकृतिक गति पर नहीं छोड़ा जा सकता। विकास की प्रक्रिया शुरू करने के लिए भी एक प्रयास करना पड़ेगा और यह प्रयास नियोजित ढंग से होना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 25 सितंबर, 2014 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 98वीं जयंती के अवसर पर अंत्योदय दिवस की घोषणा की थी, तभी से यह दिवस मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का प्रकाश पहुंचाना है, ताकि वे भी प्रगति करके समाज की मुख्यधारा में सम्मिलित हो सकें।

दीनदयाल अंत्योदय योजना के कई घटक हैं, जिन्हें अलग-अलग समय पर प्रारंभ किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने 25 सितंबर, 2014 को दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना भी प्रारंभ की। इसका उद्देश्य निर्धन ग्रामीण युवाओं को नौकरियों में नियमित रूप से न्यूनतम पारिश्रमिक के समान या उससे अधिक मासिक पारिश्रमिक प्रदान करना है। यह योजना ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के लिए की क्रियान्वित की जा रही है। इससे पूर्व 24 सितंबर, 2013 को राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन प्रारंभ किया गया था। इसके अंतर्गत शहरी निर्धनों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने एवं उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने पर ध्यान दिया जाता है। इससे पूर्व 25 सितंबर, 2004 को दीनदयाल अंत्योदय उपचार योजना प्रारंभ की गई थी। इस योजना के अंतर्गत निर्धन रोगियों को एंबुलेंस की सुविधा प्रदान की जाती है।



-डॉ सौरभ

> दीनदयाल अंत्योदय योजना के कई घटक हैं, जिन्हें अलग-अलग समय पर प्रारंभ किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने 25 सितंबर, 2014 को दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना भी प्रारंभ की। इसका उद्देश्य निर्धन ग्रामीण युवाओं को नौकरियों में नियमित रूप से न्यूनतम पारिश्रमिक के समान या उससे अधिक मासिक पारिश्रमिक प्रदान करना है।

उल्लेखनीय है कि सरकार अंत्योदय अन्न योजना संचालित कर रही है। यह योजना 25 दिसंबर 2000 को तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा प्रारंभ की गई थी। इसे केंद्रीय खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्रालय द्वारा लागू किया गया था। इसका उद्देश्य सार्वजनिक वितरण परमाली द्वारा देश के सबसे निर्धन लोगों को रियायती दरों पर भोजन उपलब्ध करवाना है। इस योजना के अंतर्गत निर्धन परिवारों को 35 किलो राशन प्रदान किया जाता है। इसमें 20 किलो गेहूं और 15 किलो चावल सम्मिलित होता है। इसके अंतर्गत गेहूं तीन रुपये प्रति किलोग्राम और चावल दो रुपये प्रति किलोग्राम की दर से दिया जाता है। इसे सबसे पहले राजस्थान में लागू किया गया था। प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि कच्ची नौकरियों में निर्धन परिवारों के युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इसमें वे परिवार सम्मिलित हैं, जिनकी वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है। कोरोना काल से यह राशन निःशुल्क कर दिया गया।

भारतीय जनता पार्टी की केंद्र एवं राज्य सरकारें अंत्योदय के सिद्धांत को लेकर शासन कर रही हैं। भाजपा के अनुसार एकात्म मानववाद और अंत्योदय का दर्शन पार्टी के मार्गदर्शक सिद्धांतों में से एक है। इस सिद्धांत को हम सबका साथ सबका विकास के साथ मिला हुआ देख सकते हैं जो गरीब, ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए सरकार द्वारा तय की गई नीतियों में भी नजर आता है। दीनदयाल जी और उनकी आर्थिक नीतियों ने हमेशा गरीबों की भलाई पर जोर देने की बात की है। उनके आर्थिक विचार में पंक्ति के अंतिम पड़ाव पर खड़ा व्यक्ति शामिल रहा है। उन्होंने कहा था कि ह्यआर्थिक नीति निर्धारण और प्रगति की सफलता का पैमाना यह नहीं है कि समाज के सबसे शीर्ष पर मौजूद व्यक्ति को उससे कितना फायदा मिल रहा है बल्कि यह है कि समाज पर जो लोग सबसे नीचे हैं उन्हें उन नीतियों का कितना फायदा मिला है। अंत्योदय का मतलब समाज के सबसे निचले स्तर पर मौजूद व्यक्ति का कल्याण है। उन्होंने यह भी कहा था कि यह हमारी सोच और हमारे सिद्धांत हैं कि ये गरीब और अशिक्षित लोग हमारे ईश्वर हैं, यही हमारा सामाजिक और मानवीय धर्म है।

उनके इसी अंत्योदय के विचार से प्रेरित होकर केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मौजूद एनडीए सरकार और तमाम प्रदेशों में शासन करने वाली भाजपा सरकारें अंत्योदय के रास्ते पर बढ़ने की ओर अग्रसर हैं तथा गरीब, ग्रामीण एवं किसानों के लिए और समाज के सबसे शोषित वर्ग से आने वाले युवाओं और महिलाओं के कल्याण की ओर प्रतिबद्ध हैं।

गरीब को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करते हुए औसत जीवन स्तर में बढ़ोतरी हुई है। मुद्रा, जनधन, उज्जवला, स्वच्छता मिशन, शौचालयों का निर्माण, दीनदयाल ग्राम ज्योति योजना, आवास योजना, सस्ती दवाएं और इलाज, इन सभी योजनाओं पर कार्य को आगे बढ़ा दिया गया है। तकनीक के प्रयोग से कृषि में सुधार किया जा रहा है एवं किसानों की आय दुगनी करने के इरादे से सिंचाई तकनीकों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। केंद्रीय बजट की सहायता से गांवों में भी कई निवेश किए जा रहे हैं।

दीनदयाल जी के विचारों से प्रेरित भाजपा सरकार देश के संसाधनों का उपयोग केवल देश की उन्नति के लिए करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए यह सरकार भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने, कालाधन रोकने और जनता की कमाई की लूट रोकने के लिए कड़े कदम उठा रही है। एक भारत-श्रेष्ठ भारत का रास्ता गरीबी दूर करके ही मिलेगा।

## लेटर टू एडिटर

### एक देश, एक चुनाव

**देश** में फिजूलखर्ची रोकने के लिए एक देश, एक चुनाव प्रणाली महत्वपूर्ण है। चुनावों पर भारी खर्च केवल सरकारी खर्च नहीं, बल्कि नेताओं द्वारा अपनाए जाने वाले गलत तरीकों से भी बढ़ता है। इस बदलाव के लागू होने से अनिश्चितता कम होगी, नीतिगत निर्णयों पर सकारात्मक असर पड़ेगा, और मतदाताओं की उदासीनता दूर होगी। आर्थिक वृद्धि और स्थिरता में भी सुधार होगा, जबकि प्रवासी श्रमिकों को बार-बार कार्यस्थल छोड़ने की समस्या का समाधान मिलेगा।

**-अमृतलाल, रांची**

### कोविड से मुक्ति

**निःसंदेह,** कोविड-19 ने पिछले चार-पांच वर्षों में भारी जनहानि की। वैज्ञानिकों ने इससे निपटने के लिए कारगर वैक्सीन विकसित की। हालांकि, वायरस पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ और समय-समय पर अपना रूप बदलता रहा है। एक ऐसी वैक्सीन की आवश्यकता है जो सभी वेरिएंट्स को प्रभावी ढंग से नष्ट कर सके। **- रवि, लोहरदगा**

## एक्स - ट्वीट

**आपकी** सरकार ने आपके चेहरे पर मुस्कान लाने का हर संभव प्रयास किया है। आज गांव-गांव सरकार जाती है और लोगों की समस्याओं का समाधान करती है।

किसानों का ऋण माफी हो रहा है। बकाया बिजली बिल माफ किया जा रहा है। 200 यूनिट तक बिजली भी मुफ्त कर दी गई है।

**- हेमंत सोरेन, सीएम**

**माननीय** गृहमंत्री अमित शाह जी से मुलाकात कर संथालपरगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण आदिवासियों में हो रही दहशत तथा भाजपा के परिवर्तन यात्रा में जनता के जबरदस्त उत्साह की जानकारी दी ।

**-निशिकांत दूबे, सांसद**

# बच्चों को सोशल मीडिया से दूर करना क्यों जरूरी

**आर.के. सिन्हा**

आज के समय सोशल मीडिया की लत पूरे समाज को दीमक की तरह खा रही है। खासतौर पर नादान बच्चे इसकी गिरफ्त में हैं। इसके खतरों को देखते हुए ऑस्ट्रेलिया सोशल मीडिया के उपयोग के लिए न्यूनतम आयु सीमा लागू करने पर विचार कर रहा है। वहां 14 से 16 साल के बच्चों तक को सोशल मीडिया से दूर रखा जा सकता है। इसका उद्देश्य बच्चों को डिजिटल उपकरणों पर अत्यधिक समय बिताने की बजाय खेलकूद के मैदान से जोड़ना है। क्या इस तरह का कोई कदम भारत में नहीं उठाया जाना चाहिए?

यह जानने के लिए रॉकेट साइंट की जरूरत नहीं है कि सोशल मीडिया ने हमारे देश में बच्चों को खेल मैदानों और अपने परिवार के सदस्यों व दोस्तों तक से दूर कर दिया है। आप अपने घर और आसपास के बच्चों को देख लें। वे फेसबुक, व्हाट्सअप, इंस्टा आदि से चिपके रहते हैं। आप देश के किसी भी शहर के किसी स्टेडियम में चले जाइये, वहां बुजुर्ग सैर करते मिल जाएँगे पर आपको बच्चे बहुत कम संख्या में खेलते मिलेंगे। हालांकि आज से बीसेक साल पहले तक राजधानी दिल्ली से लेकर छोटे शहरों के सारे मैदानों में बच्चे खेलते-कूदते नजर आ जाते थे। राजधानी के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, तालकटोरा स्टेडियम, नेशनल स्टेडियम और दूसरे मैदानों में बच्चे प्रैक्टिस करते हुए खूब पसीना बहाते थे। वह अपने कोचों की देखरेख में प्रैक्टिस कर रहे होते थे। पर पिछले कुछ वर्षों से देख लें क्या हो गया है बच्चों का हाल। जब बच्चे खेलेंगे नहीं तो देश को ओलंपिक, एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों में पदक कहां से मिलेंगे?

चीन में भी नाबालिगों के सोशल मीडिया के उपयोग पर रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक कानूनी रूप से रोक

**समाज**

लगा दी गई है। यह सही है कि आज के समय में सोशल मीडिया हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है लेकिन इसका अंधाधुंध इस्तेमाल, खासकर बच्चों के लिए, बहुत खतरनाक साबित हो रहा है। सोशल मीडिया से बच्चे मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं, साइबर बुलिंग, ऑनलाइन शोषण और अनेकों प्रकार के व्यसन का शिकार हो रहे हैं। इसलिए, बच्चों को इन दुष्प्रभावों से बचाना हमारी अहम जिम्मेदारी हो गई है। बच्चों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए कुछ जरूरी कदम तो उठाने होंगे। उदाहरण के रूप में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की उम्र सीमा का पालन हो और बच्चों को उचित आयु तक इन प्लेटफॉर्म का उपयोग करने से रोका जाए। बच्चों के लिए उचित आयु सीमा वाले विशेष ऐप्स और वेबसाइटों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना भी जरूरी है।

मैं मानता हूं कि समय आ गया है कि माता-पिता और स्कूल के अध्यापक बच्चों से सोशल मीडिया के बारे में नियमित रूप से खुली बातचीत करें। उन्हें इसके फायदे और नुकसान दोनों के बारे में बताएं। हमें बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों के बारे में भी लगातार प्यार से पूछताछ करनी चाहिए। उन्हें खेलों के अलावा संगीत, नृत्य या किसी अन्य मनोरंजक गतिविधियों से जोड़ा जा सकता है। नोएडा में भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व खिलाड़ी अनादि बरूआ बच्चों को फुटबॉल की कोचिंग देते हैं। इसी तरह से साउथ दिल्ली में मशहूर बैडमिंटन खिलाड़ी और बैडमिंटन रैफरी तुलसी दुरेजा बच्चों को बैडमिंटन के गुर बताते-सिखाते हैं। अनादि बरूआ और तुलसी दुरेजा जैसे पूर्व खिलाड़ी देश के सभी छोटे-बड़े शहरों में कोचिंग दे रहे हैं। वे बहुत मामूली-सी फीस लेते हैं। माता-पिता को चाहिए कि वह इस तरह के नामी खिलाड़ियों के पास अपने बच्चों को ले जाएं। जाहिर है कि जब बच्चे खेलेंगे तो उनके पास सोशल मीडिया के लिए वक्त ही नहीं बचेगा।

बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखना कठिन काम हो सकता है, लेकिन यह उनके कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। मैं मानता हूं कि अगर परिवार के सदस्य पहले की तरह एक साथ खाने, खेलने और बातचीत में समय व्यतीत करें तो भी सोशल मीडिया से दूरी बनाई जा सकती है। याद करें उस दौर की जब सारा परिवार घर के मुखिया के साथ सुबह-शाम को साथ बैठकर भोजन करता था। अब कितने परिवारों में भोजन सब मिल-बैठकर साथ-साथ करते हैं। अब तो परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए भोजन भी अलग-अलग तरह का पक रहा होता है। यानी घर अब होटल बन गया है। जैसे होटल के अलग-अलग कमरों में ठहरने वाले लोग रूम सर्विस से अपने पसंद का खाना मँगवाते हैं।

# रिलीजन पश्चिमी अवधारणा है जबकि सनातन हमारा धर्म है

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

पश्चिम में, हिंदू पुरुषार्थ की पूरी समझ होना मुश्किल है, मुख्य रूप से धर्म का संस्कृत से पश्चिमी भाषाओं में यथोचित अनुवाद न किए जाने के कारण प्रमुख है। इसलिए, पश्चिमी दुनिया में (सनातन) धर्म के अर्थ में मिलावट हुई है। इसे जीवन जीने का एक तरीका, प्रत्येक व्यक्ति द्वारा किए जाने वाले कर्तव्यों का एक समूह मानने के बजाय, इसे अक्सर रिलीजन के रूप में समझा जाता है। यही सोच कई समस्याओं का कारण बनता है, खासकर जब यह विचार किया जाता है कि एक राज्य को अंततः धर्म (धर्म राज्य) द्वारा शासित होना चाहिए। इसलिए, भारत को अभी भी एक ह्यधर्मनिरपेक्ष राज्यह्व माना जा सकता है और यह एक धर्म राज्य भी हो सकता है।

दीनदयालजी विभिन्न शब्दों के अंतर्निहित अर्थों की व्याख्या करते हैं जो समाज को बनाए रखने के सर्वोत्तम तरीकों का आधार बनते हैं: धर्म राज्य का निर्माण राष्ट्र की रक्षा करने और ऐसी स्थितियाँ उत्पन्न करने तथा बनाए रखने के लिए किया जाता है, जिसमें राष्ट्र के आदर्शों को वास्तविकता में उतारा जा सके। राष्ट्र के आदर्श चिति का निर्माण करते हैं, जो व्यक्ति की आत्मा के समान है। चिति को समझने के लिए कुछ प्रयास की आवश्यकता होती है। राष्ट्र की चिति को प्रकट करने और बनाए रखने में मदद करने वाले नियमों को उस राष्ट्र का धर्म कहा जाता है। इसलिए, यह ह्यधर्मह्व ही सर्वोच्च है। धर्म राष्ट्र की आत्मा का भंडार है। यदि धर्म नष्ट हो जाता है तो राष्ट्र नष्ट हो जाता है। जो कोई भी धर्म का परित्याग करता है, वह राष्ट्र के साथ विश्वासघात करता है।

धर्म और रिलीजनः धर्म और रिलीजन के बीच एक बुनियादी अंतर है। इस अंतर को समझने में हमारी विफलता के परिणामस्वरूप कई बड़ी समस्याएं पैदा हुई हैं, जिनका सामना हम इंसानों ने पिछले सदी में किया है और आज भी कर रहे हैं। समकालीन भाषा में, धर्म को, काफी अनुचित रूप से, रिलीजन के बराबर माना जाता है। संगठित रिलीजन अनुयायियों से किताब और पैगंबर या ईसा मसीह का पालन करने की मांग करता है। किसी भी आस्था की सीमाओं के बाहर की कोई भी चीज अधार्मिक मानी जाती है। ऐसा माना जाता है कि मोक्ष केवल पैगंबर या ईसा

**धर्म**

मसीह के शरीर या उनके शब्दों के माध्यम से ही मिलता है। मानव जाति का इतिहास अक्सर आस्था की खोज में कट्टरपंथियों द्वारा किए गए विनाश का एक भयानक प्रमाण है। यह लोगों को विभाजित करने और उनका धर्म परिवर्तन करने, उत्पीड़न, असहिष्णुता और अधीनता, या दांव पर लगाने का प्रमाण है। रिलीजन पूरे इतिहास में सबसे शक्तिशाली विभाजनकारी ताकतों में से एक रहा है।

दीनदयालजी ने धर्म और रिलीजन के अंतर को इस प्रकार समझायाः ₹हम धर्म के पर्याय के रूप में 'रिलीजन' शब्द का उपयोग करते हैं। यूरोपीय जीवन की अधिक स्वीकृति हमारी शिक्षा की उत्कृष्ट विशेषता बन गई। परिणामस्वरूप, 'रिलीजन' शब्द की सभी विशेषताएँ, विशेष रूप से पश्चिम में प्रचलित, स्वतः ही धर्म की अवधारणा के लिए भी जिम्मेदार ठहराई गईं। चूँकि पश्चिम में, रिलीजन के नाम पर अन्याय और अत्याचार किए गए, भयंकर संघर्ष और लड़ाइयाँ लड़ी गईं, इसलिए इन सभी को एक साथ सूचीबद्ध किया गया जैसे कि ये लड़ाइयाँ धर्म की थीं। हालाँकि, रिलीजन की लड़ाई और धर्म के लिए लड़ाई दो अलग-अलग चीजें हैं। रिलीजन का मतलब एक पंथ या संप्रदाय है; इसका मतलब धर्म नहीं है। धर्म एक बहुत व्यापक अवधारणा है। यह जीवन के सभी पहलुओं से संबंधित है। यह समाज को बनाए रखता है। इससे भी आगे, यह पूरे विश्व को बनाए रखता है। जो बनाए रखता है, वह धर्म है। धर्म के मूल सिद्धांत शाश्वत और सार्वभौमिक हैं। समय, स्थान और परिस्थितियों के अनुसार कार्यान्वयन अलग-अलग हो सकता है। कुछ नियम अस्थायी होते हैं और कुछ लंबे समय तक वैध होते हैं। धर्म जीवन के नियमों और उनके दार्शनिक आधारों पर एक संपूर्ण ग्रंथ है। ये नियम ऐसे होने चाहिए जो अस्तित्व और प्रगति को बनाए रखें और आगे बढ़ाएँ। साथ ही, उन्हें धर्म के व्यापक ढांचे के अनुरूप भी होना चाहिए।

पश्चिमी सोचः इसके विपरीत, पश्चिमी सांस्कृतिक परंपराएँ रिलीजन के इर्द-गिर्द बनी हैं। 16वीं और 17वीं शताब्दी में राष्ट्र-राज्य का उदय धर्मनिरपेक्ष राज्य और चर्च के बीच रिलीजीयस संघर्षों का परिणाम था। आज हम जिसे आधुनिक राजनीतिक शब्दावली मानते हैं, उसका अधिकांश हिस्सा इन अशांत अवधियों के दौरान उभरा। इस शब्दावली का अधिकांश हिस्सा व्यक्ति, राज्य, चर्च के क्षेत्रों और साथ ही उनके आपसी संबंधों को परिभाषित करने के लिए इस्तेमाल किया गया था। पहचान, जातीयता और स्वायत्तता की अवधारणाएँ चर्च और राज्य के बीच इस अलगाव की उपज हैं।

पश्चिमी देशों द्वारा दुनिया के अधिकांश हिस्सों पर प्रभुत्व के कारण, आधुनिकता इन विभाजनकारी अवधारणाओं से जुड़ गई, जो पश्चिम में उत्पन्न हुई थीं। पश्चिमी शिक्षा प्रणाली ने हमें पश्चिमी तरीकों से सोचने के लिए मजबूर किया। लेकिन इससे भी अधिक, पश्चिमी प्रभाव के परिणामस्वरूप हम अपने स्वयं के सिद्धांतों से दूर हो गए, जिन्हें पश्चिम ने पिछड़ी सोच के रूप में वर्णित किया। हमें भारतीय लोकाचार के लिए उनकी प्रासंगिकता के बारे में सोचे बिना शब्दों और अवधारणाओं का उपयोग करने की आदत हो गई। हमने खुद को पश्चिमी विचारों और अवधारणाओं के दायरे में फिट करने का प्रयास किया। इसके परिणामस्वरूप भारतीय समाज में संघर्ष, अराजकता और विभाजन पैदा हुआ।

## एक नजर में

### विक्रम राणा ने किया बड़वार में जनसंपर्क



**हजारीबाग ।** सदर विधान सभा क्षेत्र के दारू प्रखंड के बड़वार गांव में विधायक प्रत्याशी सह समाज सेवी विक्रम राणा ने अपने समर्थकों में नंदन राणा, सतीष यादव ,कृष्ण कुमार,सुबोध गोप, संटू राणा,मिंटू सिंह,स्वरूप यादव,संदीप पांडेय के साथ शुक्रवार को जनसंपर्क किया । राणा ने कहा कि बीते कई वर्ष हो गए लेकिन सदर विधान सभा क्षेत्र का समुचित विकास नहीं हो पाया है। प्रखंड से लेकर जिला तक के कई विभाग में बिचौलिया व्याप्त भ्रष्टाचार में संलिप्त है। मुझे आप सभी जनता से अपेक्षा है की मुझे अपना बहुमूल्य मतदान रूपी आशीर्वाद देकर मौका दे ताकि मैं अपने विधायकी कार्यकाल में आप सबों के हरेक छोटी बड़ी समस्याओं का समाधान कर सके । अमौके पर किशुन राम,किशुन गोप, टेकलाल यादव,देवकी पासवान,उत्तिम यादव,राज कुमार यादव,मीना देवी,चंचल देवी,शांति देवी,पिंकी देवी,फागुनी देवी,खुशबू देवी,तारा देवी समेत अन्य सैकड़ों की संख्या में लोग जुटे थे।

### झामुमो ने टेकलाल की पुण्यतिथि मनाई

**विष्णुगढ़ ।** शुक्रवार को बिष्णुगढ़ प्रखंड स्थित बीएड कॉलेज बनासो एवं पैतृक गांव चानो में झारखंड आंदोलन के जननायक पूर्व सांसद व विधायक स्व. टेकलाल महतो की 13वी पुण्यतिथि मनाई गयी। स्वर्गीय टेकलाल महतो के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम में झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया कहा कि स्व० टेकलाल बाबू जनता की समस्याओं का निदान करने की दिशा में कार्य किए है। कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। टेकलाल के पौत्र गौरव पटेल ने कहा कि झारखंड अलग राज्य आंदोलन में टेकलाल बाबू ने अग्रणी भूमिका निभाई थी। मौके श्रमिक संघ के जिला अध्यक्ष राजा खान,विष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी,बासुदेव महतो ,कुदुस अंसारी ,पूर्व जिला परिषद सदस्य यशोदा देवी ,प्रखंड सचिव संजय प्रजापति , राज कुमार पांडेय ,रामकिशोर महतो, प्रखंड कोषाध्यक्ष राणा इकबाल खान समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जितिया मेला में शामिल हुयीं शेफाली गुप्ता

कटकमदाग। बेस में दो दिवसीय आयोजित जितिया मेला में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता शामिल हुई। मेला समिति के सदस्यों ने उनका झारखंड की संस्कृति एवं परंपरा के अनुरूप स्वागत व अभिनंदन किया। शेफाली गुप्ता ने कहा कि जितिया पर्व पर दो दिवसीय मेला का आयोजन करना जितिया मेला समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों का काफी शानदार पहल है। वर्षों की परंपरा को निभाना बेहद ही कठिन होता है। लेकिन सुचारू एवं पूर्ण सक्रियता के साथ जितिया मेला का आयोजन करना काफी सरहानीय है। मौके पर मुखिया दीपक यादव, अध्यक्ष जगरनाथ साव, सबीब राणा, चंदन कुमार राणा, राजेंद्र यादव, नरेश राना, मनिष कुमार, मनोज राम, विशाल वाल्मीकि, रानी शुक्ला, सुरेश कुमार, मनोज पांडे, राहुल कुमार, रंजीत राम एवं मोनु कुमार गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे।

### रामचंद्र साव बने आजसू जिला उपाध्यक्ष

बड़कागांव ।आजसू पार्टी हजारीबाग जिला अध्यक्ष परमेश्वर महतो द्वारा जिला कमेटी का विस्तार करते हुए बड़कागांव प्रखण्ड के ग्राम पंकरी बरवाडीह निवासी रामचंद्र साव को आजसू पार्टी के निष्ठा और कर्मठता को देखते हुए आजसू पार्टी हजारीबाग जिला का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गाया है। इस संबंध में नवनिर्वाचित जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र सामने कहा कि पार्टी के द्वारा मुझे दायित्व सौंपा गया है मैं उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने का काम करूंगा।

### कुज में परिवर्तन रथ का भव्य स्वागत



**कुजू।** मांडू मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने परिवर्तन यात्रा के तहत पतरातू से गोला जाने के क्रम मे भाजपा मांडू मंडल के अंतर्गत नयामोड़ में रथ का स्वागत किया। परिवर्तन रथ यात्रा में मुख्य रूप से उतरी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रभारी सह झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, भाजपा के वरिष्ठ नेता रंजीत सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा शामिल हुए। स्वागत करने वालों में भाजपा के जिला महामंत्री राजू चतुवेर्दी, खुशीलाल महतो, अशोक कुमार, रतन प्रसाद साहू, मनोज गिरि, रवि साहू, सुधान सिंह, राजेश प्रसाद साहू, पंचीत महतो, प्रदीप राम, विजय गिरि, कमलेश बेदिया आदि शामिल थे।

### भुरकुंडा पहुंचा भाजपा का परिवर्तन रथ यात्रा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भारतीय जनता पार्टी का परिवर्तन रथ यात्रा शुक्रवार को मोटरसाइकिल जुलूस के साथ भुरकुंडा पहुंचा। जहां कोयलांचल के विभिन्न जगहों पर कार्यकताओं ने फूलों की वर्षा कर रथ का स्वागत किया। परिवर्तन यात्रा के साथ भाजपा कार्यकर्ता सैकड़ो की संख्या में बाइक जुलूस निकाला। जुलूस में शामिल लोग राज्य में वर्तमान सरकार को परिवर्तन करने और भारत माता की जय सहित अन्य जयकारा लगा रहे थे। इसके पूर्व परिवर्तन यात्रा की शुरूआत लेक रिसोर्ट पतरातू से हुआ। जो पतरातू से निकलकर सौंदा बस्ती, सौंदा डी, नीचे धौड़ा, भुरकुंडा थाना मैदान, संकट मोचन मंदिर, बिरसा चौक, पटेलनगर, सयाल मोड़ होते हुए रीवर साईड पहुंचा। जहां से रथ गिद्दी के लिए रवाना हुई। जगह जगह परिवर्तन यात्रा का लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। परिवर्तन यात्रा में पूर्व बीस सूत्री प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, राजु चतुर्वेदी, सतीश मोहन मिश्रा, योगेश दांगी, दिनेश प्रसाद, संजीव कुमार बाबला, सागर दांगी, अमरेश सिंह, अशोक सोनी, मंटु राय सहित दर्जनों भाजपाई शामिल थे।

### भुरकुंडा पंचायत में रक्तदान शिविर कल

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा पंचायत एवं भुरकुंडा क्षेत्र विकास मंच के संयुक्त तत्वाधान में सेम्फोर्ड हॉस्पिटल रांची के सौजन्य से 29 सितंबर को भुरकुंडा पंचायत भवन में रक्तदान शिविर लगाया जायेगा। इसकी तैयारियों को लेकर शुक्रवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में आयोजक मंडली की बैठक हुई। बैठक में स्थानीय मुखिया अजय कुमार पासवान, समाजसेवी गिरधारी गोप, दर्शन गंझू, एवं विनय कुमार सिंह ने बताया कि मानव हित में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### पतरातू में कांग्रेस का सम्मेलन तीन को

भुरकुंडा (रामगढ़)। पीटीपीएस स्थित विधायक अंबा प्रसाद के आवासीय कार्यालय में शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी की बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से विधायक के भाई सह इंटक के प्रदेश सचिव अंकित राज उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य 3 अक्टूबर को पतरातू प्रखंड स्तरीय कोर कमेटी सह कांग्रेस पार्टी का परिवार मिलन समारोह के संदर्भ में विशेष तैयारी को लेकर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से 3 अक्टूबर गुरुवार को सुबह 11 बजे से पीटीपीएस स्थित विधायक के आवासीय कार्यालय में ही सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। इस सम्मेलन मविधायक अंबा प्रसाद, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान उपस्थित होंगे। बैठक में मुख्य रूप से पतरातू प्रखंड क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि कृष्ण सिंह, युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी, कोयलांचल क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि अमित कुमार साहू, भुरकुंडा क्षेत्र के प्रतिनिधि राजकिशोर पांडेय उर्फ राजू पांडेय, अंजन प्रसाद, सफीक अंसारी उर्फ बाबू, नईम अंसारी, चंदन प्रसाद, इमरान अंसारी, देवानंद प्रसाद, अशोक प्रसाद, सैफुल्लाह खालिद, राकेश सिंह आदि मौजूद थे।

# सोनडीहा में व्यवसायी के घर से लाखों की लूट

## छह अपराधियों ने परिवार को बंधक बनाकर की लूटपाट

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** वेस्ट बोकारो घाटो ओपी अंतर्गत सोनडीहा में गुरुवार की रात छह अपराधियों ने व्यवसायी बबलू साहू के घर में घूसकर परिवार के सदस्यों को हथियार के बल पर बंधक बनाया और लूटपाट की। घर में रखे नगदी व सोने-चांदी के जेवरात लेकर सभी अपराधियों आराम से फरार हुए। शुक्रवार की सुबह पीड़ित परिजनों ने घटना की जानकारी वेस्ट बोकारो पुलिस की दी। जानकारी मिलने के बाद घाटो पुलिस, टेक्निकल टीम, एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल किया। बबलू साहू ने बताया की गुरुवार की देर रात लगभग 1:00 दूसरे तल्ले पर सीढ़ी के सहारे अपराधी घर में घुस आए और बच्चों को अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद हथियार के बल पर कमरा खुलवाया और सभी को एक जगह इकट्ठा किया। इसके बाद व्यवसायी की पत्नी और दोनों बच्चे को नीचे के रूम में ले जाकर बंद कर दिया और सभी दराज और अलमारी की चाबी कब्जे में ले लिया। अपराधियों ने हथियार के बल पर बबलू साहू को साथ में रखकर एक-एक कमरे को अच्छी तरह खंगाला। दौरान डकैतों ने करीब 60 हजार रुपये नगद, सोना का चेन , सोने की अंगूठी, चांदी के जेवरात लूट लिया। ढाई घंटे तक सभी कमरे की तलाशी लेने के बाद डकैत मकान मालिक को दूसरे कमरे में बंद कर फरार हो गए। जाते-जाते डकैतों ने शोर मचाने से मना किया। कहा कि यदि हल्ला किया तो अंजाम बुरा होगा। जब सभी डकैत फरार हो गए तो मकान मालिक किसी तरह दरवाजा खोलकर बाहर निकले और नीचे के कमरे में बंद पत्नी और बच्चों को बाहर निकाला। डकैत जाते-जाते सभी मोबाइल भी अपने साथ लेकर भाग निकले। डकैतों के जाने के बाद घर से कुछ दूरी पर स्थित अपने भाई के घर पहुंचकर व्यवसायी ने डकैती की घटना की जानकारी भाई को दी । इसके बाद पुलिस को घटना को संबंध में सूचना दी। सूचना के बाद शुक्रवार को पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी ली। एफएसएल की टीम ने मौके से फिंगर प्रिंट इकट्ठा किया है। साथ ही टेक्निकल टीम तकनीकी साक्ष्य इकट्ठा करने का प्रयास कर रही है। वेस्ट बोकारो के ओपी प्रभारी सदानंद कुमार ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। टेक्निकल और एफएसएल की टीम को बुलाया गया है। संदिग्धों की तस्वीर मकान मालिक को दिखायी जा रही है। पुलिस की टीम घटना में शामिल अपराधियों की खोजबीन कर रही है।

## आईलेक्स पब्लिक स्कूल के जिज्ञासु ने जीता सिल्वर

**बरही।** आईलेक्स पब्लिक स्कूल के नवीं कक्षा के छात्र जिज्ञासु रंजन ने हाल ही में आयोजित ईस्ट जोन आर्चरी चैंपियनशिप 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो पदक जीतकर न केवल अपने स्कूल बल्कि पूरे इलाके का नाम रौशन किया है। जिज्ञासु ने 30 मीटर आर्चरी चैंपियनशिप में ब्रोंज मेडल और 20 मीटर आर्चरी चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। यह प्रतियोगिता 23 से 25 सितंबर तक जमशेदपुर के एग्रीको स्थित एस डी एम एस स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित की गई थी, जिसमें बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश के 64 स्कूलों के 600 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 श्रेणियों में आर्चरी मुकाबले आयोजित किए गए थे। जिज्ञासु ने अंडर-14 श्रेणी में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए दो महत्वपूर्ण पदक जीतकर अपनी क्षमता का परिचय दिया। स्कूल के निदेशक शैलेश कुमार ने जिज्ञासु की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा, जिज्ञासु ने मेहनत और समर्पण से स्कूल और पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। हम स्कूल में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करते हैं, जिसमें आर्चरी, हॉर्स राइडिंग, स्विमिंग, स्केटिंग, कराटे, क्रिकेट, फुटबॉल और बास्केटबॉल शामिल हैं।

### दुर्गा पूजा कमेटी का गठन,उमेश बने अध्यक्ष

**बड़कागांव।** गोसाई बलिया देवी मंडप में मुखिया प्रतिनिधि चंदन पुरी की अध्यक्षा में दुर्गा पूजा समिति की बैठक हुई। सर्व समिति से कमेटी के अध्यक्ष उमेश प्रजापति,सचिव सुरेश राम रजक,कोषाध्यक्ष मोतीलाल गिरि चुने गए।

## बिजली को लेकर भाजपा ने किया महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव

**बरही।** बिजली समस्या को लेकर जनता के गुस्से का सामना कर रहे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक मनोज यादव के नेतृत्व में महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान पूर्व विधायक मनोज यादव ने क्षेत्र में बिगड़ती बिजली व्यवस्था पर अधिकारियों को घेरा और उनसे समाधान की मांग की।

पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि जनता लंबे समय से बिजली की समस्या झेल रही है और अब इसे और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बिजली विभाग पर सरकार के दबाव में काम करने का आरोप लगाया और कहा कि जनता के हितों की अनदेखी की जा रही है।घेराव के दौरान बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार उपाध्याय ने कार्यकर्ताओं की मांगों को जायज ठहराया। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को जल्द से जल्द सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। अधीक्षण अभियंता ने कहा कि जले हुए ट्रांसफार्मरों को जल्द से जल्द बदला जाएगा और जहां जरूरत होगी वहां नए ट्रांसफार्मर भी लगाए जाएंगे।

### रोटरी क्लब महीना में दो बार अन्नपूर्णा प्रसाद का करेगा वितरण : प्रवीण

भुरकुंडा (रामगढ़)। रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा के सौजन्य से भुरकुंडा बाजार स्थित श्री हनुमान मंदिर सह खोपड़िया बाबा धर्मशाला में प्रत्येक माह के दूसरे और चौथे शनिवार को रोटरी अन्नपूर्णा प्रसाद वितरण करेगा।

क्लब के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने बताया कि महीने के प्रत्येक दूसरे व चौथे शनिवार दपोहर साढ़े 12 बजे से डेढ़ बजे तक श्री हनुमान मंदिर सह खोपड़िया बाबा धर्मशाला में क्लब के तत्वावधान में रोटरी अन्नपूर्णा प्रसाद वितरण होगा।

### अडाणी फॉउंडेशन ने 80 टीबी मरीजों को दिया पोषण किट

**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने तीसरे चरण के तहत गोद लिए 80 टीबी मरीजों के बीच शुक्रवार को निःशुल्क पोषण किट वितरित किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अदाणी फाउंडेशन की ओर से वितरित किए गए प्रत्येक किट में च्वयनप्राश,अरहर दाल,चना,गुड़,हरा मूंग,सरसों तेल और हॉर्लिक्स जैसी आहार सामग्रियां शामिल हैं। ह्यप्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजनाह्न के तहत छः महीने के ईलाज के दौरान रोगियों को हर माह पोषक आहार प्रदान किया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने देश को टीबी मुक्त बनाने की भी शपथ ली। सामुदायिक चिकित्सा केंद्र के प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ठ कार्य कर रहा है जो प्रशंसनीय है। इसके अलावा अदाणी फॉउंडेशन द्वारा निःशुल्क एम्बुलेंस भी प्रदान किया गया है, जिससे ग्रामीणों को काफी लाभ मिल रहा है।

### सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मेनरोड भुरकुंडा स्थित गुरूद्वारा के पास शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में एक महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों का प्राथमिक उपचार भुरकुंडा एकेसी सीसीएल अस्पताल में किया गया। घटना में गंभीर रूप से घायल महिला को सीसीएल गांधी नगर और एक युवक को बेहतर ईलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार ऑटो नंबर जेएच 02 जी 9070 रामगढ़ से सवारी लेकर पतरातू की ओर आ रहा था। इसी क्रम में बाईक सवार चालक नीचे धौड़ा भुरकुंडा निवासी रवि राम काफी तेज गति से गाड़ी चलाते हुए अपनी बाइक जेएच 02 एएफ 1422 पैशन प्रो सामने से ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ऑटों में सवार सौन्दा डी निवासी 58 वर्षीय भगवरीया देवी, लिपिया रकुआ रजरप्पा निवासी 55 वर्षीय बिरजु प्रजापति और बाईक चालक 28 वर्षीय रवि राम गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोग और ऑटो चालक के सहयोग तीनों को भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल लाया । जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला को गांधी नगर अस्पताल रांची और रवि राम को रिम्स रेफर कर दिया।

## मसमोहना में बनेगा इको टूरिज्म : अंबा प्रसाद



भुरकुंडा (रामगढ़)। पतरातू प्रखंड के मसमोहना में इको टूरिज्म का निर्माण होगा। इको टूरिज्म के निर्माण में लगभग सवा एक करोड़ की लागत आएगी। उक्त प्रस्ताव विधायक अंबा प्रसाद की मांग पर डीएमएफटी से वन प्रमंडल पदाधिकारी रामगढ़ द्वारा प्रदत्त कार्य योजना पर स्वीकृत हुई है। विधायक ने बताया कि तालाटांड में भी इको टूरिज्म बनेगा। वहीं विधायक अंबा प्रसाद ने पतरातू में प्रस्तावित पॉलिटेक्निक कॉलेज निर्माण हेतु भूमि चयन कर लिए जाने के बाद ऊर्जा विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र करने हेतु आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने की बात कही। विधायक ने बताया कि पॉलिटेक्निक कॉलेज निर्माण को लेकर लगभग सभी कागजी प्रक्रिया पूर्ण होते ही कैबिनेट से पॉलिटेक्निक कॉलेज निर्माण का रास्ता साफ हो जाएगा। इसके लिए पूर्व ही स्वीकृति प्रदान हो चुकी है। सिर्फ कैबिनेट की सहमति शेष है। अंबा प्रसाद ने पतरातू प्रखंड के विभिन्न पंचायत में आधारभूत संरचनाओं पथ, पुलिया, गाडवाल निर्माण, पर्यटन क्षेत्रों के विकास, सीसीएल क्षेत्र के सौंदा बस्ती टिप्ला व बुध बाजार चीफहाउस में पेयजल की समस्या को दूर करने, लादी में सोलर पानी टंकी को दुरुस्त कराने की बात कही। अंबा प्रसाद ने सयाल डी कोलियरी परियोजना अंतर्गत आरएंडआर पॉलिसी के तहत स्टेटमेंट 6 नहीं प्राप्त होने के मामले पर ग्रामीणों के प्रतिनिधि मंडल के साथ डीसी चंदन कुमार से मुलाकात की। विधायक ने सीसीएल में युवकों को रोजगार जल्द से जल्द स्टेटमेंट 6 उपलब्ध कराने की बात कही।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT,
ROAD DIVISION, GUMLA-835207, E-mail :- eercdgumla-jhr@nic.in
Letter No. - Gumla, Dated:-
Corrigendum

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **PR 336900 Road (2024-25)_D** द्वारा आमंत्रित निविदा आमत्रंण सूचना/2024–25 के क्रमांक–2 अन्तर्गत कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल गुमला के कार्यालय भवन का साधारण मरम्मति एवं साज–सज्जा कार्य। (फर्निशिंग कार्य सहित) की अति अल्पकालीन निविदा को अपरिहार्य कारणवश स्थगित की जाती है। ह०/–
कार्यपालक अभियन्ता
PR 337382 Road(24-25)D
प०नि०वि० पथ प्रमण्डल, गुमला।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची।
अतिअल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना
टेन्डर रेफरेंन्स नं0–प0नि0वि0/राँची–24/2024–25
दिनांक :–26.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | कोंके ब्लॉक चौक BAU RVC Approach Road (कुल लम्बाई– 1.316 कि0मी0) का राईडिंग क्वालिटी में सुधार (Improvement of Riding Quality) कार्य वर्ष 2024–25. |
| 2. | प्राक्कलि राषि (रू0 लाख में) | रू0 106.61455 लाख (रूपये एक करोड़ छः लाख एकसठ हजार चार सौ पचपन) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राषि (रू0 लाख में) | रू0 2.14 लाख (रूपये दो लाख चौदह हजार) मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 (तीन) महीना |
| 5. | वेबसाईड पर निविदा प्रकाषन की तिथि | 30.09.2024 10.30 बजे पूर्वाह्न |
| 6. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/ समय | 08.10.2024 12.00 बजे दोपहर तक |
| 7. | निविदा खोलने तिथि/ समय | 09.10.2024 12.30 बजे |
| 8. | निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल राँची, मोहराबादी, राँची–834008. |
| 9. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 0651–2361018 |
| 10. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2403007 |

- प्राक्कलित राशि एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जिसे *Tender Online Upload* में देखा जा सकता है, एवं किसी भी प्रकार का बदलाव *http://jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।
- पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिए *UCAN* निबंधन आवश्यक है।
- नियम एवं शर्तें के लिए वेबसाईट *http://jharkhandtenders.gov.in* पर देखें।

PR 337288 Road Construction Dept Road Division Ranchi(24-25)D
कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल,राँची।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमंडल, हजारीबाग
अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या:–DMFT/MID/HAZARIBAG/F2-19/2024-25
पत्रांक:– 1060 हजारीबाग दिनांक – 26.09.2024

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हजारीबाग
2. परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति की तिथि :– 04.10.2024 को 12:30 बजे अपराह्न से
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 14.10.2024 को 05:00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 15.10.2024 को 03:00 बजे अपराह्न में
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1).कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, हजारीबाग। 2). अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई अंचल, हजारीबाग।
6. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, हजारीबाग
7. कार्य की विस्तृत विवरणी : –

| क0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | हजारीबाग जिला के सदर प्रखण्ड अंतर्गत अटल मुहल्ला क्लीनिक, नुरा का उन्नयन कार्य। | 4,42,200.00 | 750.00 | 8,850.00 | 06 माह |

नोट:–1.) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
2.) निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय बेबसाईट www.jharkhand.gov.tender.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट से प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, हजारीबाग।
PR.NO.337225 Minor Irrigation(24-25):D

e-Procurement Cell
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
SPECIAL WORKS DIVISION, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT Ranchi
e-Procurement Notice
( Very Very Short Notice)
Tender Reference No:- BCD/EE, Special Works Div, BCD, Ranchi-24/2024-25 Date:-25.09.24,(2nd Call) PR.No-335564 Building(24-25)_D

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Boundary Wall (750'0") with Camp Office at Proposed New Jharkhand Bhawan Site, Navi Mumbai, Maharashtra. | Rs. 77,84,600.00 | 06 (Six) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 26.09.2024 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 04.10.2024 को अपराह्न 1.00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि/समय | 05.10.2024 को अपराह्न 1.00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | e- Procurement Cell, Office of the Executive Engineer Special Works Division Building Construction Department Ranchi | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 8092415503 | |
| vi | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 8092415503 | |

Note:- Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://jharkhandtenders.gov.in
Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders. gov. in
Any Other information can be on Website http:// Jharkhandtenders.gov. in

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Special Works Division
Building Construction Department,,Ranchi .
PR 337219 Building(24-25).D

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा
ई– अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
ई–निविदा संख्या– 21/2024-25/RWD/CHATRA दिनांक– 26.09.2024
कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राकलित राशि: अंक में (लाख) | प्राकलित राशि: अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ CHATRA/130/ 2024-25 | ग्राम लोबगा (कसियाडीह) से नावाडीह (चन्दिया) तक पथ का निर्माण कार्य (लं.–1.800 कि.मी.)। | 249.087 | दो करोड़ उन्चास लाख आठ हजार सात सौ मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/ CHATRA/131/ 2024-25 | पननवांटांड़ (मानत नदी) से केन्दु तक पथ का निर्माण कार्य (लं.–4. 300 कि.मी.)। | 524.071 | पाँच करोड़ चौबीस लाख सात हजार एक सौ मात्र | 15 माह | प्रथम |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 30.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 07.10.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 09.10.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– **06541-296208**
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, चतरा
PR 337269 (Rural Work Department)24-25*D

स्पीड न्यूज

## पिठोरिया : आज सुबह 10 से पांच बजे तक बंद रहेगी बिजली

**पिठोरिया।** पिठोरिया क्षेत्र के सभी बिजली उपभोक्ता को सूचित किया जाता है कि कल 28 सितंबर को 33/11केवी विद्युत सब स्टेशन सूतियांबे और कांके ग्रीड से सूतियांबे आने वाले 33 केवी लाइन का मेनटेनेंस का कार्य होगा। इस कार्य के कारण पूर्वाह्न 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। यहां से निकलने वाले फीडर पिठोरिया, नवाडीह, सुतियाम्बे व कोकोदरो सभी बंद रहेगा। इसकी जानकारी सहायक विद्युत अभियंता कांके सुभाष प्रसाद ने दी है।

## खड़े ट्रक में बाइक ने मारी टक्कर, मौत

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र अंतर्गत भेलवाटाँड मुख्य पथ पर रोड किनारे खड़े हाइवा में मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति जाकर टक्कर गया। सड़क किनारे खड़े हाइवा से टकराने के बाद व्यक्ति का मौत मौके पर हो गयी। घटना गुरुवार रात्रि लगभग 10 बजे का बताया जाता है। हाइवा में जाकर टकराने वाला व्यक्ति अमजद खान (उम्र लगभग 40 वर्ष) पुरनीराय खलारी का बताया जाता है। घटना से मौत होने पर आसपास के ग्रामीणों ने मुख्यपथ जाम कर मुआवजा की मांग करने लगे। घटना की सूचना पाकर खलारी थाना के पुलिस बल दल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर आक्रोशित ग्रामीणों के द्वारा सड़क जाम को हटाया गया। ततपश्चात पुलिस जांच पड़ताल कर अग्रिम कार्रवाई जारी है।

## सरना खेल मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट 1 से

**खलारी।** खलारी सरना खेल मैदान में फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। टूनार्मेंट का आयोजन आरएनबीटी क्लब स्व० छोटू गंझू मेमोरियल के द्वारा किया जा रहा है। इस संबध में जानकारी देते हुए आरएनबीटी क्लब सदस्य ने बताया कि प्रतियोगिता में 16 टीम भाग लेगी। टूनार्मेंट को सफल बनाने में एक कमेटी का भी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष अमित मुंडा, सचिव डब्लु गंझू, कोषाध्यक्ष सूरज मुंडा, संरक्षक कारू गंझू, बाबू उरांव, राहुल गंझू, मनीष गंझू, बजडू मुंडा, पुरन मुंडा, सदस्य- रोहित गंझू, बॉबी मुंडा, पवन गंझू, सुमित मुंडा, अजय गंझू, अनिल गंझू, श्याम उरांव, दुर्गा उरांव, किशुन उरांव,विष्णु उरांव,राहुल उरांव,ऋतिक उरांव, कार्तिक लोहरा संतोष उरांव सोनू मुंडा कुणाल मुंडा शामिल है।

## खिजरी विधायक ने किया तीन योजनाओं का शिलान्यास

**नामकुम।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने शुक्रवार को प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में तीन योजनाओं का शिलान्यास किया। सर्वप्रथम विधायक मद प्रखण्ड के ग्राम घासीटोली में सरना के पास चबुतरा निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।वही प्रखण्ड के दिसकीली मड़ई से पैतरूस लकड़ा के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य एवं प्रखण्ड के बलिकट मड़ई के सुन्दरीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया। मौके पर रामपुर मुखिया सरस्वती देवी, उपमुखिया सुष्मिता तिग्गा, पूर्व मुखिया महादेव मुण्डा, अल्बर्ट तिग्गा , खुदिया कच्छप , बिनोद लोहरा, जयराम तिर्की , मनोज लकड़ा मौजूद थे।

# सोलर फ्लोटिंग प्लांट निर्माण का विरोध

**सोलर एनर्जी कारपोरेशन एलएनटी के अधिकारियों जांच करने से रोका**

**● मत्स्यजीवियों ने किया विरोध, पहुंची पुलिस की टीम**



खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** गेतलसूद जलाशय में प्रस्तावित सोलर फ्लोटिंग प्लांट के लिए पॉवर सब - स्टेशन निर्माण हेतु मिट्टी जांच करने आए सोलर एनर्जी कारपोरेशन ऑफ इंडिया तथा एलएनटी के अधिकारियों एव कर्मचारियों का मत्स्यजीवी संघर्ष समिति अनगड़ा और ओरमांझी के सैंकड़ों महिला एवं पुरुष सदस्यों ने जमकर विरोध किया । समिति के सदस्यों ने जेसीबी मशीन के समक्ष सोकर अपना विरोध प्रदर्शन किया । बाद में भारी विरोध के बीच पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद मिट्टी जांच के लिए सेमपल इक्ठा किया गया । समिति के सदस्यों ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि सांसद से वे लोग मिलकर अपनी बातों को उनके समक्ष रखे हैं इसलिए जो भी काम हो उनसे वार्ता के बाद हीं आगे का काम किया जाय । मत्स्य जीवी संघर्ष समिति का कहना था कि वे लोग गेतलसूद जलाशय से विस्थापित हैं तथा अनगड़ा और ओरमांझी प्रखंड के बीस गांव के करीब एक हजार परिवार डैम से मछली पालन और मछली पकड़कर अपना जीवन यापन करते हैं। कहा कि गेतलसूद जलाशय एक हजार परिवारों का लाईफ लाईन है। यदि इसमें सोलर पॉवर प्लांट लग जाएगा तो एक हजार मछुवा परिवार का रोजी रोटी छीन जाएगा । एक बार तो विस्थापित हुए हैं अब दूसरी बार फिर से वे लोग विस्थापित हो जाएंगे।

### 172 हेक्टर में लग रहा है सोलर प्लांट

मौके पर उपस्थित सोलर एनर्जी कारपोरेशन के परियोजना प्रबंधक पलव यदु से पूछने पर बताया कि करीब चार सौ करोड़ रुपये की लागत से प्रथम चरण में जलाशय के 172 हेक्टर क्षेत्र में सोलर पॉवर प्लांट प्रस्तावित है। यहां से जो बिजली उत्पादन होगा उसे सीधे सिकिदिरी ग्रीड को दिया जाएगा । मौके पर विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए मजिस्ट्रेट के रूप में अनगड़ा अंचल अधिकारी राजू कमल बीडीओ जयपाल सोय बून्डू डीएसपी रतिभान सिंह थाना प्रभारी हिरालाल शाह सहित बड़ी संख्यां में महिला और पुरुष पुलिस वल मौजूद थे।

## बूढ़ी पूर्णिमा जतरा हर्षोल्लास के साथ मनाने का लिया निर्णय



**खलारी।** विश्रामपुर जतरा समिति ने बड़कीटांड़ में गुरुवार शाम को बूढ़ी पूर्णिमा जतरा मेला को लेकर बैठक की। अध्यक्षता गणेश मुंडा ने की। बैठक में बूढ़ी पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाले जतरा मेले को लेकर विशेष चर्चा किया गया। चर्चा के अंत में संयुक्त रूप से जतरा मेला पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही बताया गया कि जल्द ही समिति विस्तार एवं मेला का रूपरेखा को लेकर आगामी बैठक की जाएगी। इस मौके पर गणेश पाहन, धर्मराज गंझू, किशुन गंझू, जयराम गंझू, रतिया गंझू, रमेश गंझू, बालदेव गंझू, तुलसी गंझू, खेमनाथ गंझू, शंभूनाथ गंझू, भरत गंझू, रूमा गंझू, धीरन गंझू, गुड्डू गंझू, बबलू अंसारी, राधे महली, अनिकेत गंझू, अनिल पासवान एवं चित्तरंजन सिंह उपस्थित थे।

## विभिन्न दलों के कार्यकर्ता आजसू पार्टी में हुए शामिल



खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** शुक्रवार को सिल्ली में आयोजित आजसू पार्टी मिलन समारोह में प्रखंड के तेंतला पंचायत के अंतर्गत कोटाब गांव के विभिन्न दलों के दर्जनों कार्यकर्ता दिग्विजय सिंह मुंडा के नेतृत्व में आजसू पार्टी में शामिल हुए। जिसमें अश्विनी अहीर, रमेश महतो, अशोक महतो, जय सिंह मुंडा, संदीप महतो, विजय महतो, लखींद्र महतो, कार्तिक महतो, करण महतो, सधाई लोहरा, दिनेश लोहरा, बबलु लोहरा, भूतनाथ अहीर, बुद्धदेव सिंह मुंडा, सुखराम अहीर, कैलाश महतो, बुद्धेश्वर महतो, सुखदेव महतो, शैलेश महतो, भजोहरि महतो, धनंजय महतो, ठाकुर सिंह मुंडा आदि प्रमुख हैं। आजसू प्रमुख सह विधायक सुदेश महतो ने पार्टी का अंग वस्त्र पहनाकर सभी का स्वागत किया। विधायक ने सभी समन्वय बनाकर काम करें।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर पुर्व जिप उपाध्यक्ष चित्तरंजन महतो, पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहु, केंद्रीय सचिव संजय सिद्धार्थ, केंद्रीय सचिव शुशील महतो, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेन्द्र बड़ाईक, अशोक महतो मौजूद थे।

## पाइप फटने से बेड़ो सीएचसी परिसर हुआ जलमग्न

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पाइप लाइन फटने से पूरा परिसर जलमग्न हो गया है।वही अस्पताल परिसर में पानी भर जाने से इलाज कराने पहुंचे मरीजों काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ा। अस्पताल आने-जाने वाले रास्ते में पानी बहने से अपने स्वास्थ्य जांच एवं उपचार के लिए आने वाले मरीजों व इनके स्वजनो को पानी के बीच से होकर ओपीडी तक पहुंचना पड़ा। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है कि पानी से सीएचसी का परिसर जलमग्न हुआ हो। पिछले कई वर्षों से अस्पताल में पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से आये दिन वर्षा होने पर यहां जलजमाव हो जाता है। जल जमाव से केवल स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आने वाले ग्रामीण मरीज तो परेशान ही हैं।साथ ही स्वास्थ्यकर्मी व चिकित्सक भी परेशान हैं। सबसे ज्यादा परेशानी गर्भवती महिलाओं को होती है। पानी निकासी का व्यवस्था सही नहीं होने से परेशानी होती है।

## कल्याणपुर के जितिया मेला ग्राउंड का होगा सौंदर्यीकरण

**जितिया मेला समारोह का सिमरिया विधायक ने किया उद्घाटन**



खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर में तीन दिवसीय जिउतिया जतरा मेला का आयोजन समारोह पुर्वक शुक्रवार को किया गया । इस तीन दिवसीय मेला समारोह की अध्यक्षता फुलदेव टाना भगत और संचालन शिव शंकर साव ने किया । इस समारोह के प्रारंभ में स्थानीय पहान पुजारी द्वारा जतरा खुंटा का विधिवत पूजा अर्चना कर एव मुर्गे की बलि देकर किया गया । समारोह के बतौर मुख्य अतिथि सिमरिया विधानसभा के विधायक किशुन कुमार दास एवं विशिष्ट अतिथि टंडवा प्रखंड प्रमुख रीना कुमारी टंडवा दक्षिणी जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर समारोह का उद्घाटन किया गया । इसके पश्चात मेला आयोजन समिति के द्वारा आगंतुक अतिथियों को अंग वस्त्र और बुके देकर स्वागत किया गया इस मौके पर भारी संख्या में आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे । समारोह मे आगंतुक अतिथि के आगमन पर सिमरिया विधानसभा विधायक किशुन कुमार दास का आदिवासी परंपरा के तहत युवतियां द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर किया गया । समारोह को संबोधित करते हुए विधायक किशुन कुमार दास ने कहा कि कल्याणपुर जितिया मेला का मुड़मा मेला के तर्ज पर राज्य का ऐतिहासिक मेला का सम्मान विधानसभा से पारित कराकर करने का हर संभव प्रयास करूंगा । इस समारोह को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया।

### मेला समारोह में हुए उपस्थित

मेला समारोह में टंडवा जिप सदस्य मध्य सुभाष यादव शोभा कुजुर पंचायती राज जिला अध्यक्ष प्रेम रंजन पासवान आरसीएमयू नेता कासिम उर्फ मुन्ना कल्याणपुर मुखिया महेश मुंडा बहेरा पंचायत मुखिया रेखा कुमारी किचटो मुखिया संगीता देवी बेती मुखिया सरिता देवी पंसस कुमारी अनुप्रिया बहेरा पंसस बसंती देवी गौरी देवी अनिमा कुजूर दिनेश टाना भगत पुनिया देवी मिश्रा पासवान सचिन पासवान आशिक अली उर्फ बाढ़ो मियां जितेंद्र कुमार सुमन देवी अरुण उरांव सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# हाथियों से बचाने को युवाओं ने रोकी सड़क

**विभाग कर रहा हाथियों को भगाने का प्रयास**

खबर मन्त्र संवाददाता



हाथी क्षेत्र के रास्ते में लोगों को रोकते युवा व ग्रामीण।

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों के उत्पत मचाने से कई गांव के ग्रामीण आतंकित हैं। वहीं जंगली हाथी के हमले से बचाने को क्षेत्र के गई युवा सामने आ रहे हैं। शुक्रवार को भी जंगली हाथियों की झुंड क्षेत्र के जंगल में रहेन की जानाकरी मिलने पर गांव के अनुराग कुमार, सधनु उरांव, सावना मुंडा, दिलीप मुंडा, रमेष महतो, कैलाष महतो, विषु उरांव व चैतु मुंडा सहित कई लोग सुबह से ही लोगों को जंगल जाने से रोकने में लगे थें। किसी को भी आगे जाने नही दिया जा रहा था। वहीं युवाओं को साथ ग्रामीणों ने दिया। कहा फसलों के अलावे घर व घर में रखे काफी सामनों को हाथियों द्वारा क्षति पहुंचाई जा चूकी है। किसी प्रकार भाग कर लोग अपनी जान बचा रहे हैं। अभी तक लोग हाथियों के हमले से बचे हुए हैं। किसी पर हाथी हमला न कर दे इसे लेकर किसी को भी उक्त रास्ते पर जाने नही दिया जा रहा है। वहीं मुखिया सुनील उरांव ने युवाओं व ग्रामीणों की इस पहल की सरहाना किया और कहा ऐसे मौके व सुरक्षा की दृष्टि से सबको सचेत रहना और लोगों को सचेत करना जरूरी है। देर शाम तक हाथियों के गांव में ही होने की सूचना है, विभाग द्वारा बुड़मू क्षेत्र से हाथी भगाव दस्ता मंगा कर हाथियों को क्षेत्र से बाहर निकालने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान मुखिया के अलावे जिप सदस्य कमिष्नर मुंडा, बाबुलाल महली सहित समाज के लोग ग्रामीणों को हाथियों को भड़काने से मना कर रहे थे।

## भाषा व संस्कृति को बचाना होगा : डॉ भगत

**बेड़ो।** सरना समिति क्लब सेरो, नरकोपी के तत्वाधान में शुक्रवार को जीतिया जतरा का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पूर्व डीडीसी डॉ परमेश्वर भगत ने कहा कि इस तरह के आयोजन से हमारी संस्कृति को और मजबूत करने पर बल मिलता है। आगे इन्होंने कहा की हमारी रूढ़ी परंपरा, रीति रिवाज, भाषा संस्कृति को बचाते हुए जल, जंगल व जमीन की सुरक्षा के लिए हमें सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक रूप से जागरूक रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही उन्नति की कुंजी है।

**एक नजर में**

## मोहननगर में डिप बोरिंग कराने का ग्रामीणों ने किया विरोध



**खलारी।** डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) मद से जिला परिसद विभाग के द्वारा खलारी प्रखण्ड क्षेत्र के मोहननगर सीसीएल कॉलोनी के सार्वजनिक स्थल पर दो डिपबोरिंग बोरिंग का स्थल चयन कर ग्रामसभा से पारित कर चुना गया था। लेकिन ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि जब डीएमएफटी फंड से जिला परिसद विभाग से मोहननगर में दो डिपबोरिंग का सार्वजनिक स्थल का चयन कर भेजा गया था। लेकिन सार्वजनिक स्थल छोड़ कर अपने निजी सावर्थ साधते हुए एक दो भाजपा कार्यकर्ता के द्वारा आने घर में ही डीप बोरिंग कराया जा रहा है। जो कि ये कार्य तय संगत नहीं है। स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला परिषद से पारित योजना का उदघाटन करने पहुंचे तो ग्रामीणों ने जम कर विरोध किया। ग्रामीणों ने बताया कि योजना पारित हुआ। उसके बाद विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर को लिखित आवेदन दिया गया था। लेकिन योजना को अपने भाजपा कार्यकताओं के स्थल चयन के पास ही डिपबोरिंग बोरिंग करने की बात कही गयी। उसके बाद एकत्रित ग्रामीण और नेताओं के बीच बकझक खूब देखा गया।

## जोसेफ के हैट्रिक गोल से हेहल स्पोर्टिंग सेमीफाइनल में पहुंचा

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी जोसेफ के हैट्रिक गोल की बदौलत हेहल स्पोटिंग रांची की सेमीफाइनल में पहुंची। हेहल ने एकतरफा मुकाबले में केपीएल जूनियर को 5-0 से रौंद दिया। अपने स्पीड, स्कील, सटीक पास व गजब की शूटिंग पावर की बदौलत जोसेफ पूरे मैच में छाये रहे। दर्शकों का भी भरपूर समर्थन जोसेफ को मिला। हालाकि टूनार्मेंट का सबसे तेज गोल रोहित ने अपनी टीम के लिए दूसरे मिनट में ही दागा। इसके बाद जोसेफ का करिश्माई जादू शुरू हुआ। जोसेफ ने 7वें, 12वें व 40वें मिनट में गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी की। रोहित ने 57वें मिनट ने अपना दूसरा गोल दागा। अफ्रीकी खिलाड़ी जोसेफ को मैन आफ द मैच का पुरस्कार मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो व विशिष्ट अतिथि आजसू नेता वीरेन्द्र सिंह भोगता ने प्रदान किया । दूसरे मैच में टाटीसिलवे एफसी ने टाइगर जयराम स्पोटिंग को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचनेवाली चौथी टीम बन गई है।

## राज्यहित में सत्ता परिवर्तन जरूरी : धीरज

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को ओरमांझी में कार्यकताओं की एक बैठक हुई। मंडल संयोजक बालक पाहन की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्य रूप से पहुंचे खिजरी विधानसभा प्रभारी राकेश भास्कर व ग्रामीण जिला अध्यक्ष बिनय महतो उर्फ धीरज ने कार्यकर्ता से परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील किया, कहा वर्तमान समय में राज्य की कानून व्यवस्था ध्वस्थ हो चूकी है। अपराधी बेलगाम हो हैं, जमीन व बालू की माफिया का राज कायम है। आज राज्य की बेटियां सुक्षित नही है और चुनाव से पूर्व राज्य सरकार मइंया योजना लाकर राज्य की जनता, माता व बहनो को बरगलाने का प्रयास कर रही है। जनहित में राज्य में सरकार परिवर्तन करना जरूरी हो गया है। वहीं पूर्व भाजयुमो जिला अध्यक्ष पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, मंडल संयोजक बालक पाहन ने ओरमांझी प्रखंड से भारी संख्या में कार्यकताओं के कार्यक्रम में पहुंचने व कार्यक्रम को लेकर तैयारी की जानाकी दी। कहा कार्यक्रताओं को लेकर कार्यकताओं में काफी उत्साह है।

## ओरमांझी में नुक्कड़ नाटक में मंइयां योजना का गुणगान



ओरमांझी में कलाकारों की प्रस्तुति देखते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के पिस्का, पांचा व चाडू गोव में नुकड़ नाटक के माध्य से फुलो झानो आषीर्वाद व मइंया योजना सहित राज्य सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानाकरी दी गई। सुनिल नायक, दिलेष्वर महतो, रोहिल कुमारी, देवेन्द्र साहू, रामकिशुन बेदिया, कृष्णकुमार नागवंशी, सरिता कुमारी, स्वयं प्रकाश सहित दल में शामिल कलाकारों ने नुकड़ नाटक के साथ अपने नृत्य व गीत-संगीत से लोगों को मनोरंजन भी किया। जिसे देखने आसपास से काफी संख्या में पहुंचे लोगों ने कलाकरो की प्रस्तुति के साथ सरकार की योजनाओं की सरहाना किया। बताया गया कि जनसेवी संगठन प्रगति परिषद से जुड़े कलाकारों द्वारा गीत-संगीत नृत्य व नुक्कड़ नाटक के द्वारा अबुआ वीर अबुआ दिशुम अबुआ अभियान, मुख्यमंत्री मइंया योजना, फूलो झानो आशिर्वाद योजना, हरा राशनकार्ड, बिरसा हरित ग्राम, पारदेशीय छात्रवृति योजना, अबुआ आवास योजना सहित झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

# वार्ड सदस्य और उप मुखिया संघ ने किया धरना-प्रदर्शन

**पंचायतों के मुखिया पर योजनाओं में मनमानी का आरोप**

**विरोध मार्च निकाल की नारेबाजी, बीडीओ को सौंपा गया मांग पत्र**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड के वार्ड सदस्य और उप मुखिया संघ ने छह सूत्री मांग को लेकर मुख्यालय में एकदिनी धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुये वक्ताओं ने पंचायतों के मुखिया की ओर से योजनाओं के मनमाने तौर पर संचालन कर पंचायत राज व्यवस्था की धज्जियां उड़ाने और समाज के गरीब व जरूरतमंदों को इससे वंचित करने का आरोप लगाया। कार्यक्रम में ममता देवी, नीरू नगड़ूवार, प्रिया कच्छप, रूबी खातून, मीना देवी, अनमोल तिर्की, सुनीता देवी, बीके उरांव, संतोष शर्मा, मंजू कच्छप व सिम्मी परवीन ने अपनी बातें रखी। इससे पूर्व अध्यक्ष चंद्रदीप उरांव की अगुआई में तिलता बगीचा से मुख्यालय तक विरोध मार्च निकाल नारेबाजी की गयी। इसके उपरांत, बीडीओ रवि कुमार की गैर मजूदगी में लेखा सहायक मंजर आलम को छह सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। संचालन महामंत्री बंधु महतो ने किया।

### कार्यक्रम में लिया हिस्सा

नमिता देवी, मुन्नी देवी, उमेश सिंह, आजाद अंसारी, जहीर अब्बास, कोमल सागर, सीता देवी, फिरदोश अंसारी, परमेश्वर सिंह, जयंती देवी, असगरी खातून, अनिता देवी, सुखमनी देवी, निशा कुमारी, नुशरत परवीन, शिल्पा तिर्की, सोनी कुमारी, अब्दुल बारिक व अब्दुल कयूम अंसारी आदि।

### जानें क्या हैं प्रमुख मांगें

योजनाओं के दस्तावेज में वार्ड सदस्य व उप मुखिया का हस्ताक्षर अनिवार्य करने, योजना के चयन में भागीदारी, अबुआ और पीएम आवास के लाभुक चयन में लिखित सहमति, ग्राम सभा को सशक्त बनाने, वार्ड सदस्य व उप मुखिया का मानदेय क्रमश: 4 व 5 हजार करने तथा विकास कार्यों में प्राथमिकता देने की मांगे शामिल है।

## कानपुर टेस्ट पहला दिन: बारिश ने डाली खलल, केवल 35 ओवर का हो सका खेल

# पहले दिन का खेल जल्द समाप्त, बांग्लादेश का स्कोर 107/3

एजेंसी

**कानपुर।** भारत और बांग्लादेश के बीच यहां खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच का पहला दिन बारिश के कारण जल्दी खत्म कर दिया गया। पहले दिन केवल 35 ओवर और 166 मिनट का खेल हो सका। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में 3 विकेट पर 107 रन बना लिए हैं। मोमिनुल हक 40 और मुश्फिकुर रहीम 6 रन बनाकर खेल रहे हैं। इससे पहले कल रात भर हुई बारिश के कारण आज सुबह टॉस होने में देरी हुई और मैच लगभग 1 घंटे देर से शुरू हुआ। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बादल छाये रहने के बावजूद बांग्लादेश ने सुबह का सत्र ठीक-ठाक खेला। कप्तान नजमुल हुसैन शांतो (28*) और मोमिनुल हक (17*) ने मुश्किल परिस्थितियों में 45 रनों की अटूट साझेदारी कर बांग्लादेश को थोड़ी राहत दिलाई। हालांकि पिच पर घास थी, लेकिन काली मिट्टी की वजह से उछाल कम था और सतह धीमी थी। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने नई गेंद स्विंग कराया। बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज शादमान इस्लाम और जाकिर हसन कुछ मौकों पर आउट होने से बचे, लेकिन आकाश दीप के आने तक वे नई गेंद के खिलाफ पूरी तरह से आश्वस्त दिखे। भारत के नए तेज गेंदबाज ने एक बार फिर अपने पहले ओवर में ही कमाल कर दिया, जब उन्होंने जाकिर (00) को गली में यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच कराया। इसके तुरंत बाद, तेज गेंदबाज ने शादमान (24) को एलबीडब्लू आउट कर भारत को दोहरी सफलता दिलाई। इसके बाद मोमिनुल हक और कप्तान नजमुल हसन शांतों ने पारी को आगे बढ़ाया और तीसरे विकेट के लिए 51 रन जोड़े। 80 के कुल स्कोर पर अश्विन ने नजमुल को एलबीडब्ल्यू कर यह साझेदारी तोड़ी। नजमुल ने 31 रन बनाए। इसके बाद मोमिनुल और मुश्फिकुर ने बांग्लादेश की पारी को 100 के पर पहुंचाया। 35वें ओवर के बाद खराब रोशनी के कारण खेल को रोका गया और फिर जोरदार बारिश आ गई, इसके बाद खेल को समाप्त घोषित कर दिया गया।



## केकेआर ने किया गंभीर के रिप्लेसमेंट का ऐलान, ब्रावो को बनाया नया मेंटर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स ने आइपीएल 2025 के लिए अपने नये मेंटर का ऐलान कर दिया है। बता दें कि, गौतम गंभीर का भारतीय क्रिकेट टीम का कोच बनने के बाद केकेआर मेंटर का पद खाली हो गया था। अब अगला सीजन शुरू होने से पहले फ्रेंचाइजी ने ड्वेन ब्रावो को अपना नया मेंटर नियुक्त किया है। पूर्व कैरेबियाई ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो कोलकाता नाइट राइडर्स में गौतम गंभीर की जगह लेंगे, जिन्होंने भारतीय राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच की नौकरी संभालने के लिए पद छोड़ दिया था। पूर्व वेस्टइंडीज स्टार द्वारा क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा के कुछ ही समय बाद फ्रेंचाइजी की ओर से यह ऐलान किया गया है। केकेआर के सीइओ वेंकी मैसूर ने पुष्टि की कि ब्रावो दुनिया भर में विभिन्न लीगों में नाइट राइडर्स की अन्य फ्रेंचाइजी के साथ भी काम करेंगे। मैसूर ने एक बयान में कहा, डीजे ब्रावो का हमारे साथ जुड़ना एक बहुत ही रोमांचक घटनाक्रम है। वह जहां भी खेलते हैं, जीतने की उनकी गहरी इच्छा, उनका अनुभव और ज्ञान फ्रैंचाइजी और सभी खिलाड़ियों को बहुत लाभ पहुंचायेगा। हमें इस बात की भी बहुत खुशी है कि वह दुनिया भर में हमारी सभी अन्य फ्रैंचाइजी-CPL, MLC और ILT20 के साथ जुड़ेंगे।




### ब्रावो ने सभी फॉर्मेट से लिया संन्यास

40 वर्षीय ब्रावो ने 2021 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया, लेकिन उसके बाद लीग क्रिकेट खेलना जारी रखा। हाल ही में, उन्होंने 2024 टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान टीम के साथ उनके बॉलिंग कंसल्टेंट के रूप में काम किया। वह CPL के चल रहे सीजन में खेल रहे थे, लेकिन कमर की चोट के कारण उनका कार्यकाल छोटा हो गया और क्रिकेटर ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपने संन्यास की घोषणा की।

## त्रिशा और गायत्री की जोड़ी सेमीफाइनल में, किदांबी हारे

**मकाऊ।** भारत की त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने शुक्रवार को क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे की सु इन हुई और लिन जी युन की जोड़ी को हराकर मकाऊ ओपन बैडमिंटन के सेमीफाइनल में जगह बना ली। वहीं पुरुष एकल के क्वार्टरफाइनल में किदांबी श्रीकांत को चीनी खिलाड़ी के खिलाफ मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। शुक्रवार को मकाऊ ईस्ट एशियन गेम्स डोम में प्रतिस्पर्धा करते हुए त्रिशा और गायत्री की जोड़ी ने सीधे गेम में अपनी जीत सुनिश्चित की। भारतीय जोड़ी ने 39 मिनट तक चले मैच में 21–12, 21–17 से जीत हासिल की।

## उत्तराखण्ड में राज्य ओलंपिक खेलों का हुआ समापन

**रूद्रपुर/नैनीताल।** उत्तराखंड के पांचवें राज्य ओलंपिक खेलों का शुक्रवार को समापन हो गया। रुद्रपुर में मनोज सरकार स्टेडियम में आयोजित समापन कार्यक्रम कुमाऊं मंडल के आयुक्त दीपक रावत ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि देश व प्रदेश में खेलों का स्वर्ण युग चल रहा है। सरकार द्वारा खिलाड़ियों को सुविधा मुहैया कराने के साथ ही सरकारी सेवा में भी लाभ दिया जा रहा है।

## चोट अब ठीक है, अगला लक्ष्य 2025 विश्व चैंपियनशिप: नीरज

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने आगामी सत्र के लिए शत प्रतिशत फिट होने का वादा करते हुए शुक्रवार को कहा कि उनका अगला लक्ष्य 2025 टोक्यो विश्व चैंपियनशिप में पोडियम पर जगह हासिल करना है। ओलंपिक में दो बार के पदक विजेता नीरज ब्रुसेल्स में डायमंड लीग के फाइनल में दूसरे स्थान रहे थे। वह अपने मौजूदा सत्र को समाप्त कर स्वदेश वापस आ गए हैं। टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज ने पेरिस ओलंपिक में रजत पदक अपने नाम किया। वह लगातार दो ओलंपिक में पदक जीतने वाले भारत के पहले ट्रैक एवं फील्ड एथलीट हैं। इस 26 साल के खिलाड़ी ने हरियाणा खेल विश्वविद्यालय की मिशन ओलंपिक 2036 पर आयोजित एक सम्मेलन के मौके पर कहा, मेरा सत्र अब खत्म हो गया है। अगले साल का सबसे बड़ा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप है और हम इसके लिए अभी से तैयारी शुरू कर देंगे। ओलंपिक हमेशा हमारे दिमाग में रहता है, लेकिन उसके लिए हमारे पास चार साल हैं। विश्व चैंपियनशिप अगले साल 13 से 21 सितंबर तक आयोजित होने वाली है। चोपड़ा पूरे साल मांसपेशियों की चोट से जूझते रहे और इससे ओलंपिक और डायमंड फाइनल दोनों में उनका प्रदर्शन प्रभावित हुआ। डायमंड लीग फाइनल में उन्होंने टूटे हुए बाएं हाथ के साथ भी प्रतिस्पर्धा की थी। उन्होंने सत्र के अंत में डॉक्टरों से सलाह लेने की बात कही थी ताकि यह तय किया जा सके कि चोट से उबरने के लिए सर्जरी की जरूरत होगी या नहीं। चोपड़ा ने फिटनेस के बारे में पूछे जाने पर चोट की चिंताओं को नजरअंदाज करते हुए कहा कि अपनी तकनीक में सुधार करने पर ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा, मेरे लिए यह साल चोटों से भरा रहा है लेकिन अब चोट अब ठीक है। मैं नये सत्र के लिए पूरी तरह से फिट हो जाउंगा।

## नवंबर में शूटिंग रेंज में वापस आऊंगी : मनु

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय स्टार निशानेबाज मनु भाकर का कहना है कि मैं नवंबर में शूटिंग रेंज में वापस आऊंगी और प्रशिक्षण शुरू करूंगी। छोटी सी उम्र में ही उल्लेखनीय सफलता हासिल कर चुकी मनु भाकर ने इतिहास रचते हुये पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीते थे। 22 वर्षीय खिलाड़ी ने शुक्रवार को अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर अपने प्रशंसकों से यह बात साझा करते हुए कहा कि जो लोग मुझसे पूछ रहे हैं कि पदक जीतने के बाद मेरे जीवन में क्या बदलाव आया है, उनके लिए बता दूं, कुछ भी नहीं बदला है, मैं वही मनु भाकर हूं और अपने अवकाश का आनंद ले रही हूं। मैं नवंबर में शूटिंग रेंज में वापस आऊंगी और फिर से प्रशिक्षण शुरू करूंगी। आपके प्यार और ध्यान के लिए धन्यवाद। कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वे इतनी दूर तक पहुंच पाएंगी। साथ ही उन्होंने कहा था कि ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने का उनका सपना जारी है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION, HAZARIBAG**

e-Procurement Cell
Very Short e-Procurement Notice
Tender Reference No:-BCD/EE/HAZARIBAG/ 32 /2024-25
Date: - 26-09-2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | :- Renovation Work for ST 100 beded Boys Hostel in behind Takiya Majar, Nawabgunj, Hazaribag |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | 9806800/- |
| 3. | Time of Completion | 6 Month |
| 4. | Date of Publication of Tender on website | 28-09-2024 |
| 5 | Last date/Time for receipt of bids | 4-10-2024 03.00 PM |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 |

*Further details and subsequent amendments can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
BuildingConstruction Department,
Building Division, Hazaribag

PR 337424 (Building)24-25*D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता सह राजमार्ग पदाधिकारी का कार्यालय पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा**
☎06534-2227076 Email Id-eercdkoderma-jhr@nic.in

**शुद्धि पत्र**

PR.No.336612 Road(24-25):D से अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–05 वर्ष 2024–25 द्वारा आमंत्रित निविदा के क्रमांक–7 (गुण नियंत्रण अवर प्रमण्डल, कोडरमा के भवन सह प्रयोगशाला का मरम्मति सह सुसज्जीकरण कार्य वित्तीय वर्ष 2024–25) के कार्य को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।
षेष निविदा यथावत् रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता
प०नि०वि०पथ प्रमण्डल कोडरमा।

PR.NO.337375 Road(24-25):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

शुद्धिपत्र /सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– **BCD/EE/ HAZARIBAG/ 23 /2024-25 .PR** संख्या– 336518 **(Building)24-25 (D).**द्वारा प्रकाशित निविदा के ग्रुप सं0–02,एवं 03 को , अपरिहार्य कारणवश रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 337383 (Building)24-25*D



**Office of the Nagar Panchayat Chhatarpur**

Very Short E-Procurement Notice
NIT No:- NPC-NIT-16/2023-24 (5th Call )

| Sr. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 10 KLD at Chhatarpur town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years |
| 2 | Estimated Cost (INR) | Construction Cost: ₹ 2,38,31,558.00 Operation & Maintenance Cost: ₹ 1,26,22,393.00 Total: ₹ 3,64,53,951.00 |
| 3 | Bid Security (INR) | ₹ 3,64,540/- (Rupees Three Lakhs Sixty-Four Thousand Five Hundred Forty Only) |
| 4 | Cost of Bid Document (INR) | ₹ 10,000/- (Rupees Ten Thousand Only); non-refundable |
| 5 | Time of Completion | 1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP |
| 6 | Date of e-publication of tender | 28-09-2024 |
| 7 | Document downloading start Date | 30-09-2024 |
| 11 | Bid submission end date | 08-10-2024 |
| 12 | Last day for the submission of Bid Security, cost of bid document | 08-10-2024 |
| 13 | Bid opening date (online | 09-10-2024 |
| 14 | Mode of Submission of Bids | e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) |
| 15 | Name &Address of office Inviting Tender | Executive Officer, Nagar Panchayat Chhatarpur |
| 16 | Helpline Number | 9608834366, 9471125404 |

Note: Only e-Tender will be accepted
Complete bid document is available on website http://jharkhandtenders.gov.in)

Executive Officer
Nagar Panchayat Chhatarpur

PR 337356 District(24-25).D



**कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा, कोडरमा**

प्रेस विज्ञप्ति

सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण, आत्मा कोडरमा में प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (BTM) एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक (ATM) के रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु औपबंधित सूची तैयार की गई है। अभ्यर्थियों के दक्षता जॉच (Skill Test) दिनांक 05.10.2024 को 10:00 बजे पूर्वा0 में समाहरणालय, (DRDA Office) कोडरमा में किया जाना है। सभी अभ्यर्थी उक्त तिथि को ससमय पहुंचकर दक्षता जॉच (Skill Test) में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक
आत्मा, कोडरमा

PR 337393 (Agriculture)24-25*D



**कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्**

ईच्छा की अभिव्यक्ति 02/2023–24 (4th call)
(अति अल्पकालीन निविदा सूचना)
(Very Short Term Tender Notice)

15वें वित्त आयोग द्वारा प्राप्त अनुदान राशि के माध्यम से क्रियान्वयन हेतु 15th FC Tied Grant स्वीकृत योजना अंतर्गत झुमरी तिलैया नगर परिषद् में Establishment of 100 kg per day Capacity Waste paper/waste cloths Recycling plant and production of value added products from recycled paper/old,used, torn, Damaged clothes हेतु मशीन, उपकरण एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति, निर्माण कार्य, अधिष्ठापन, प्रशिक्षण, एक (01) वर्ष तक विपणन लिंकेज, संचालन और रख–रखाव (Operation & Maintanance) हेतु Turnkey Basis पर इस क्षेत्र के अनुभवी निबंधित एवं इच्छुक गैर सरकारी संगठनों / अर्द्ध सरकारी संगठनों / निजी कम्पनी / संस्थानों / फर्म / उत्पादक एवं उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि आदि से दिनांक 05/10/2024 के 05:00 बजे अपराहन तक ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमन्त्रित की जाती है। "ईच्छा की अभिव्यक्ति" तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड़ की अलग–अलग सीलबंद लिफाफे को एक बड़े पृथक सीलबंद लिफाफें में समर्पित किया जायेगा। ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) समर्पित करने संबंधी शर्त एवं दिशा निर्देश कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद् के सूचना पट्ट अथवा वेबसाईट https://udhd.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है। सीलबंद Expression of Interest के तकनीकी बिड को प्रस्तावकों / प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक 07/10/2024 के 04:00 बजे अपराहन निविदा निस्तारण समिति के द्वारा खोला जायेगा, तत्पश्चात तकनीकी बिड के सफल प्रस्तावकों द्वारा परियोजना के क्रियान्वयन से संबंधित कार्य योजना का PPT (Power Point Presentation) प्रस्तुति के पश्चात वित्तीय बीड़ खोला जायेगा। Expression of Interest या परियोजना संबंधी किसी प्रकार के संशय (Confusion) निराकरण हेतु मोबाईल नम्बर 6207805284 पर किसी भी कार्यालय दिवस के कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद्

PR 337368 Urban Development(24-25).D



**कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा**

अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 03/2024–25

विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, लोहरदगा।
परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– 04.10.2024 तक कार्य अवधि में।
परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– नगर परिषद, कार्यालय, लोहरदगा।
निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– 05.10.2024 के अपराह्न 3.00 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 05.10.2024 के अपराह्न 3.30 बजे।
कार्य का विस्तृत विवरण :–

| क्र0 | योजना का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | Construction of 2 Nos. Toilet block near DALSA Office & Repairing of old nagar parishad office & Shed construction work at new nagar parishad office Lohardaga | 9,85,220.00 | 19,750.00 | 5000.00 + 18% GST | 30 दिन |
| 2. | Construction of Shed at Khadgarha Marriage Hall in ward No14 Under Nagar Parishad, Lohardaga | 7,48,201.00 | 15,000.00 | 5000.00 + 18% GST | 30 दिन |

नोट:– नियम एवं शर्तें नगर परिषद, लोहरदगा के सूचनापट्ट एवं https://udhd.jharkhand.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 337337 Lohardaga(24-25).D



**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR**
District Planning Office Latehar, 829206
Website: www.latehar.nic.in

Request for Proposal (RFP) for Procurement of 3-Wheeler Scooty

Notice inviting RFP for Selection of Agency for "Supply of Battery-Operated 3-WheelerElectric Scooty in the identified location in Latehar district" under the Office of District Planning Office, Latehar Govt. of Jharkhand.

Fact Sheet: (3rd Call)

| S.no | Particular | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | "The Supply of Battery-Operated 3-Wheeler Electric Scooty on Turnkey Basis across Latehar District" |
| 2 | Date of Issue of RFP | 27-09-2024 |
| 3 | Last Date for submission of Proposal | 14-10-2024 (till 05:00 PM) |
| 4 | Date of opening of Technical Proposal | 16-10-2024(At 11:00 AM) (Sample demonstration will be done physically on same day) |
| 5 | Date of opening of Financial Proposal | 16-10-2024 (At 03:00 PM) |
| 6 | Time allowed for Completion | 03 Months |
| 7 | Earnest money deposit EMD) (Refundable) & Bid Processing Fee/Tender (Non-refundable) | EMD – Rs.1,00,000/-(One lakh Only/-) Refundable & Tender Fees Rs 2000/- (Two Thousand Rupees Only/-) (Non-Refundable) Both DD will be in favour of District Planning Officer, Latehar Payable at Latehar. EMD and tender Fee submission is exempted for MSME of Jharkhand. MSME registration certificate with DIC approval certificate in same manufacturing trade is must require for bidder. If bidder is not a MSME in same trade will not get the Exemption benefit. |
| 8 | Address at which the tenders (Hard Copies) are to be submitted: | District Planning Office, Latehar, Jharkhand |
| 9 | Place of opening tenders: | District Planning Office, Latehar, Jharkhand |
| 10 | Mode of submission | Speed post/ Registered Post/ By Hand only to the address as specified above during office hours only. Submission of the bid through any other mode or late submission of bids will be rejected. |
| 11 | Method of Selection | •After qualifying in technical bid financial bid will be open and L-1 will be awarded. •L-1 Rates or the rates approved by Tender Committee/District Administration will be considered as the final rate of the project. •Tender Committee retains right to negotiate rates with L-1 Bidder. |
| 12 | Date of opening of Financial Bid (Envelope-2) | The Financial bid for the tender shall be opened on **16th Oct. 2024 at 03:00 PM** at the address as under: The District Planning Office, District Collectorate Office Distt: Latehar, Jharkhand-829206 |

**Note :-** Complete Bid Document, terms & conditions are available on official website of the district: - https://latehar.nic.in/

District Planning Officer,
Latehar

PR 337295 Planning and Development (24-25)_D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉंची**

प्रथम अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं०–LAB/DWSD/15/2024-25
दिनांक– 26.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉंची। |
| 2 | वेबसाइट मे निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | दिनांक 28.09.2024 पूर्वाह्न 11.00 बजे से। |
| 3 | प्री बीड बैठक का स्थान, तिथि एवं समय | 30.09.2024 in the Office of the Chief Engineer-cum-Executive Director, Programme Management Unit, DWSD, Jharkhand, Doranda, Ranchi at 3:00PM |
| 4 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय, | दिनांक 05.10.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक। |
| 5 | ई–निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 07.10.2024 पूर्वाह्न 11.00 बजे से। |
| 6 | ई–निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, डोरण्डा, रॉंची–02। |
| 7 | ई–मेल | dwsdhatiaproject@gmail.com |
| 8 | निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष | 9204931335 |

कार्य की विस्तृत विवरणी:-

| क्र० सं० | कार्य का नाम | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | Request Proposal for Supplying various Equipment, Chemicals, Standard Reference Microbial cultures, Glasswares/ Plasticwares and General items in 13 Numbers of District Level Water Testing Laboratories of Jharkhand A-Ranchi Zone ( Ranchi, Ramgarh, Koderma, Chatra Medininagar, Latehar, Garhwa, Chaibasa, Saraikela, Khunti, Lohardaga, Simdega, Gumla) | 7,15,000/- | 10,000/- |
| 2 | Request Proposal for Supplying various Equipment's Chemicals standard reference Microbial Cultures, Glassware's/ Plasticwares and General items in 9 Numbers of District Level Water Testing Laboratories of Jharkhand B-Dumka Zone (Deoghar, Jamtara, Godda, Dumka, Pakur, Sahibganj, Dhanbad, Chas, Giridih) | 4,58,000/- | 10,000/- |

**NB:- For Details**
1. निविदा अन्तर्गत परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि ई–गवर्नेस विभाग झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा, रॉंची के आदेश सह ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के अनुरूप प्राप्त की जाएगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान सम्वेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा। उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाब देही सम्वेदक की होगी।
3. प्राक्कलित राशि घट अथवा बढ़ सकती है उसी प्रकार से अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि भी देय होगी है।
4. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http//:jharkhandtenders.gov.inपर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, हटिया योजना, रॉंची।

PR.NO.337331 Drinking Water and Sanitation(24-25):D

स्पीड न्यूज


## धातकीडीह हरिजन बस्ती में नोआखाई महोत्सव आज

**जमशेदपुर।** हर साल की भांति इस वर्ष भी जमशेदपुर के धातकीडीह मुखी बस्ती स्थित झंडा मैदान में श्री संकट मोचन मां शामलेश्वरी समिति के बैनर तले शनिवार को संध्या 7 बजे महापर्व नोआखाई के उपलक्ष पर नोआखाई जोहर भेंट एवं संबलपुरी गीत, संगीत और नृत्य का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया है। महोत्सव की तैयारियों को शुक्रवार को अंतिम रुप दिया गया।

## सिंहभूम चैंबर की वार्षिक आमसभा आज

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की 73वीं वार्षिक आमसभा चैंबर भवन, बिष्टुपुर, जमशेदपुर में शनिवार, दिनांक 28.09.2024 को पूर्वाह्न 11.30 बजे से आरंभ होगी। इस आमसभा में पिछले एक वर्ष तदानुसार 1 अक्टूबर, 2023 से अभी तक के कार्यों, उपलब्धियों और लेखा-जोखा को प्रस्तुत किया जायेगा। यह जानकारी मानद महासचिव मानव केडिया ने दी।

## एलएन बंसल की स्मृति में रेडक्रॉस का शिविर शुरू



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया सेवा संस्थान द्रोपदी देवी चिमनलाल भालोटिया फैमिली ट्रस्ट, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से 739वां नेत्र शिविर स्व लक्ष्मी नारायण बंसल की पुण्य स्मृति में समाजसेवी राकेश भोजनिया के संयोजन में 28 से 30 सितंबर तक बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में लगायेगा। 28 को नेत्र रोगियों के आंखों की जांच लोहिया नेत्रालय में नेत्र चिकित्सक डॉ बीपी सिंह, डॉ राशि वर्मा एवं सहयोगी चिकित्सीय टीम द्वारा की जायेगी, मोतियाबिंद ग्रस्त नेत्र रोगियों के चयन के साथ ही आंखों की अन्य बीमारियों से प्रभावित नेत्र रोगियों को जरूरत के अनुसार दवा व परामर्श प्रदान कर विदा किया जायेगा। मोतियाबिन्द ग्रस्त नेत्र रोगियों का ऑपरेशन रविवार 29 सितम्बर को नेत्र चिकित्सकों एवं उनके सहयोगियों की टीम द्वारा किया जायेगा।

## टाटा स्टील गम्हरिया ने किया 109 यूनिट रक्तदान



**गम्हरिया।** जेडीसी टीजीएस टाटा स्टील गम्हरिया के तत्वाधान में शुक्रवार को इंजीनियरिंग डेवलपमेंट एंड इनोवेशन सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को मुख्य अतिथि टिस्को ग्रोथ शॉप के महाप्रबंधक शरद शर्मा, विशिष्ट अतिथि जेडीसी के वाइस चेयरमैन सह टिस्को मजदूर यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय, महासचिव शिवलखन सिंह और जमशेदपुर ब्लड बैंक के प्रबंधक संजय चौधरी ने संयुक्त रूप शुभारंभ किया। इस शिविर में काफी संख्या में कर्मचारियों ने हिस्सा लिया जिसमे कुल 109 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर के सफल आयोजन में जेडीसी चेयरमैन पंचम प्राणलाल प्रदीप घोष, ब्रजेश छाबरा, एसएन सिंह, बिजेश यतिंद्रन, अमित रॉय, दीपक वर्गीस, अरुण कुमार, डॉ लक्ष्मी नारायण, सुनील कुमार शर्मा, आशीष शर्मा, विशिष्ट प्रबंधक संजय कुमार सिंह, एडमिन टीम से उदय शंकर पाठक, संजय तिवारी, विकास वर्मा आदि का योगदान रहा।


## स्टील स्ट्रीप व्हील में एक्सीडेंट, कर्मी की मौत

**जमशेदपुर।** छोटागोविंदपुर स्थित स्टील स्ट्रीप व्हील लिमिटेड में आज दोपहर 12 बजे हुई दुर्घटना में स्थायी कर्मचारी जयप्रकाश शर्मा की मौत हो गयी। आजसू,भाजपा, झामुमो और कांग्रेस नेताओं के दबाव पर प्रबंधन मृतक कर्मचारी की धर्मपत्नी को 51 लाख रुपये मुआवजा के साथ पत्नी को स्थायी नौकरी देने पर सहमत हुआ है। विधायक मंगल कालिंदी व मान्यता प्राप्त यूनियन के अध्यक्ष आनंद बिहारी दूबे ने प्लांट हेड की उपस्थिति में समझौता पत्र दिवंगत कर्मचारी के पिता गोपाल शर्मा एवं परिजनों को सौंपा।

# लालबाबा फाउंड्री पर अतिक्रमण हटाने गया दल बेरंग लौटा, घंटों बवाल

- आज कोर्ट पर बस्तीवासियों और व्यापारियों की नजर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**






1. टायर जलाकर अतिक्रमण हटाने आयी टीम का विरोध करते बस्तीवासी। 2. दंडाधिकारी से बात करते पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार। 3. अभियान के दौरान पहुंचे जमशेदपुर न्यायालय की टीम। 4. भाजपा नेता दिनेश कुमार भी बस्तीवासियों के समर्थन में पहुंचे।

**जमशेदपुर।** कोलकाता हाईकोर्ट के आदेश पर बर्मामाइंस थाना अंतर्गत स्थित बंद पड़ी लाल बाबा फाउंड्री की जमीन पर बने विभिन्न व्यापारिक गोदामों और मकानों को जमींदोज करने पहुंचा प्रशासन और टाटा स्टील के दल को भारी विरोध के बीच शुक्रवार को बेरंग लौटना पड़ा।

लालबाबा फाउंड्री कैलाश नगर में शुक्रवार को सुबह से ही जमकर बवाल हुआ। टाटा स्टील के अधिकारी चार बुल्डोजर के अलावा लाव-लश्कर सुबह साढ़े नौ बजे लालबाबा फाउंड्री पहुंचे तो लोग भी विरोध में सड़क पर उतर आए। बारिश के बीच टायर जला कर बस्तीवासियों ने अपना विरोध दर्ज कराया और टाटा स्टील के खिलाफ नारेबाजी की। साथ ही लालबाबा फाउंड्री व्यापार संघ के लोगों के नेतृत्व में सड़क पर ही धरना-प्रदर्शन शुरू हो गया। टाटा स्टील के अधिकारियों के साथ जिला प्रशासन के मजिस्ट्रेट और भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। हालात खराब देखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों ने वज्र वाहन भी बुला लिया किन्तु अंततः उन्हें वापस लौटना पड़ा।

दूसरी ओर, लालबाबा फाउंड्री टाटा स्टील के बुल्डोजर पहुंचने की जानकारी मिलते ही भाजपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी समेत अन्य सामाजिक संगठनों के लोग पहुंच गए और बस्तीवासियों के साथ मिलकर जम कर विरोध किया, और बमार्माइंस मेन सड़क को घंटों जाम रखा। विरोध प्रदर्शन को देखते हुए टाटा स्टील और जिला प्रशासन के अधिकारियों के हाथ पैर फूल गए। मौके पर पूर्व सांसद कांग्रेस के डॉ अजय कुमार, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, भाजपा के अभय सिंह, दिनेश कुमार, नगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा आदि पहुंचे हुए थे।

इसी बीच पूर्व सांसद डा. अजय कुमार अधिकारियों के पास पहुंचे और उनसे बात की। डॉ अजय कुमार ने टाटा स्टील के अधिकारियों से कहा कि उनका कोर्ट का जो आदेश है वह ही गलत है। इसमें खाता नंबर का पेच है। पूर्व सांसद ने टाटा स्टील के अधिकारियों से पूछा कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने से पहले लालबाबा फाउंड्री कैलाश नगर के लोगों को नोटिस क्यों नहीं दी गई। डा. अजय कुमार के सवालों का जवाब टाटा स्टील के अधिकारी नहीं दे सके। बाद में वहां भाजपा के वरिष्ठ नेता अभय सिंह भी पहुंच गये। अभय सिंह ने भी अधिकारियो से कहा कि वह यहां की जनता को मोहलत दें और बुल्डोजर नहीं चलाएं। बाद में अधिकारियों ने लाल बाबा फाउंड्री में बुल्डोजर नहीं चलाने का फैसला लिया। इसके बाद प्रशासन और टाटा स्टील के अधिकारी लाव-लश्कर लेकर वापस चले गए। तय हुआ है कि टाटा स्टील के अधिकारी अतिक्रमण हटाने की अगली तारीख तय करेंगे।

### मंइयां सम्मान यात्रा पर आयीं कल्पना सोरेन पर जगह-जगह पुष्प वर्षा

# मंइयां सम्मान योजना से झारखंडी महिलाएं बन रही हैं आत्मनिर्भर : कल्पना सोरेन

- बोड़ाम, जमशेदपुर से लेकर सरायकेला तक में कल्पना को बम्पर समर्थन
- हेमंत सरकार में बहन बेटियों को मिलता रहेगा उनका हक, अधिकार : मंगल

**विशेष संवाददाता**





1. बोड़ाम पहुंची विधायक कल्पना सोरेन, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह पर पुष्पवर्षा करती महिलाएं। साथ में विधायक क्षेत्र के विधायक मंगल कालिंदी। 2. उलियान, जमशेदपुर में शहीद निर्मल महतो की समाधि को नमन करती कल्पना सोरेन, मंत्री बेबी देवी और विधायक सबिता महतो। 3. कांड्रा मोड़ पर कार की बोनट पर बैठ कर रोड शो करती विधायक कल्पना सोरेन।

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन कोल्हान प्रमंडल में तीन दिवसीय मईंया सम्मान यात्रा पर हैं। उनके साथ मंत्री बेबी देवी और विधायक दीपिका पांडेय सिंह भी हैं। दो दिनों के दौरान कोल्हान के इन दो जिलों क्रमशः पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां में कल्पना सोरेन को जबर्दस्त रिस्पांस मिला है। इस रिस्पांस का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि गांव से लेकर शहर तक की महिलाएं कल्पना सोरेन का स्वागत पुष्पवर्षा करके कर रही हैं। यह दृश्य बोड़ाम प्रखंड से लेकर जमशेदपुर और सरायकेला के कांड्रा तक देखने को मिला। सरायकेला के कांड्रा मोड़ पर पहुंचने पर कल्पना सोरेन इतनी उत्साहित हुईं की वे कार की बोनट पर बैठक कर महिलाओं का अभिवादन सह रोड शो में जुट गईं। जमशेदपुर प्रवास के दौरान कल्पना सोरेन, मंत्री बेबी देवी,मंत्री दीपिका पांडेय सिंह,मंत्री रामदास सोरेन आज उलियान,कदमा स्थित शहीद निर्मल महतो की समाधि स्थल पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद मानगो होते बोड़ाम चली गईं।

जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के बोड़ाम में मईया सम्मान यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार की मंत्री बेबी देवी और वशिष्ठ अतिथि के रूप में मंत्री दीपिका पांडेय और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी विधायक कल्पना सोरेन शामिल हुई। इस दौरान अतिथियों को विधायक मंगल कालिंदी के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हजारों महिलाएं भारी बारिश के बावजूद कल्पना सोरेन को सुनने के लिए कार्यक्रम में पहुंची।

**मंत्री बेबी देवी** ने कहा कि हेमंत सोरेन की सोच है कि झारखंड की बहन बेटियों के चेहरे पर मुस्कान आये इस लिये यह योजना लायी गयी है।

**मंत्री दीपिका पांडेय** ने कहा कि झारखंड की गठबंधन सरकार राज्य का विकास तेजी से कर रही है मईया सम्मान से लेकर सरकार आपके द्वार जैसी योजना जनहित में चल रही है। सरकार किसानों का कर्ज माफ भी कर रही है।

**विधायक मंगल कालिंदी** ने कहा कि भाजपा और आजसू मईया सम्मान योजना को बंद कराना चाहते हैं लेकिन जब तक हेमंत सरकार है यह योजना मजबूती के साथ चलती रहेगी और झारखंड की बहन और बेटियों को उनका हक और अधिकार मिलता रहेगा। आगामी चुनाव में जनता भाजपा आजसू को सबक सिखायेगी।

## कोर्ट के फैसले के विरुद्ध व्यवसाइयों को अपील करने का समय जरूर मिलना चाहिए : काले



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बर्मामाइंस स्थित लाल बाबा फाउंड्री के गोदामों को तोड़ने के न्यायालय के आदेश के बाद उत्पन्न संकट को लेकर शुक्रवार को कैलाश नगर व्यवसायिक समिति के प्रतिनिधियों, श्रमिकों एवं स्थानीय निवासियों ने धरना दिया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता और वरिष्ठ समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले ने धरनास्थल पर पहुंचकर प्रभावित व्यवसायियों और श्रमिकों से बातचीत की तथा उन्हें हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। अमरप्रीत सिंह काले ने इस गंभीर मुद्दे पर पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त और टाटा स्टील के प्रबंधक से भी चर्चा की। उन्होंने अनुरोध किया कि प्रभावित व्यवसायियों को न्यायिक अपील के लिए उचित समय प्रदान किया जाए ताकि वे न्यायिक प्रक्रिया का सही ढंग से पालन कर सकें।

## टाटा ब्लूस्कोप में कर्मियों को 19.8% बोनस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




बोनस समझौते के बाद कंपनी प्रबंधन और यूनियन के पदाधिकारी।

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को टाटा ब्लू स्कोप एम्पलाइज यूनियन और टाटा ब्लूस्कोप मैनेजमेंट के बीच 19.81% बोनस साइन किया गया। बोनस फामूर्ले के आधार पर 6171591 की राशि बन रही है जिसमें मिनिमम 35167 और मैक्सिमम 81606 रुपए और औसतन 55060 रुपए का बोनस लाभ 102 कर्मचारियों को मिलेंगे।

कंपनी ने प्रोडक्टिविटी के लिए 2425114 रुपये, एमसीएल कैपेसिटी यूटिलाइजेशन के लिए 934676 रुपये, सीसीएल कैपेसिटी यूटिलाइजेशन के लिए 934676 रुपये, एमसीएल प्राइम यील्ड के लिए 599735 रुपये, सीसीएल प्राइम यील्ड के लिए 654273 रुपये और सेफ्टी प्रदर्शन के आधार पर 623117 रुपये दिये।

बोनस समझौते पर मैनेजमेंट की तरफ से एमडी अनूप त्रिवेदी, सीएचआरओ नीना बहादुर, एजीएम एच आर राजेश त्रिपाठी, प्लांट हेड इंद्रनील विश्वास, फाइनेंस एजीएम पीयूष कुमार, एचआर डिप्टी मैनेजर रिचा पांडे और यूनियन की तरफ से अध्यक्ष राकेशश्वर पांडे और वर्किंग प्रेसिडेंट विजय खां, जनरल सेक्रेटरी संजय सिंह, डिप्टी प्रेसीडेंट अभिषेक श्रीवास्तव, वाइस प्रेसिडेंट हुसैन और पवन सिंह, कोषाध्यक्ष रवि उपाध्याय, सह सचिव आदित्य राज, संगठन सचिव प्रवीण राय, कमेटी मेंबर संतोष साहू, देव कुमार मीद्या, संजीव कुमार भी थे।

## शोध के उद्देश्य और प्राकल्पना के बीच तारतम्यता आवश्यक : डॉ सरोज मिश्र

- सोनादेवी यूनिवर्सिटी में शोध प्रविधियों पर विशेष व्याख्यान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



व्याख्यान देते डा सरोज कुमार मिश्र।

**जमशेदपुर।** इग्नू देवघर के क्षेत्रीय निदेशक, डॉ सरोज कुमार मिश्र ने शुक्रवार को सोना देवी विवि, घाटशिला में पीएचडी शोधार्थियों के लिए शोध प्रविधियों से सम्बंधित विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने रिसर्च स्कॉलरों को रिसर्च के बारे में बताते हुए कहा कि शोध की शुरूआत शोध समस्या के चयन से होती है। उन्होंने शोध साहित्य समीक्षा लिखने के स्रोत की भी जानकारी दी। साथ ही कहा कि पुस्तकों के अलावे इंटरनेट से भी इसकी तलाश की जा सकती है। श्री मिश्र ने रिसर्च स्कॉलरों को सन्दर्भ लिखने का तरीका भी बताया। हाइपोथिसिस लिखने के बारे में भी बताया गया। डॉ. सरोज ने कहा कि शोध के उद्देश्य और प्राकल्पना के बीच तारतम्यता होगी तभी सही निष्कर्ष आयेगा।

## यूनियन बैंक में रही हड़ताल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को संयुक्त फोरम आफ यूनियन बैंक के आह्वान पर अखिल भारतीय स्तर पर एक दिवसीय हड़ताल आयोजित किया गया। यह हड़ताल बैंको मे सभी रिक्त पदों पर पर्याप्त बहाली, वर्षों से सेवा प्रदान वाले अस्थायी कर्मियों को स्थायीकरण लिए तथा अप्रेनटिससीप और आउटसोर्सिंग तथा ठेकेदारी प्रथा के खिलाफ आहूत की गयी। राष्ट्रीय आह्वान पर पूरे सिंहभूम जिले मे यह हड़ताल सफल रहा। मौके पर बैंक शाखाओं के सासमने युनियन बैंक के बेफी के सदस्यों ने मुस्तैदी के साथ शाखाओं के सामने खड़ा होकर नारेबाजी कर हड़ताल की मांगों को उछाला। हड़ताल की सफलता के लिए सिंहभूम डिस्ट्रिक्ट बैंक इंप्लाईज एसोसिएशन के अध्यक्ष डीएन सिंह तथा महासचिव सुजय राय ने युनियन बैंक के इकाई के नेता जीसी तिवारी, शंकर दयाल, रामजी सिंह तथा संजय कुमार के नेतृत्व मे हुए इस हड़ताल को अंजाम देनेवाले सभी साथियों को हार्दिक बधाई दी।

# एआई की आवश्यकता, उपयोग और सावधानियों पर हुआ मंथन

- इंस्टीच्यूट फॉर एजुकेशन कॉलेज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस का दूसरा दिन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




वक्ताओं को सम्मानित करते संस्थान के किंशुक मोहंती।

**जमशेदपुर।** सरायकेला के विजय ग्राम स्थित इंस्टीच्यूट फॉर एजुकेशन कॉलेज में तीन दिवसीय कान्फ्रेंस के दूसरे दिन की शुरूआत मंत्रोच्चार के बीच दीप प्रज्जवलित कर की गयी। कांफ्रेंस का विषय ₹आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) : अनुसंधान प्रवृत्तियां, उभरती तकनीक और नवाचार₹ है। कांफ्रेंस के दूसरे दिन शुक्रवार को कोल्हान विश्वविद्यालय के एनएसएस को-ऑर्डिनेटर डॉ. दारा सिंह गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के प्राचार्य प्रो. राजेश तिवारी, जमशेदपुर रिसर्च रिव्यू के डॉ. मिथिलेश कुमार चौबे उपस्थित थे। पारंपरिक नृत्य-संगीत के साथ अतिथियों का स्वागत किया गया। साथ ही मंच पर अतिथियों को पुष्प गुच्छ, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित दूसरे दिन के कार्यक्रम की शुरूआत की। वियतनाम के ईस्टर्न अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय से आये प्रो. नारायण सी. देबनाथ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

कोल्हान विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. (डॉ.) शुक्ला महांती ने स्वागत भाषण किया। डॉ. दारा सिंह गुप्ता ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि यह हमारे भविष्य की जरूरत अवश्य बन गई है, परंतु सावधानी की आवश्यकता है, ताकि हम सुरक्षित रह सकें। बिष्टुपुर स्थित श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल के संस्थापक डॉ. हरि वल्लभ सिंह आरसी ने कहा कि विज्ञान की खोज एआई जो भविष्य में मानव को ही परेशानी में डाल सकती है। इसलिए सावधानी जरूर बरतें। पूरी तरह इस पर आश्रित न हों। प्रो. राजेश तिवारी ने भविष्य में एआई के उपयोग के फायदे बताये।

तकनीकी सत्र में सीजीपीएस ओड़िया यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी के डॉ. सूर्या नारायण रथ, रांची विश्वविद्यालय की भावना कुमारी, आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के र्षित कुमार, मगध विश्वविद्यालय बोधगया की ज्योति कुमारी, एमजीएम हॉस्पिटल की डॉ. ऋचा पांडा समेत अन्य शोधार्थियों एवं प्रोफेसरों ने अपने पेपर प्रस्तुत किये।

## एक नजर में

### रामकृष्णा फोर्जिंग्स लिमिटेड में कर्मचारियों को मिलेगा 18.10 प्रतिशत बोनस



**गम्हरिया।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित रामकृष्णा फॉर्जिंग्स लिमिटेड के प्लांट तीन व चार में प्रबंधन व कर्मचारी यूनियन के के बीच हुई वार्ता में इस वर्ष सभी कर्मचारियों को 18.10 प्रतिशत बोनस देने पर सहमति बनी। समझौते के अनुसार, इस वर्ष सभी स्थायी कामगारों को अधिकतम बोनस की राशि के रूप में 69,616 रुपए तथा न्यूनतम बोनस राशि 12,976 रुपए मिलेगा। बताया गया है कि आगामी 07 अक्टूबर को सभी कर्मचारियों के बैंक खाता में उनकी बोनस की राशि भेज दी जाएगी। समझौता पत्र पर प्रबंधन की ओर से सीओओ एसपी सेनापति, सीएचआरओ भूपेंद्र कुमार लोधी व वरीय प्रशासनिक प्रबंधक सुशील कुमार सिंह तथा यूनियन की ओर से अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, महामंत्री मिंटू कुमार, उपाध्यक्ष सुवेन्दु कुइला, कोषाध्यक्ष देवाशीष बोस, सहायक मंत्री किशन कुमार चंदेल, शशांक षाड़ंगी व उमेश कुमार वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य मंजीत सिंह, ज्योति स्वरूप सिन्हा, अजय प्रसाद, कार्तिक हांसदा, ललित यादव और अनूप किरो आदि ने हस्ताक्षर किये।

### बिष्टुपुर तुलसी भवन में मारवाड़ी महिला मंच का कंज्यूमेक्स मेला शुरू



**जमशेदपुर।** मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर शाखा का कंज्यूमेक्स मेला 2024 (प्रदर्शनी सह बिक्री) बिष्टुपुर तुलसी भवन में शुक्रवार से शुभारंभ हुआ जो रविवार 29 सितंबर तक चलेगा। तीन दिवसीय मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड के वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल तिवारी और उनकी धर्मपत्नी प्रभा तिवारी ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर अधिवक्ता अनिल तिवारी ने मारवाड़ी महिला मंच की तारीफ करते हुए कहा की महिलाओं की इतनी बड़ी इकाई इतने सशक्त रूप से कार्य कर रही है। यह अपने आप में एक बहुत बड़ी बात है। उन्होंने संस्था को हमेशा सहयोग के लिए तत्पर और तैयार रहने की बात कही। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच अध्यक्ष रानी अग्रवाल एवं सफल संचालन सचिव मीना अग्रवाल ने किया। मौके पर अध्यक्ष रानी एवं सचिव मीना ने बताया कि मेला सुबह 11 से रात 09 बजे तक चलेगा। इस मेला में 60 स्टॉल लगे हैं, जिसमें दुर्गा पूजा एवं दीपावली से संबंधित सही दाम पर एक ही छत के नीचे अनेक समान मिल रहे हैं। मेला में जमशेदपुर एवं रांची समेत कोलकाता, मुंबई, कानपुर, रायरंगपुर, राउरकेला, बनारस आदि शहरों से महिलाएं सटॉल लगाने के लिए आयी हैं। मेला में पहले दिन ही भीड़ उमड़ी। इस मेला में एक ही छत के नीचे कुर्ती, साड़ी, गिफ्ट आइटम, चादर, बांदरवाल, लड्डू गोपाल की पोशाक, राखी हाथ के बने हुए मंगोड़ी, पापड़, अचार उचित मूल्य में प्राप्त होता है। अंत में ललिता सरायवाला ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### एसजीएफआई बैडमिंटन प्रतियोगिता में सूरज प्रताप सिंह का चयन



**जमशेदपुर।** खेलो झारखंड अंतर्गत राज्य स्तरीय स्कूल (एसजीएफआई) खुली चयन प्रतियोगिता बैडमिंटन में भी सूरज प्रताप सिंह का चयन नेशनल में हुआ। सूरज इंटर का छात्र है। वह हब्दुल बारी मेमोरियल में पढ़ता है। कॉलेज के प्रोफेसर से लेकर प्रिंसिपल बहुत खुश है। इस वर्ष सूरज अंडर-17 सिंगल और डबल में स्टेट चौंपियन और अंडर 19 में सिंगल स्टेट चौंपियन हुआ। अभी राज्य स्तरीय स्कूल (एसजीएफआई) खुली चयन प्रतियोगिता में भी नेशनल में सिलक्शन होना अपने आप अच्छा महसूस हो रहा है। कड़ी मेहनत करके भारत की ओर से प्रतिनिधित्व करना सूरज प्रताप सिंह का सपना है। सूरज प्रताप सिंह अपने बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव प्रभाकर राव सर को भी धन्यवाद दिया।

### श्रीनाथ कॉलेज में चला स्वच्छता अभियान



**जमशेदपुर।** 17 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2024 तक चलने वाला यह अभियान वार्षिक स्वच्छता ही सेवा पहल के साथ जुड़ा हुआ है और अब महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर को भी स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी उद्देश्य को पूर्ण करने हेतु आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन में दिनांक 27.09.24 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वच्छता अभियान मनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी सहायक प्राध्यापक मधु शर्मा के अगुआई में कार्यक्रम संपन्न हुआ। बीएड तथा डीएलएड के सभी प्रशिक्षणार्थी इस अवसर पर उपस्थित थे। छात्रों की रैली निकाली गयी। सभी छात्रों द्वारा झाड़ू लेकर दिंदली बस्ती से लेकर शेरे पंजाब चौक तक साफ-सफाई किया गया। छात्रों के साथ सहायक प्राध्यापको ने भी इस अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में छात्रों द्वारा भारत को स्वच्छ बनाने के लिए सामूहिक रूप से शपथ लिया गया साथ ही नारे लगाए गये। इसमें श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्राचार्या रचना रश्मि अभियान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए स्वच्छता के संबंध में अपने विचार साझा की।

# जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम गोपाल पांडेय ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। उन्होंने जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी एवं समस्याओं के निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। जनता दरबार में राशन, पेंशन, आवास, भूमि सीमांकन, नामांतरण, मजदूरी बकाया भुगतान, मुआवजा, रोजगार, नौकरी देने आदि समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की समस्या सुनी गई। साथ ही यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान छाया कुमारी पंचायत समिति सदस्य ग्राम पंचायत मेराल पूर्वी प्रखंड मेराल ने आवेदन पत्र समर्पित कर बताया कि मेराल प्रखंड अंतर्गत मेराल पूर्वी पंचायत में अयोग्य लाभुकों को अबुवा आवास देने एवं ग्रामीण जनता से आर्थिक दोहन करने का मामला सामने आया है।


समस्या सुनते पदाधिकारी।

उन्होंने बताया कि संबंधित पंचायत सेवक द्वारा अबुआ आवास के योग्य लाभुकों को लाभ न देकर अयोग्य लाभुकों को लाभ दिया गया है। उन्होंने अबुआ आवास योजना के तहत मेराल प्रखंड के मेराल पूर्वी पंचायत में गड़बड़ी होने का मामला बताया है और उन्होंने इस मामले की जांच कराते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया। भंडरिया प्रखंड की प्रेमदानी कुजूर ने नया राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि विगत वर्ष 2020 में ही नया राशन कार्ड बनवाने के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया कराई गई है, जो कि अभी तक नहीं बन पाया है। सदर प्रखंड के ग्राम जाटा कल्याणपुर निवासी सीता देवी, चिंता देवी, अनीता देवी एवं उषा कुमारी आदि ने रोजगार के लिए आवेदन देकर समाहरणालय परिसर गढ़वा में माली के रूप में काम करने का आग्रह किया। आवेदन के माध्यम से बताया कि वे लोग एक गरीब परिवार से आते हैं एवं आय श्रोत का कोई साधन नहीं है। इस प्रकार बारी-बारी से अन्य लोगों ने भी विभिन्न प्रकार की समस्याओं को पदाधिकारी के समक्ष रखा। आमजनों से प्राप्त शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारीयों को कार्रवाई के निर्देशित किया गया।

# विधायक ने किया 11 करोड़ 52 लाख रुपए की लागत से बनने वाली चार सड़कों का शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** विश्रामपुर विधानसभा के विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने प्रखण्ड में निर्माण होने वाले चार सड़कों का पूजा अर्चना कर व नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाले 10.500 किलोमीटर लंबी व 11 करोड़ 52 लाख की लागत राशि से सभी चार सड़कों का निर्माण किया जाएगा। ताली रंगनिया बांध से सरकोनी तक 2.70 किलोमीटर लंबी लागत राशि 240 लाख, जोगिविर पीएमजीएसवाई पथ से बलियारी मुख्य पथ तक डेढ़ किलोमीटर लम्बी लागत राशि 115 लाख, भलुही मोड़ से करकट्टा, बहेरा होते चेचरिया तक 5.10 किलोमीटर लम्बी लागत राशि 4.40 लाख तथा बुनियाद बिगहा मेन रोड से नागबाबा तक पीसीसी पथ निर्माण होगा।


संबोधित करते विधायक।

**खास बातें :** विधायक ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आपके घर में अगर कोई बीमार है तो उसे विश्रामपुर अस्पताल में इलाज के लिए लेकर आएं मुफ्त इलाज होगा। साथ ही मेरे शिक्षण संस्थान में आपके बच्चों का मुफ्त में पढ़ाई होगी उसका खर्चा मैं सरकार से ले लूंगा। उन्होंने लोगों से कहा कि जिस पेड़ को मैंने 1995 में लगाया था वह आज फल फूल रहा है इसे देखकर मेरा मन बहुत खुश होता है। आज इस क्षेत्र में जो भी सड़कें व पुल पुलिया देख रहे है सब मैंने बनवाए हैं। मेरे से पहले यहां कुछ नहीं था।

प्रावि सोनपुरा के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि देखिए अब मजदूरी लेने का समय आ गया है। काम मैंने किया है तो मजदूरी भी मुझे ही मिलना चाहिए। किसी दूसरे को मेरा मजदूरी भुला कर नहीं दे दीजिएगा। विधायक ने कहा कि सोन व कोयल नदी में तटबन्ध निर्माण का काम मेरे ऊपर कर्ज रह गया है। जिसको मैं पूरा करने के बाद हीं मैं आप लोगों से विदा लूंगा। यह वही गांव है जो 1995 में पहली बार मुझे शरण दिया था और मुझे विजयी बनाकर भेजा था। यह मुझे हर समय याद रहता है। मार्च 2025 के बाद सोन नदी में तटबन्ध निर्माण शुरू होगा। विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने मंडरा व सेमौरा में भी आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन मंडल अध्यक्ष शशि रंजन दुबे ने की।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि भोला चंद्रवंशी, भाजपा नेता व रेल सलाहकार समिति सदस्य संजय कमलापुरी, मझिआंव नगर मंडल अध्यक्ष पवन गुप्ता, जिला पार्षद नेहा कुमारी, मुखिया ललित बैठा, मुखिया सुबोध कुमार वर्मा, मुखिया प्रतिनिधि ललन कुमार मेहता, विधायक प्रतिनिधि अजय सिंह, रामलाला दुबे, विरेन्द्र नाथ दुबे, भोला मेहता, सर्जक मेहता, मणिकांत सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### मीडिया ट्रायल से...

इसमें दर्जन भर से ज्यादा नौजवानों ने जान गंवा दी। हमने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखा है कि इसके तह तक जाने का हमारा प्रयास रहेगा। सरकार बनने के बाद जब पता चला कि विभिन्न विभागों में नियुक्ति नियमावली ही नहीं बनी है। ऐसे में हमारी सरकार ने तेज गति से सभी विभागों के सभी संवर्गों के लिए नियुक्ति नियमावली का गठन बहालियों का सिलसिला शुरू किया। अबतक विभिन्न विभागों में रिक्त हजारों पदों पर नियुक्तियां हो चुकी हैं। समारोह में रामेश्वर उरांव, सत्यानंद भोक्ता, बैद्यनाथ राम, बन्ना गुप्ता, हफीजुल हसन, महुआ माजी, विकास आयुक्त अविनाश कुमार, प्रधान सचिव मस्त राम मीणा, सुनील कुमार, प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक आदित्य रंजन और माध्यमिक शिक्षा निदेशक उत्कर्ष गुप्ता उपस्थित थे।

### झारखंड में तो...

स्वादिष्ट के साथ-साथ शरीर के लिए बहुत उपयोगी भी है। वास्तव में झारखंड आकर काफी आनंदित हुआ हूं।

**युवाओं के सपनों से हो खिलवाड़ :** केंद्रीय कृषि मंत्री ने हेमंत सरकार पर आरोप लगाया कि चुनाव आते ही सिपाही बहाली के नाम पर युवाओं को कड़ी धूप में दस किलोमीटर दौड़ा दिया। इससे अब तक 17 युवाओं की जान चली गयी। यहां पेपरलीक बड़ा मसला है। यहां 17 बार परीक्षाएं रद्द हुई है। झामुमो नौजवानों के सपनों के साथ खिलवाड़ कर रहा है। झारखंड में 2 लाख 87 हजार से ज्यादा पद खाली पड़े हैं। भाजपा की सरकार बनते ही इन खाली पदों को भरा जायेगा।

**खुसपैठियों को खदेड़ेंगे :** श्री सिंह ने कहा कि झारखंड में वर्तमान सरकार की शह पर बांग्लादेशी घुसपैठिये आकर हमारी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। आदिवासी बेटियों से शादी करते हैं। चुनाव लड़कर लोकल गवर्नमेंट पर कब्जा करते हैं। यहां उनके आधार कार्ड बनवाते हैं। भाजपा की सरकार बनी तो घुसपैठियों को चिह्नित कर खदेड़ना पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि झामुमो की सरकार घुसपैठियों को वोट बैंक समझती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा विश्व की सर्वाधिक बड़ी पार्टी है। जब चुनाव होते हैं तो एक राज्य के कार्यकर्ता दूसरे राज्यों में भी प्रचार प्रसार में जाते हैं। झारखंड में भाजपा ने विकास किये हैं। पूर्ववर्ती रघुवरदास की सरकार को जनता आज भी याद कर रही है।

## गिरिराज को पाक से आया जान से मारने की धमकी

पटना। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को जान से मारने की धमकी मिली है। गिरिराज के प्रतिनिधि रहे अमरेंद्र कुमार अमर के मोबाइल पर शुक्रवार को आई कॉल पर यह धमकी दी गयी है। इसे लेकर बेगूसराय में लिखित शिकायत दर्ज करायी गयी है। अमरेंद्र कुमार अमर ने शिकायती आवेदन में कहा है कि उनको पाकिस्तान के नंबर से कॉल करके गिरिराज सिंह को जान से मारने की धमकी दी गई है। यह कॉल उनके मोबाइल पर शुक्रवार पूर्वाह्न 11:28 बजे आया।

# दशहरा को लेकर शांति समिति की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रमना।** थाना परिसर में शुक्रवार को दशहरा पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में सभी पंचायतों के दुर्गा पूजा समिति को अविलंब पूजा कमेटी के सभी सदस्यों की सूची थाना को सुपुर्द करने का निर्देश दिया गया। वहीं सभी जनप्रतिनिधियों को शराब पर प्रतिबंध व गांव के सड़कों को अतिक्रमण मुक्त रखने का निर्देश दिया गया। मौके पर पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी सूचना पर पुलिस का फर्ज बनता है, तत्परता दिखाते हुए कार्रवाई की जाए। जिप अध्यक्ष शांति देवी ने कहा कि शांति व सद्भावना के साथ दशहरा मनाने की आवश्यकता है। शांति पूर्वक पर्व संपन्न कराने में प्रशासन के साथ सभी जनप्रतिनिधियों की भी जिम्मेवारी है। बीडीओ ने कहा कि दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत के रुप में मनाए जाने की आवश्यकता है। पर्व के दौरान असामाजिक तत्वों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार के अफवाह की सूचना तत्काल सूचना प्रशासन को दें, ताकि उस पर विराम लगाई जा सके। थाना प्रभारी अनिमेष क्रांतिकारी ने कहा कि सभी को कदमताल करते हुए त्योहार मनाने की आवश्यकता है। सभी पूजा कमेटी निर्धारित समय और तिथि पर ही विसर्जन का प्रयास करें। मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, विधायक प्रतिनिधि पंकज सिंह, मुखिया चुनु सिंह, धर्मेंद्र पांडेय, जसवंत पासवान, दुलारी देवी, सलमा बीबी, शौकत अंसारी उपस्थित थे।


बैठक करते पदाधिकारी।

# सेक्स रैकेट का पुलिस ने किया भंडाफोड़

**एजेंसी**

**भागलपुर।** जिले के ततारपुर पुलिस ने सेक्स रैकेट का एक बड़ा मामला का खुलासा किया है। पुलिस ने खुलासा करते हुए मास्टरमाइंड और दो फेडरल एवं दो युवती को गिरफ्तार किया है। यह पूरा मामला तातारपुर थाना क्षेत्र के अशानंदपुर चौक के पास स्थित वी टू मॉल के बेस्टमेंट का है, जहां से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर करवाई किया है। मास्टरमाइंड वी2 संचालक दिलीप कुमार सिंह के मोबाइल से पुलिस ने व्हाट्सएप चैट बरामद किया है, जिसमें कुछ लड़कियों का फोटो कीमत के साथ मिला है। गिरफ्तार लोगों में वी टू मॉल के संचालक दिलीप कुमार सिंह एवं मोजाहिदपुर थाना क्षेत्र निवासी अमर कुमार दास उर्फ अमित एवं हबीबपुर थाना क्षेत्र के राहुल कुमार साह एवं दो युवती को गिरफ्तार किया गया है। उक्त आशय की जानकारी शुक्रवार को सिटी एसपी के. रामदास ने एक प्रेस वार्ता के दौरान दी। सिटी एसपी ने बताया कि तातारपुर थाना पुलिस को 25 सितंबर को गुप्त सूचना मिली कि आशानंदपुर चौक के पास स्थित वी टू मॉल के बेस्टमेंट में कुछ लड़का एवं लड़कियों के द्वारा आपत्तिजनक कार्य किया जा रहा है। सूचना को सत्यापन करते हुए एसएसपी के निर्देश पर ट्रेनी डीएसपी सह थाना अध्यक्ष ततारपुर के द्वारा अपने दलबल के साथ भी मॉल के बेस्टमेंट में छापामारी किया गया। जहां बेसमेंट स्थित केबिन संख्या एक एवं केविन संख्या तीन से एक-एक युवती वह एक-एक युवक को आपत्तिजनक स्थिति में मिला।

# जहां आपका पसीना गिरेगा वहां मैं गिराऊंगा अपना खून : गिरिनाथ

## पूर्व मंत्री ने वर्तमान मंत्री को किया कठघरे में खड़ा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह की परिवर्तन यात्रा लोगों में अपनी पकड़ को काफी मजबूत बनाते जा रही है। उनकी ओर लोगों का आकर्षण बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को मेराल प्रखंड के चामा एवं बानाजाँघ गांव में गिरिनाथ सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जहां आपका पसीना गिरेगा वहां मैं अपना खून गिराने के लिए तैयार हूं। उन्होंने अपने विधायकी काल में कराए गए कार्यों को जिक्र करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री तीन-तीन बार पेशका आ चुके, लेकिन पेशका को प्रखंड बनाने का उनका वादा अभी तक पूरा नहीं हुआ। यहां के लोग मिथिलेश ठाकुर को प्रखंड बनाने के वादा पर ही जिताने का काम किए थे। लेकिन वह स्वयं विधायक से मंत्री बन गए और पेशका को प्रखंड नहीं बनाकर जनता को छलने का काम किया है। पूर्व मंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि अयूब मंसूरी की गुंडों ने हत्या कर दी। अयूब कोई माफिया नहीं था। वो तो गरीब व असहाय लोगों की मदद करने वाला सच्चा सिपाही था। जब हत्या की सीबीआई जांच कराने के लिए लोग मंत्री के पास गए तो मंत्री ने लोगों को भगाने का काम किया। आज की सरकार बोलती है कि हम अल्पसंख्यकों के हितैषी हैं। लेकिन पिछले 5 सालों में अल्पसंख्यक डरे और सहमे हुए हैं। पूर्व मंत्री में कहा कि नथन चैधरी की निर्मम हत्या कराने का काम किया गया। जब लोगों ने धरना प्रदर्शन किया तो वर्तमान के विधायक सह मंत्री ने निर्दोष लोगों को झूठा केस कराकर जेल में भेजने का काम किया। ये कैसी व्यवस्था है जहां निर्दोष लोगों की हत्या कराई जा रही और लोगों को झूठे केस में फसाया जा रहा है। गरीब और असहायक लोगों की जमीनों पर कब्जा किया जा रहा है। पूरे गढ़वा विधानसभा में डर और भय का माहौल व्याप्त है। आप सभी से मैं कहना चाहता हूं कि अब कुछ ही दिनों की बात है। इस भ्रष्टाचार रूपी राक्षसी सरकार और विधायक को जड़ से उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। आगामी चुनाव में आप अपना कीमती मत सोच समझकर करें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कुर्बान अंसारी, नबी अंसारी, अफताब अंसारी, अफताब अंसारी, सहीन अंसारी, अलीअबास अंसारी, जाकिर अंसारी सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।


संबोधित करते गिरिनाथ सिंह।


## कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्

**ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) - 03/2023-24 (3rd Call)**
**(अति अल्पकालीन निविदा सूचना)**
**(Very Short Term Tender Notice)**

15वें वित्त आयोग द्वारा प्राप्त अनुदान राशि के माध्यम से क्रियान्वयन हेतु 15th FC Tied Grant स्वीकृत योजना अंतर्गत झुमरी तिलैया नगर परिषद् में Establishment of minimum 40-50 pic pad per minutes Capacity Affordable Sanitary pad manufacturing unit/Plant हेतु मशीन उपकरण एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति, निर्माण कार्य, अधिष्ठापन प्रशिक्षण, एक (01) वर्ष तक विपणन लिंकेज, संचालन और रख–रखाव (Operation & Maintenance) हेतु Turnkey Basis पर इस क्षेत्र के अनुभवी निबंधित एवं इच्छुक गैर सरकारी संगठनों / अर्द्ध सरकारी संगठनों / कम्पनी / संस्थानों / फर्म / उत्पादक एवं उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि आदि से दिनांक 05/10/2024 के 05:00 बजे अपराहन तक ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमन्त्रित की जाती है। "ईच्छा की अभिव्यक्ति" तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड़ की अलग–अलग शीलबंद लिफाफे को एक बड़े पृथक सीलबंद लिफाफें में समर्पित किया जायेगा। ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) समर्पित करने संबंधी विस्तृत शर्त एवं दिशा निर्देश कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद् के वेबसाईट https://udhd.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है। शीलबंद Expression of Interest के तकनीकी बीड़ को प्रस्तावकों /प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक 07/10/2024 के 04:00 बजे अपराहन् निविदा निस्तारण समिति के द्वारा खोला जायेगा, तत्पश्चात तकनीकी बीड़ के सफल प्रस्तावकों का वित्तीय बीड़ खोला जायेगा। इसके पश्चात् प्रस्ताव का Power Point Presentation प्रस्तावकों द्वारा मूल्यांकन समिति के समक्ष प्रदर्शित किया जायेगा। Expression of Interest या परियोजना संबंधी किसी प्रकार के संशय (Confusion) निराकरण हेतु मोबाईल नम्बर 6207805284 पर किसी भी कार्यालय दिवस के कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद्

PR 337372 Urban Development(24-25).D

## कार्यालयः जिला अभियंता, लातेहार

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आंमत्रण सूचना**
**ई0–संख्या– ZP/LATEHAR- 24/2024-25 (2nd call)**

1. कार्य का नाम :–

| क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | NIT रेफरेन्स संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड चन्दवा पंचायत बरवाटोली ग्राम बेलंगा में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह | 02/2024-25 /ZP/LATEHAR |
| 2 | प्रखण्ड चन्दवा पंचायत +ग्राम हुटाप में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह | 03/2024-25 /ZP/LATEHAR |
| 3 | प्रखण्ड चन्दवा पंचायत जमीरा ग्राम महुआमिलान में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह | 04/2024-25 /ZP/LATEHAR |
| 4 | प्रखण्ड चन्दवा पंचायत+ग्राम माल्हन में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह | 05/2024-25 /ZP/LATEHAR |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 30.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–05.10.2024, 5.00 बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 07.10.2024 अपराहन 02:00 बजे।
5. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– जिला अभियंता, लातेहार।
9. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या– 6205276661
10. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
11. संवेदक को Ucan Certificate संलग्न करना अनिवार्य है।
12. प्राप्त पत्र के आलोक में उक्त निविदा में लातेहार जिला में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
13. उक्त निविदा में BCD/ जिला परिषद, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
14. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता
लातेहार

PR 337354 Rural Development (24-25)_D

## जिला अभियंता का कार्यालय
## जिला परिषद्, लातेहार

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना**
**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 29 वर्ष 2024–25**
**D.M.F.T मद**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– 04.10-2024 (अपराहन् 01:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 05.10.2024 को 01:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– 05.10.2024 को 03:00 बजे अपराहन,कार्यालय जिला परिशद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत भूसुर ग्राम भुसूर टोला केन्दवाही में सुधीर होटल तीन मुहान से शमशान घाट तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 27, 25, 100 | 55000 | 5000 | 03 माह |
| 2 | प्रखण्ड सरयू पंचायत गणेशपुर में राजकीय प्राथमिक विद्यालय कुकू में चाहरदिवारी निर्माण। | 11, 15, 700 | 22500 | 2500 | 03 माह |
| 3 | प्रखण्ड सरयू पंचायत गणेशपुर में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मनातू का चाहरदिवारी निर्माण। | 14, 59, 600 | 29500 | 2500 | 03 माह |
| 4 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत शेरेगडा में उत्क्रमित उच्च विद्यालय शेरेगडा में पानी टंकी का अधिष्ठापन। | 7, 22, 000 | 14500 | 1250 | 02 माह |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो जिला अभियंता, लातेहार के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. परिमाण विपत्र का मूल्य निविदा निर्गत की तिथि के बाद का निर्गत मान्य होगा एवं संबंधित संवेदक/फर्म के नाम से Bank Draft/DD निर्गत होना अनिवार्य होगा।
10. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो जिला अभियंता, लातेहार के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
11. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक भाग लेंगे।
12. प्रखण्ड लातेहार के योजना में प्रखण्ड लातेहार एवं बरवाडीह के संवेदक भाग लेंगे।
13. प्रखण्ड सरयू के योजना में प्रखण्ड सरयू, गारू एवं बरवाडीह के संवेदक भाग लेंगे।
14. ग्रुप संख्या–04 पर अंकित योजना में प्रखण्ड बालूमाथ के संवेदक भाग लेंगे।
15. Ucan Certificate (Updated New Version) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
16. वैसे संवेदक जिनके पास पूर्व से D.M.F.T अन्तर्गत ली गयी योजना लंबित है उन्हे B.O.Q निर्गत नहीं किया जाएगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार।

PR.NO.337359 Rural Development(24-25):D

## कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा।

**अति अल्पकालीन नीलामी सूचना संख्या – 02/2024–25**

जिला परिशद कोडरमा अंतर्गत पुराने एवं निश्प्रायोजित वाहन (निम्न सूची क्रमांक 01) की नीलामी खुली डाक द्वारा दिनांक 04.10.2024 को 03:00 बजे अपराहन जिला ग्रामीण विकास शाखा के सभागार में निविदा समिति की उपस्थिति में की जायेगी। वाहन की विवरणी निम्नवत् है:–

| क्र0 | वाहन का प्रकार | चेसिस नम्बर | इंजन नंबर | वाहन का स्थान जहां रखा गया है | न्यूनतम संधारित मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | BOLERO SLX B53 | MA1PS2GPKD2A50126 | GPC4M83814 | उप विकास आयुक्त कार्यालय, कोडरमा | 156800.00 |

नीलामी प्रक्रिया की शर्ते निम्नवत् है:–

1. उपर्युक्त वाहन की बोली लगाने के इच्छुक डाकवक्ता को वाहन हेतु निर्धारित न्युनतम मूल्य के अधिकतम बोली राशि (Financial) एक बंद लिफाफा में लिखकर दिनांक 04.10.2024 के अपराहन 12:00 बजे तक जिला परिशद कार्यालय, कोडरमा में जमा करेंगे। उक्त जमा किये गए सभी लिफाफा को निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। जिस निविदादाता द्वारा उपर्युक्त क्रमांक 01 में अंकित वाहन का डाक राशि अधिकतम होगा, उस राशि पर बोली लगाई जायेगी, एवं उस डाकवक्ता को बोली लगाने हेतु पहला मौका दिया जायेगा।
2. डाक वक्ता एक बन्द (Technical) लिफाफा में निम्न कागजात जमा करेंगे।
   A. वाहन के लिए नीलामी में भाग लेने हेतु मो0 10000.00 (दस हजार) रुपये का बैंक ड्राफ्ट जो उप विकास आयुक्त, कोडरमा के पदनाम सें कोडरमा में भुगतेय हो, संलग्न करना होगा।
   B. डाकवक्ता का आधार कार्ड, पुलिस अधीक्षक स्तर का छः माह के अन्दर का निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र, अद्यतन तीन वर्श का आयकर रिटर्न, डाक वक्ता का फर्म का जी0एस0टी0 सं0 एवं Non-blacklisting शपथपत्र (सभी कागजात का स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति दिनांक 04.10.2024 के अपराहन 12:00 बजे तक जमा करना होगा, तभी वे डाक में भाग ले सकेंगे।
3. असफल डाकवक्ता को जमानत की राशि वापस कर दी जायेगी एवं सफल डाकवक्ता के जमानत की राशि उनके डाक राशि में समायोजित कर ली जायेगी।
4. जो भी अभिकर्ता वाहन लेने के इच्छुक हैं वे वाहन की स्थिति का अवलोकन उप विकास आयुक्त कार्यालय में जाकर कर लेंगे। नीलामी हो जाने के बाद किसी भी प्रकार से उपर्युक्त क्रमांकित 01 में अंकित वाहन की स्थिति से संबंधित दावा मान्य नहीं होगा।
5. सफल डाकवक्ता को जमानत की राशि को छोडकर शेश राशि का बैंक ड्राफ्ट जो उप विकास आयुक्त, कोडरमा के पदनाम सें कोडरमा में भुगतेय हो, को नीलामी की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर जिला परिशद कार्यालय में जमा करके वाहन को प्राप्त कर लेना है।
6. निर्धारित न्युनतम मूल्य से कम राशि पर वाहन की नीलामी नहीं की जायेगी।
7. नीलामी रदद करने एवं किसी भी डाक बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने का सर्वाधिकार उप विकास आयुक्त, कोडरमा के पास सुरक्षित रहेगा।

नोटः नीलामी के संबंध में जानकारी हेतु www.koderma.nic.in एवं जिला परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट का अवलोकन किया जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, कोडरमा।

PR 337357 Panchayati Raj(24-25)D

चुनावी दर्पण: झारखंड विधानसभा चुनाव

# कई अहम सीटों पर इन दिग्गजों पर रहेगी सबकी निगाहें

खबर मन्त्र संवाददातापा

▸▸ मंत्री बन्ना गुप्ता, दीपिका सिंह पांडे, इरफान अंसारी, बेबी देवी जैसे बड़े नेता चुनावी दंगल में उतरेंगे




रांची। झारखंड विधानसभा चुनाव की रणभेरी बजने वाली है। इस बार का विधानसभा चुनाव 2019 के विधानसभा चुनाव से अलग होगा. बीजेपी 2019 के विधानसभा चुनाव के वक्त की गयी गलती से सीख लेते हुए एनडीए के बैनर तले सभी सहयोगी दलों के साथ चुनाव मैदान में उतरने का फैसला किया है। इधर सत्तारूढ़ झामुमो, कांग्रेस और राजद ने इंडिया गठबंधन के बैनर तले चुनाव लड़ने की तैयारी में है।

विधानसभा चुनाव में एक बार फिर कई राजनीतिक महारथी किस्मत आजमाते नजर आने वाले हैं। इनमें कई पूर्व से लेकर वर्तमान मुख्यमंत्री शामिल हैं। इसके अलावा वर्तमान सरकार के कैबिनेट मंत्री, स्पीकर, नेता प्रतिपक्ष, मुख्य सचेतक जैसे पद पर रहने वाले राजनेता चुनावी समर में उतरने वाले हैं। ये तमाम नेता जहां से भी चुनाव लड़ेंगे अपने आप में हॉट सीट हो जायेगा, क्योंकि झारखंड की राजनीति में इनकी पहचान किसी ना किसी रूप से है। जाहिर तौर पर इनके चुनावी विधानसभा क्षेत्र पर देश दुनिया की नजर रहेगी। हेमंत सरकार के कैबिनेट मंत्री बन्ना गुप्ता, दीपिका सिंह पांडे, इरफान अंसारी, बेबी देवी जैसे बड़े नेता चुनाव में ताल ठोकते नजर आयेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भी इस बार भी चुनाव लड़ने की संभावना है। पिछले विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दुमका और बरहेट से चुनाव लड़कर दोनों जगहों से जीत हासिल की थी। बरहेट झारखंड मुक्ति मोर्चा का गढ़ रहा है। यहां से भाजपा कभी भी नहीं जीत पायी है। ऐसे में हेमंत सोरेन के लिए सबसे सुरक्षित सीट है। 2014 में भी हेमंत सोरेन ने इसी सीट से जीत दर्ज की थी। जाहिर तौर पर हैट्रिक लगाने हेमंत सोरेन इस सीट से चुनाव मैदान में उतर सकते हैं। गांडेय विधानसभा उपचुनाव के जरिये राजनीति में आयीं कल्पना सोरेन ने तेजी से जनता के बीच अपने पति हेमंत सोरेन के सानिध्य में स्थान बनाने में सफल हो रही हैं। गांडेय सीट पर जेएमएम की पकड़ है। यही वजह है कि एक बार फिर कल्पना सोरेन चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी में हैं। स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो नाला विधानसभा चुनाव क्षेत्र से किस्मत आजमाते रहे हैं। नाला विधानसभा सीट से 2005, 2014 और 2019 में रबींद्र नाथ महतो जीत चुके हैं। ऐसे में एक बार फिर चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी में रबींद्रनाथ महतो हैं।

## टॉप 10 सीटों पर रहेगा आकर्षण

| विधानसभा क्षेत्र | संभावित प्रत्याशी |
|---|---|
| बरहेट | हेमंत सोरेन |
| गांडेय | कल्पना सोरेन |
| चंदनकियारी | अमर कुमार बाउरी |
| जमशेदपुर पूर्वी | सरयू राय |
| सरायकेला | चंपाई सोरेन |
| गढ़वा | मिथिलेश कुमार ठाकुर |
| नाला | रबीन्द्रनाथ महतो |
| बोकारो | बिरंची नारायण |
| सिल्ली | सुदेश कुमार महतो |
| लोहरदगा | डॉ रामेश्वर उरांव |



चंदनकियारी से अमर कुमार बाउरी मैदान में उतरेंगे। वह चंदनकियारी से 2014 और 2019 के विधानसभा चुनाव जीतने में सफल रहे हैं। यहां एनडीए के सहयोगी आजसू का खास पकड़ रहा है। इसका फायदा अमर कुमार बाउरी को इस सीट से टिकट मिलने पर चुनाव में मिलेगा। जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा सीट से भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास चुनाव जीतते रहे हैं। 2005, 2009 और 2014 के चुनाव में हैट्रिक लगाकर 2019 में उन्हें अपनों से ही शिकस्त खानी पड़ी थी। तब बतौर निर्दलीय सरयू राय जीते थे। सरयू राय जमशेदपुर पश्चिम सीट से इससे पहले चुनाव जीतते रहे हैं मगर 2019 के चुनाव में भाजपा से टिकट नहीं मिलने के कारण उन्होंने जमशेदपुर पूर्वी से ही चुनाव लड़ना उचित समझा। हाल में ही उन्होंने जदयू का दामन थामा है। ऐसे में यह सीट एनडीए के फोल्डर में जदयू के पास जाने की संभावना है। पूर्व सीएम चंपई सोरेन अब भाजपा में हैं। इस बार भाजपा के टिकट पर सरायकेला से वे चुनाव मैदान में उतरने जा रहे हैं। चंपई सोरेन 2005 से 2019 तक यहां से जेएमएम के टिकट पर चुनाव जीतते आ रहे हैं। क्षेत्र में अलग पहचान होने की वजह से उन्हें लगातार चार चुनाव में सफलता मिलती रही है। एक बार फिर वे चुनाव मैदान में इस विधानसभा क्षेत्र से उतरने वाले हैं।

# सभी अग्निवीरों को देंगे सरकारी नौकरी : शाह

## कहा- हरियाणा में डीलर, दलाल और दामाद का था बोलबाला

एजेंसी



चंडीगढ़। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को रेवाड़ी में आयोजित जन आशीर्वाद रैली में कहा कि हरियाणा की धरती त्याग, बलिदान, शौर्य, ज्ञान, आध्यात्म और गीता की धरती है। अगर आज देश की सीमाएं सुरक्षित हैं तो इसमें हरियाणा की माताओं का अहम योगदान है, यह माताएं हरियाणा के हर दसवां सैनिक सेना में सेवा करने के लिए भेजती हैं। शाह ने हरियाणा के सभी अग्निवीरों को पेंशन वाली पक्की सरकारी नौकरी देने का वादा किया।

शाह ने याद दिलाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्ष ने 2014 के लोकसभा चुनाव के प्रचार की शुरूआत हरियाणा से ही की थी। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी से लेकर सोनिया गांधी तक कांग्रेस सरकार ने 40 सालों तक हरियाणा के सैनिकों की वन रैंक वन पेंशन की मांग को पूरा नहीं किया, लेकिन प्रधानमंत्री बनते ही नरेन्द्र मोदी ने 2015 में वन रैंक वन पेंशन की मांग को पूरा कर दिया। कांग्रेस पार्टी पर हमला करते हुए अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा सेना का अपमान ही किया है। कांग्रेस पार्टी ही सेना अध्यक्ष को गुंडा कहने का दुस्साहस कर सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आजकल यह भ्रांति फैला रही है कि अग्निवीर बनकर सेना से वापस आए बच्चों को उनके हाल पर छोड़ दिया जाएगा, लेकिन आज मैं वादा करके जाता हूं कि हरियाणा में हर अग्निवीर को पेंशन वाली नौकरी दी जाएगी। भारत सरकार और हरियाणा सरकार मिलकर हरियाणा के सभी अग्निवीरों को पक्की पेंशन वाली सरकारी नौकरी देगी। शाह ने कहा कि राहुल गांधी अफवाहें फैलाने के अलावा और कोई काम नहीं करते हैं। हरियाणा में जब कांग्रेस की सरकार थी तब मात्र मुख्यमंत्री के गृह जिले का ही विकास होता था और भ्रष्टाचार व गुंडागर्दी बढ़ जाती थी, लेकिन भाजपा की सरकार बनते ही पूरे हरियाणा का समग्र विकास हुआ और भ्रष्टाचार का अंत हो गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार कट कमीशन और करप्शन से चलती थी, जहां डीलर, दलाल और दामादों का राज चलता था, लेकिन भाजपा की सरकार ने भ्रष्टाचार करने वाले डीलरों, दलालों और कांग्रेसी दामादों को समाप्त कर दिया। भाजपा ने हरियाणा को भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने का वादा निभाया है। राहुल गांधी पर तंज करते हुए अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी बार-बार एमएसपी का जिक्र करते रहते हैं, लेकिन उन्हें उसका फुल फॉर्म भी मालूम नहीं है।

## 24 संसदीय समितियां गठित, शशि थरूर विदेश मामलों के होंगे अध्यक्ष

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने विभिन्न मंत्रालयों से जुड़ी 24 संसदीय समितियों का गठन कर दिया है। इसमें भाजपा नेता राधामोहन सिंह को रक्षा मामलों, भर्तृहरि महताब को वित्त मामलों, राधा मोहन दास अग्रवाल को गृह मामलों और कांग्रेस नेता शशि थरूर को विदेश मामलों की समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को रक्षा मामले की समिति का सदस्य बनाया गया है। भाजपा नेता सीएम रमेश रेलवे, रामगोपाल यादव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, दिग्विजय सिंह शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल से जुड़ी समिति के अध्यक्ष होंगे। वाणिज्य से जुड़ी समिति डोला सेन, वाणिज्य एवं उद्योग से जुड़ी समिति तिरुचि शिवा, विज्ञान प्रोद्योगिकी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन की समिति से भाजपा के भुवनेश्वर कलिता, परिवहन पर्यटन और संस्कृति से जुड़ी समिति के जदयू नेता संजय कुमार झा अध्यक्ष होंगे। कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय से जुड़ी समिति भाजपा नेता बृजलाल, कृषि पशुपालन एवं खाद्य प्रसंस्करण से जुड़ी समिति की अध्यक्षता कांग्रेस नेता चरणजीत सिंह चन्नी करेंगे।

## शिगेरू इशिबा होंगे जापान के नये प्रधानमंत्री



टोक्यो। जापान के पूर्व रक्षा मंत्री शिगेरू इशिबा देश के अगले प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। उनकी आधिकारिक संसदीय नियुक्ति मंगलवार को होनी है। उन्होंने शुक्रवार को सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के अध्यक्ष पद के चुनाव में जीत हासिल की। 67 वर्षीय इशिबा ने अध्यक्ष पद चुनाव में 215 वोटों के साथ आर्थिक सुरक्षा मंत्री साने ताकाइची को हराया, जिन्हें 194 वोट मिले। वे प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की जगह लेंगे। किशिदा ने सत्तारूढ़ पार्टी को हिला देने वाले 'स्लश फंड' घोटाले के बाद पद छोड़ने का फैसला किया था। एलडीपी नेतृत्व के लिए इशिबा की यह पांचवीं दावेदारी थी। पिछले कुछ वर्षों उनकी छिव रक्षा, कृषि की गहरी जानकारी रखने वाले अनुभवी नीति विशेषज्ञ के रूप में बनी है।




## मुडा घोटाले में सिद्धारमैया के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज



बेंगलुरू । कर्नाटक के बहुचर्चित मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) में हुए घोटाले को लेकर पीपुल्स कोर्ट ने मैसूर लोकायुक्त को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए थे। इसके बाद कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया पर मैसूर लोकायुक्त में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। बताया जा रहा है कि विशेष अदालत के आदेश पर लोकायुक्त एडीजीपी मनीष खरबीकर ने मैसूर लोकायुक्त एसपी उदेश को इस विषय में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद एसपी ने यह कार्रवाई की है। हालांकि, अभी किन धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है, इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। सीएम सिद्धारमैया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि मुडा केस कानून के मुताबिक लड़ा जायेगा। यह पहली बार है कि मेरे साथ जनता के समर्थन से घबराए विपक्ष ने मेरे खिलाफ राजनीति से प्रेरित मामला दर्ज कराया है। न्याय मेरे पक्ष में है, मैं इसका सामना करूंगा और जीतूंगा। उन्होंने आगे लिखा कि पिछले चुनाव में हमारी सरकार को जनता का आशीर्वाद मिला और उसी के अनुरूप हम अच्छे ढंग से शासन कर रहे हैं। इस पांच साल की अवधि में राज्य का विकास करने का जनादेश है।

## देश में मंकी पॉक्स का तीसरा मरीज मिला

नयी दिल्ली। देश में वायरल इंफेक्शन मंकी पॉक्स का खतरा एक बार फिर बढ़ता नजर आ रहा है। ताजा मामला केरल का है, जहां मंकी पॉक्स का दूसरा मरीज मिला है। देश में मंकी पॉक्स का यह तीसरा मामला है। 26 वर्षीय यह युवक हाल ही में दुबई से केरल के एनार्कुलम लौटा है। तेज बुखार आने पर परीक्षण करने पर मंकी पॉक्स की पुष्टि हुई है। हालांकि अभी स्ट्रेन का पता नहीं चला है। केरल से स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार मरीज की हालत स्थिर है और उसे आइसोलेशन में रखा गया है। मरीज के सैंपल को पुणे स्थित एनआईवी लैब में परीक्षण के लिए भेजा गया है। इससे पहले 18 सितंबर को भी केरल के मल्लपुरम निवासी एक व्यक्ति के मंकी पॉक्स से संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी। यह व्यक्ति यूएई के दुबई से लौटा था।उसकी जांच में भी मंकी पॉक्स के संक्रमण की पुष्टि हुई थी।

## एक अक्टूबर से 6000 से अधिक स्पेशल ट्रेनें चलेंगी

नयी दिल्ली। दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ के दौरान यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए भारतीय रेल द्वारा इस वर्ष 6000 से अधिक स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इन स्पेशल ट्रेनों का संचालन 1 अक्टूबर से 30 नवंबर के बीच किया जाएगा। रेलवे अधिकारी के मुताबिक हर साल त्योहारों के अवसर पर रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाता है। इस वर्ष इन स्पेशल ट्रेनों की संख्या में भारी बढ़ोतरी की गई है। उल्लेखनीय है कि दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पर्वों के दौरान लाखों की संख्या में यात्री सफर करते हैं। यात्रियों की भारी भीड़ को सुगम एवं आरामदायक यात्रा प्रदान करने के लिए रेलवे द्वारा इस वर्ष भी विशेष ट्रेनों का संचालन करने की तैयारी की गई है। दो महीने की अवधि के दौरान ये स्पेशल ट्रेनें 6000 से अधिक फेरे लगाएंगी और बड़ी तादाद में यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने का काम करेंगी। पिछले वर्ष भी भारतीय रेल द्वारा बड़ी संख्या में त्योहार स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया था और इन ट्रेनों ने कुल 4,429 फेरे लगाए थे, जिनके माध्यम से लाखों की संख्या में यात्रियों को आरामदायक यात्रा की सुविधा प्राप्त हुई थी। हर साल दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर देश भर से बड़ी संख्या में लोग उत्तर प्रदेश और बिहार की ओर प्रस्थान करते हैं। हर साल त्योहारों के दौरान यात्रियों की भीड़ की वजह से अधिकांश ट्रेनों में दो-तीन महीने पहले से ही टिकट वेटिंग लिस्ट में चली जाती हैं। इसी को देखते हुए रेलवे द्वारा इस वर्ष भी त्योहारों के अवसर पर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।




# जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप सदन में हो संवाद

एजेंसी

### विधायिका की शुचिता बनाए रखना पीठासीन अधिकारियों का विशेष दायित्व : स्पीकर



नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि लोकतंत्र तभी सशक्त होता है, जब सदन सहमति-असहमति के बावजूद सामूहिक रूप से, गरिमा और शालीनता से लोकहित के विषयों पर चर्चा और संवाद करता है। इसलिए जरूरी है कि जनता की आशाओं और अपेक्षाओं के अनुरूप सदन में संवाद हो। मिजोरम विधानसभा में शुक्रवार को आयोजित कामनवेल्थ पार्लियामेंट्री अफेयर्स (सीपीए) भारत क्षेत्र जोन -3 के 21वें सम्मेलन के उद्घाटन के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधायी शुचिता और पारदर्शिता लोकतंत्र को सशक्त करने में सहायक सिद्ध होती है। विधायिका की शुचिता बनाए रखना पीठासीन अधिकारियों का विशेष दायित्व है और इस दिशा में उन्हें सदैव सजग रहना चाहिए। विधायी कार्य में जनता की आशाओं और अपेक्षाओं को प्रमुखता मिलनी चाहिए। इस अवसर पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह, मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा, नागालैंड विधानसभा के अध्यक्ष और सीपीए इंडिया क्षेत्र, जोन - कककके अध्यक्ष शेरिंगेन लोंगकुमेर, मिजोरम विधानसभा अध्यक्ष लालबियाकजामा और मिजोरम विधानसभा के उपाध्यक्ष लालफामकिमा उपस्थित रहे। बिरला ने कहा कि विधायी कार्य में डिजिटल प्रौद्योगिकी का अधिकाधिक उपयोग किया जाना चाहिए। इन संस्थानों में डिजिटल तकनीक का प्रयोग विधायी प्रक्रिया में जन भागीदारी, रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ता है और संसदीय समिति प्रणाली को और मजबूत करता है जिससे विधायिका जन कल्याण का सर्वोत्तम माध्यम बनती है। उन्होंने कहा कि यह आवश्यक है कि विधायकों को प्रशिक्षित किया जाए, सदन में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी बढ़े और विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।




स्पीड न्यूज

## फिल्म मातृ देवो भवः की शूटिंग शुरू



मुंबई। भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री आम्रपाली दुबे की फिल्म मातृ देवो भवः की शूटिंग शुरू हो गयी है। फिल्म मातृ देवो भवः की शूटिंग इनदिनों उत्तर प्रदेश में चल रही है। फिल्म मातृ देवो भवः एक पति-पत्नी के असीम प्रेम,त्याग और बलिदान के साथ अपने परिवार के लिए मर-मिटने की कहानी पर आधारित बहुत ही संवेदनात्मक प्रस्तुति है। भोजपुरी फिल्म मातृ देवो भव में आम्रपाली दुबे के साथ डॉक्टर महेश कुमार, अनूप अरोरा मनोज टाइगर, देव सिंह, बबलू खान, संजय पांडे, हीरा यादव, रंभा साहनी, स्वीटी सिंह राजपूत, वहीं बाल कलाकार के रूप में आरव वर्मा, सायेशा नाटेकर और अगस्त्य के साथ एक गड्डी विशेष भूमिका में हैं।

## पाक : जनजातीय संघर्ष में 46 की मौत

इस्लामाबाद । पाकिस्तान में फसल की बुवाई को लेकर दो परिवारों के बीच मामूली विवाद बड़े सांप्रदायिक जनजातीय संघर्ष में बदल गया है। अफगानिस्तान की सीमा से लगे खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत के कुर्रम जनजातीय जिले में आठ दिनों के भीतर कम से कम 46 लोग मारे गए और 80 से अधिक घायल हो गए।

## पर्यटकों के लिए फिर खुला राष्ट्रीय उद्यान

बाक्सा (असम)। विश्व पर्यटन दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन मनाह राष्ट्रीय उद्यान में ‘पर्यटन और शांति’ थीम के साथ किया गया। इसी के साथ इको-टूरिज्म सीजन के लिए मनाह राष्ट्रीय उद्यान को आज फिर से पर्यटकों के लिए असम के पर्यटन मंत्री जयंत मल्लबरूवा और बोडोलैंट टेरिटोरियल काउंसिल (बीटीसी) के सीईएम प्रमोद बोडो ने संयुक्त रूप से खोला।

## रेड्डी ने स्थगित की अपनी तिरुपति यात्रा

नयी दिल्ली। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वाईएसआर कांग्रेस के अध्यक्ष जगन मोहन रेड्डी ने शुक्रवार को तिरुपति की अपनी प्रस्तावित यात्रा को रद्द कर दिया। तेलगु देशम पार्टी के नेताओं ने उन्हें यात्रा से पहले अपनी आस्था को स्पष्ट करने को कहा था।

## सेंसेक्स 264 और निफ्टी 37 अंक गिरा

मुंबई । घरेलू शेयर बाजार में लगातार छह दिन से जारी तेजी पर शुक्रवार को ब्रेक लग गया। बाजार के ज्यादातर सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। सुबह के कारोबार में नए रिकॉर्ड स्तर को छूने के बाद कारोबार की समाप्ति पर सेंसेक्स 264 अंक या 0.31 प्रतिशत गिरकर 85,571 अंक और निफ्टी 37 अंक या 0.14 प्रतिशत गिरकर 26,178 अंक पर बंद हुआ। बाजार में सबसे ज्यादा दबाव बैंकिंग शेयरों पर रहा।

## कांग्रेस ने 13 बागियों को निष्कासित किया

चंडीगढ़। हरियाणा कांग्रेस ने शुक्रवार को पार्टी से बगावत कर विधानसभा चुनाव लड़ रहे 13 बागियों को पार्टी से निष्कासित कर दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदय भान के अनुसार अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ रहे बागियों को छह साल के लिये पार्टी से निष्कासित किया गया है। उनमें नरेश ढांडे , प्रदीप गिल , सज्जन सिंह ढुल और सुनीता बत्तन , राजीव गोंदर और दयाल सिंह सिरोही (नीलोखेड़ी सुरक्षित), विजय जैन (पानीपत ग्रामीण), दिलबाग संदिल , अजित फोगाट , अभिजीत सिंह , सतबीर रतेरा, नीतू मान और अनीता ढुल बदसिकरी (कलायत) शामिल हैं।